चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 261, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शुक्रवार 20 अक्तूबर 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

यूपी में दौड़ रहा विकास का पहिया: योगी

'2023 तक मिलेगा पट्टे की जमीन का मालिकाना हक'

सीएम योगी ने अलीगढ़ को दी सौगात, 497 करोड़ की 208 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण/शिलान्यास, सीएम बोले, हमारी सरकार ने साहूकारों के कर्ज से पटरी व्यवसायियों को दिलायी मुक्ति

अलीगढ़/लखनऊ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश पिछले साढ़े नौ वर्षों में परिवर्तन और विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है। इससे जहां नए भारत का दर्शन हो रहा है वहीं जाति, मत, मजहब, क्षेत्र, भाषा के आधार पर नहीं बल्कि सबका साथ और सबके विकास की भावना के अनुरूप समाज के प्रत्येक तबके को सम्मानजनक ढंग से आगे बढ़ाने का अवसर मिल रहा है। हम तो उस विचार परिवार के कार्यकर्ता हैं, जिस विचार परिवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने संजीवनी प्रदान की। उन्होंने कहा था कि आर्थिक विकास का पैमाना ऊंची सीढ़ी पर बैठे हुए व्यक्ति की आर्थिक उन्नति से नहीं बल्कि समाज में सबसे नीचे पायदान पर बैठे व्यक्ति की प्रगति के आधार पर किया जाना चाहिए। इसे ही आगे बढ़ाने का काम लगातार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर रहे हैं। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को अलीगढ़ के नुमाइश मैदान में आयोजित अनुसूचित जाति/जनजाति सम्मेलन में कही। इस दौरान उन्होंने अलीगढ़ को 497 करोड़ की 208 विकास परियोजनाओं के लोकार्पण/शिलान्यास की सौगात दी। साथ ही विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए।

भगवान वाल्मीकि की जयंती पर हर मंदिर में कराया जा रहा अखंड रामायण का पाठः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्ष 2017 के पहले अनुसूचित जाति और जनजाति से जुड़े लोगों के सामने पहचान का संकट खड़ा होता था, लेकिन आज वह पहचान के मोहताज नहीं हैं। बाबा साहब भीमराव आंबेडर ने जिस समरस समाज की स्थापना का सपना देखा था उसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार पूरे देश में साकार कर रही है। एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना उसी की साक्षात अनुभूति है। इसी के तहत अयोध्या में भगवान श्री राम के भव्य मंदिर का निर्माण कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है। वहीं बाबा विश्वनाथ धाम में बड़ा बदलाव हुआ है। लालपुर में महर्षि वाल्मीकि की पावन जन्मस्थली का पुनरोद्धार हो रहा है। इसके साथ ही संत रविदास की पावन जन्मस्थली में भी व्यापक सुंदरीकरण का कार्य केंद्र और राज्य सरकार मिलकर कर रही है। सरकार की ओर से भगवान वाल्मीकि की जयंती पर हर मंदिर में अखंड रामायण का पाठ कराया जा रहा है, जिससे समाज को जोड़ने का काम किया जा रहा है। सीएम ने कहा कि पहले पर्व और त्योहारों को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने से रोका जाता था, लेकिन आज डबल इंजन की सरकार ने सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की है। इतना ही नहीं शासन की योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने का कार्य भी प्रभावी ढंग से किया जा रहा है। तकनीक का प्रयोग करते हुए भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के लिए डीबीटी के माध्यम से धनराशि को लाभार्थी के खातों में पहुंचाया जा रहा है। वहीं सही लाभार्थी तक राशन पहुंने के लिए ई पॉस मशीन का उपयोग किया जा रहा है।

एक करोड़ 91 लाख बच्चों को फ्री में दी जा रही यूनिफॉर्म

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश के गरीब और वंचितों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए पीएम विश्वकर्मा, विश्वकर्मा श्रम सम्मान, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह, कन्या सुमंगला, कृषक दुर्घटना बीमा योजना जैसी दर्जनों योजनाएं चलाई जा रही हैं। पहले समाज के कई निचले तबको के लिए शासन के पास कोई योजना नहीं होती थी, लेकिन आज डबल इंजन की सरकार उनको केंद्र में रखकर योजनाएं बना रही है। प्रदेश के बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में एक करोड़ 91 लाख बच्चों को फ्री में यूनिफॉर्म दी जा रही है। वहीं पौने तीन करोड़ परिवारों को शौचालय, 55 लाख परिवारों को एक-एक आवास, एक लाख से अधिक गांवों में बिजली पहुंचाने का कार्य हुआ, जहां एक करोड़ 56 लाख परिवारों को फ्री में बिजली के कनेक्शन दिये गये हैं। पीएम स्वनिधि योजना के तहत 14 लाख पटरी व्यवसायियों को बैंक से जोड़ा गया है। सरकार ने उन्हे साहूकारों के कर्ज से मुक्त कराने का काम किया गया है।

अनुसूचित जाति/जनजाति से जुड़े लोगों से कोई नहीं छीन सकता है छत

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बाबा साहेब से जुड़े स्थलों को तीर्थ के रूप में विकसित करने का कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया, चाहे मऊ हो, दिल्ली, मुंबई, इंग्लैंड का वह भवन जहां रहकर उन्होंने उच्च शिक्षा हासिल की या नागपुर की दीक्षा भूमि, इन सभी स्थलों को पंच तीर्थ के रूप में विकसित किया गया है। वहीं उत्तर प्रदेश के लखनऊ में डॉ. भीमराव आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र की स्थापना की जा रही है, जहां पर अनुसूचित जाति-जनजाति के नौजवानों को उच्च शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए स्कॉलरशिप की व्यवस्था की जा रही है। साथ ही उच्च अध्ययन करने की व्यवस्था का काम अंतिम दौर में है। उन्होंने कहा कि जहां पर अनुसूचित जाति/जनजाति से जुड़ा हुआ कोई भी व्यक्ति निवास कर रहा है, अगर आरक्षित श्रेणी की वह भूमि नहीं है तो उसको वहीं पर मकान बनाने के लिए उस जमीन का पट्टा उपलब्ध करवाने की कार्रवाई डबल इंजन की सरकार करेगी। वहीं आरक्षित श्रेणी की भूमि होने पर अतिरिक्त भूमि दे करके उनके पुनर्वास की प्रापर व्यवस्था की जाएगी। साथ ही अनुसूचित जाति-जनजाति से जुड़े हुए किसी भी गरीब और वंचित को उजाड़ने का काम प्रशासन नहीं कर पाएगा क्योंकि डबल इंजन की सरकार आपके साथ खड़ी है।

भाजपा ने मोदी की चिट्ठी एमपी के नाम जारी की

भोपाल

मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में एमपी के मन में मोदी और मोदी के मन में एमपी का नारा देने के बाद अब भाजपा ने मोदी की चिट्ठी एमपी के नाम जारी की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्यप्रदेश के नाम एक चिट्ठी लिखकर प्रदेशवासियों से विधानसभा चुनाव में डबल इंजन सरकार के नाम पर समर्थन मांगा है। उन्होंने लिखा है कि मुझ तक अपना समर्थन पहुंचाएं। इस पत्र के माध्यम 2003 के पहले की दिग्विजय सरकार और केंद्र में रही मनमोहन सरकार पर भी पीएम मोदी ने निशाना साधा है। साथ ही मोदी ने शिवराज सरकार में हुए विकास कार्यों का जिक्र भी अपने इस पत्र में किया है। मोदी का ये पत्र जनता को कितना प्रभावित करता है ये तो चुनाव परिणाम बताएगा। लेकिन पीएम की इस भावनात्मक चिट्ठी ने एमपी के चुनावी माहौल को और गरम कर दिया है। दूसरी ओर इससे एक बार फिर ये साबित हो गया है कि भाजपा 2023 का चुनाव सिर्फ मोदी के चेहरे के भरोसे ही लड़ेगी। ये है मोदी का पत्रः मैं जब भी मध्यप्रदेश आता हूं आपके मन में मेरे प्रति इतना प्रेम देखकर मुझे अपार ऊर्जा मिलती है। आज मध्यप्रदेश विकास की राह पर जिस गति से आगे बढ़ रहा है, वह हमारे लिए अत्यंत हर्ष की बात है। पिछले 20 वर्षों में मध्यप्रदेश बीमारू राज्य के अपने अतीत से निकलकर सशक्त समृद्ध और स्वावलंबी बना है। कौन भूल सकता है 2003 से पहले के मध्यप्रदेश को, जहां बिजली, पानी और सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं का अभाव था। पिछले 20 वर्ष से जो भरोसा आपने हम पर दिखाया है, उसके चलते मध्यप्रदेश देश की टॉप 10 अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो चुका है।

गडकरी ने फहराया देश का सबसे ऊंचा तिरंगा

चंडीगढ़

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी गुरुवार को अमृतसर पहुंचे। गडकरी ने आईसीपी अटारी पर देश का सबसे ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस तिरंगे की ऊंचाई 418 फुट है। यह तिरंगा पाकिस्तान तक साफ दिखाई देगा। गडकरी सबसे पहले श्री हरमंदिर साहिब में माथा टेकने पहुंचे। कैबिनेट मंत्री कुलदीप धालीवाल और हरभजन सिंह ईटीओ ने उनका स्वागत किया। सांसद गुरजीत औजला भी मौके पर मौजूद हैं। अमृतसर के डीसी घनशाम थोरी ने बताया कि नितिन गडकरी श्री हरमंदिर साहिब में माथा टेकने के बाद दिल्ली-कटरा एक्सप्रेसवे के कार्यों की समीक्षा करेंगे और इसके बाद वह गांव हर्षा छीना के पास चल रहे नेशनल हाईवे के कार्यों की भी समीक्षा करेंगे।

मैं सीएम पद छोड़ना चाहता हूं पर ये पद मुझे नहीं छोड़ेगा: गहलोत

जयपुर

विधानसभा चुनावों को लेकर राजस्थान के टिकटों की सूची फाइनल करवाने के लिए दिल्ली बैठे सीएम अशोक गहलोत ने गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस कर सियासी हलकों में चल रहे तमाम सवालों के जवाब दिए। प्रदेश में चौथी बार सीएम बनने के सवाल पर गहलोत ने कहा कि मैं सीएम पद छोड़ना चाहता हूं, लेकिन यह पद मुझे नहीं छोड़ रहा है और शायद छोड़ेगा भी नहीं। उन्होंने कहा कि कुछ तो कारण होंगे कि सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी मुझे बार-बार सीएम बना रहे हैं। राजस्थान में उनकी सरकार से बगावत करने वाले सचिन पायलट और उनके विधायकों को टिकट दिए जाने के सवाल पर बोले-अभी सिर्फ जीत क्राइटेरिया है बाकी सब हम भूल चुके हैं। उनके साथ जो गए थे उनके टिकट सब क्लीयर हो रहे हैं। एक टिकट पर भी मैंने ऑब्जेक्शन नहीं किया।

सीएम के खिलाफ कोई आरोप नहीं: प्रदेश में एंटीइनमबेंसी के चलते टिकट काटे जाने के सवाल पर गहलोत ने कहा सीएम के खिलाफ कोई आरोप नहीं है। विधायकों के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप और एंटीइनकमबेंसी भी है, लेकिन टिकट तब कटते हैं, जब वहां विकल्प हों। मैंने एक बात कही कि सरकारें बदलने का भाजपा ने नया मॉडल अपनाया है यह बहुत खतरनाक है। अरुणाचल प्रदेश के सीएम को तो इसके चलते आत्महत्या तक करनी पड़ी।

ईडी के छापों पर बोले- केंद्रीय मंत्री की जांच क्यों नहीं: प्रदेश में आचार संहिता लागू होने के बाद ईडी की कार्रवाई को लेकर भी सीएम अशोक गहलोत ने अपनी नाराजगी जाहिर की।

कांग्रेस बीआरएस की बी टीम: भाजपा

नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राहुल गांधी पर पलटवार करते हुए कांग्रेस को बीआरएस की बी टीम बताया है। गुरुवार को नई दिल्ली में भाजपा कोर ग्रुप की बैठक में भाग लेने पहुंचे तेलंगाना प्रदेश अध्यक्ष और केन्द्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने राहुल गांधी पर पलटवार करते हुए कहा कि उनकी याददाश्त बहुत कमजोर है। इसका कुछ नहीं किया जा सकता। वे अपना इलाज कराएं। उन्होंने कहा कि बीआरएस कांग्रेस की बी टीम है और कांग्रेस बीआरएस की बी टीम है और मजलिस पार्टी इन दोनों के लिए सी टीम है।

इस पर खुली चर्चा कराने की चुनौती देते हुए जी किशन रेड्डी ने कहा कि बीआरएस या कांग्रेस कोई भी दिल्ली प्रेस क्लब या हैदराबाद प्रेस क्लब या कहीं भी इस पर बहस के लिए आ जाएं। कांग्रेस और बीआरएस एक दूसरे की बी टीम हैं। राहुल गांधी को राजनीति के इतिहास और हकीकत को समझना चाहिए, सिर्फ कागज पर जो लिखा है ।

मेघालय में तीनों सेनाओं का संयुक्त युद्धाभ्यास प्रयोग 23

नई दिल्ली: भारतीय सेना दूसरे देशों की सेनाओं के साथ युद्धाभ्यास कर अपने कौशल को निखारने के प्रयास लगातार कर रहती है। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान कई मंचों पर तीनों सेनाओं के संयुक्त युद्धाभ्यास की अहमियत को रेखांकित किया है। सेना की सबसे हालिया गतिविधि के बारे में रक्षा अधिकारी ने कहा कि सेना के तीनों अंग- थल, जल और वायु सेना विभिन्न परिचालन विकल्पों पर विचार-विमर्श कर रहे हैं। तीनों सेवाओं के बीच तालमेल बढ़ाने के लिए मेघालय के शिलांग में पूर्वी वायु कमान में ट्राई-सर्विसेज टेबल टॉप अभ्यास- प्रयोग-23 चल रहा है।

तीनों सेनाओं के अधिकारी रहेंगे मौजूदः रक्षा अधिकारी ने मेघालय में जारी प्रयोग-23 और सीडीएस अनिल चौहान के भावी कार्यक्रम के बारे में बताया, इस अभ्यास में अगले दो दिनों तक चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान के नेतृत्व में तीनों सेनाओं के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

श्रीलंका और भारत की सेनाओं का सहयोग

सेना से जुड़े एक अन्य अहम घटनाक्रम में भारत और श्रीलंका की नौसेना के बीच सैन्य सहयोग बढ़ रहा है।

नौसेना ने एक बयान में कहा, कोलंबो में भारतीय युद्धपोत आईएनएस ऐरावत पर पतवार निरीक्षण और परीक्षण इकाई की स्थापना की पहल की गई है। बयान के अनुसार, श्रीलंकाई नौसेना को भंडार और उपकरण सौंपने का समारोह बुधवार को आयोजित किया गया।

'सेना को अनिश्चितताओं के लिए हमेशा रहना चाहिए तैयार'

नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारतीय सेना की सराहना करते हुए कहा कि युद्ध की तैयारी एक सतत प्रक्रिया होनी चाहिए। सेना के शीर्ष कमांडरों को संबोधित करते हुए सिंह ने पूर्वी लद्दाख की स्थितियों का जिक्र किया। इसके साथ ही किसी भी आकस्मिक स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए सेना पर पूरा विश्वास जताया।

रक्षा मंत्री ने सीमा सड़क संगठन की सराहना कीः सिंह ने कहा कि विवाद के शांतिपूर्ण समाधान के लिए दोनों पक्षों के बीच वार्ता सभी स्तरों पर जारी रहेगी। रक्षा मंत्री ने सीमा सड़क संगठन के प्रयासों की सराहना की। कहा कि कठिन परिस्थितियों में काम करते हुए पश्चिमी और उत्तरी दोनों सीमाओं पर सड़क नेटवर्क में अतुलनीय सुधार किया गया है। उन्होंने सेना के शीर्ष अधिकारियों का आह्वान किया कि अप्रत्याशित स्थितियों के अनुरूप योजना तैयार करें, रणनीति बनाएं और इससे निपटने की तैयारी करें। उन्होंने कहा कि कठिन वैश्विक परिस्थितियां वैश्विक स्तर पर सभी को प्रभावित करती हैं। गैर परंपरागत युद्ध, भविष्य के पारंपरिक युद्धों का हिस्सा होगा। दुनिया के विभिन्न क्षेत्रों में हो रहे संघर्षों में यह स्पष्ट रूप से प्रदर्शित हो रहा है। दिल्ली में सोमवार से शुरू हुए पांच दिवसीय सैन्य कमांडर सम्मेलन में चीन के साथ लगी सीमाओं समेत अन्य मोर्चों पर संभावित राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों पर विचार करते हुए सेना की समग्र क्षमताओं को मजबूत करने पर बातचीत हो रही है।

राष्ट्र को अपनी सेना पर गर्वः रक्षा मंत्री ने कहा कि आत्मनिर्भरता के माध्यम से हर जवान के लिए शस्त्रों का आधुनिकीकरण सरकार का मुख्य उद्देश्य है।

कौशल विकास घोटाले में चंद्रबाबू को नहीं मिली राहत

अमरावती

कौशल विकास घोटाले में आंध्र प्रदेश के पूर्व सीएम चंद्रबाबू नायडू को राहत नहीं मिली है। विजयवाड़ा की एसीबी अदालत ने चंद्रबाबू नायडू की रिमांड 1 नवंबर तक बढ़ा दी है। इससे पहले मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने चंद्रबाबू नायडू को कौशल विकास घोटाले में अंतरिम जमानत देने के फैसले को सुरक्षित रख लिया।

चंद्रबाबू नायडू की पत्नी निकालेंगी यात्रा

वहीं जेल में बंद पूर्व सीएम चंद्रबाबू नायडू की पत्नी भुवनेश्वरी अपने पति के लिए समर्थन जुटाने के लिए 'निजाम गेलावली' (सच्चाई की जीत होगी) यात्रा निकालेंगी। इस दौरान वह उन परिवारों से भी मिलेंगी, जिनके परिजनों की मौत कथित तौर पर चंद्रबाबू नायडू के जेल जाने की खबर सुनने के बाद लगे सदमे से हुई थी। इस यात्रा में भुवनेश्वरी हफ्ते में कम से कम दो से तीन जगहों का दौरा करेंगी।

खबर संक्षेप

नोटरी आयुक्त विहीन तहसील कोरांव

कोरांव। तहसील कोरांव मे पूर्व में नोटरी का कार्य कर रहे एक वकील ने नोटरी करना बंद कर दिया है जिससे अधिवक्ताओ समेत फरियादियों व बैंक वालो को बाहर अन्य तहसीलो में जाकर नोटरी कराना पड़ रहा है। बता दे कि तहसील कोरांव मे लगभग 15 वर्ष से नोटरी का कार्य देख रहे नोटरी आयुक्त दिनेश सिंह की कुछ दिन पूर्व शिकायत हुई थी जिसकी खबर समाचार पत्रों में प्रकाशित होने के बाद उन्होंने नोटरी का कार्य करना बंद कर दिया है जिससे अधिवक्ताओं और आम जनमानस के अलावा बैंक कर्मी अन्य तहसील मे दूरी का सफर तय नोटरी कराने जा रहे है । उन्हें भारी मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है, बार एशोसिएशन तहसील कोरांव के अध्यक्ष अरुण कुमार तिवारी मंत्री विंध्यवासिनी प्रसाद शुक्ला के अलावा अन्य अधिवक्ताओ ने जिलाधिकारी का ध्यान इस प्रकरण की ओर आकृष्ट कराते हुए तहसील कोरांव मे अविलंब नोटरी आयुक्त की नियुक्ति किये जाने की माँग की है।

भारतगंज में गरिमा अस्पताल व मेजा में 2 पैथालोजी को किया सीज, बीएल अस्पताल को मिला नोटिस

अखंड भारत संदेश

मेजा। बुधवार को भारतगंज का एक निजी अस्पताल और मेजा के 2 पैथोलोजी सीज तथा एक निजी अस्पताल को मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर आशू पांडेय द्वारा सीज कर दिया गया। मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि मीडिया में प्रकाशित खबर को संज्ञान लेते हुए गरिमा हॉस्पिटल में एक महिला की मौत हो जाने पर एक टीम का गठन करते हुए प्रकरण की स्थलीय निरीक्षण कर जॉच किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। गठित टीम द्वारा गरिमा हॉस्पिटल का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में यह पाया गया कि श्रीमती रंगीता देवी पत्नी विधि नारायण ग्राम नेवढ़िया, कोरांव, प्रयागराज को पेट में पथरी होने पर आपरेशन के लिए गरिमा हॉस्पिटल लाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त हॉस्पिटल द्वारा किसी दूसरे अस्पताल में मरीज का आपरेशन कराकर अपने हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। कुछ जटिलता होने के कारण उक्त महिला की मौत हो गयी। जिसको संज्ञान में लेते हुए गठित जाँच समिति द्वारा उक्त हॉस्पिटल को सील कर दिया गया। तत्पश्चात टीम द्वारा कृष्णा पैथालाजी एवं महक पैथालाजी मेजा का भी निरीक्षण किया गया। उक्त पैथालाजी में कोई योग्य चिकित्सक / पैथालाजिस्ट न होने तथा अपंजीकृत होने के कारण उक्त पैथालाजी केन्द्रों को भी सील कर दिया गया। पुनः टीम द्वारा बी०एल० मेमोरियल हॉस्पिटल मेजा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय उक्त चिकित्सालय में मरीज तो काफी संख्या में भर्ती मिले किन्तु कोई योग्य चिकित्सक उपलब्ध नहीं थे। जिसपर अस्पताल संचालक को नोटिस निर्गत करते हुए 3 दिन के अन्दर स्पष्टीकरण देने हेतु निर्देशित किया गया। बता दें कि इस तरह से क्षेत्र में दर्जनों निजी अस्पताल मरीजों के साथ खिलवाड़ करते आ रहे हैं।जब मामला हाई हो जाता है।उसके बाद अधिकारी संज्ञान में लेते हैं,जिसके कारण तमाम गरीब जनता की आवाज दब कर रह जाती है और उन्हें न्याय नहीं मिल पाता है। जबकि स्थानीय अधीक्षक को सारी जानकारी रहती है,लेकिन कमाऊ नीति के चलते मामला ऐसे ही चलता रहता है।क्षेत्र में इन दिनों पैथोलीजी सेंटर की भरमार हो गई है,जिसमें तमाम सेंटर अवैध रूप से संचालित किए जा रहे हैं।इस कार्रवाई से कई सेंटर बंद कर दिए गए हैं।फिलहाल सीएमओ की कार्रवाई से अवैध रूप से संचालितअस्पताल व पैथोलॉजी संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है।

मीडिया में प्रकाशित खबर को संज्ञान में लेते हुए गरिमा हॉस्पिटल में एक महिला की मौत हो जाने पर एक टीम का गठन करते हुए प्रकरण की स्थलीय निरीक्षण कर जॉच किये जाने हेतु निर्देशित किया गया : सीएमओ

भाई की सगाई में मिलें ढाई लाख नगदी व घर की महिलाओं के पांच लाख के आभूषण पर- चोरों ने हाथ साफ किया

करछना थाना के इस खजुरी गांव में महिने भर में कई चोरी की घटनाओं से लोगों में भय - पुलिस के प्रति लोगों में आक्रोश

करछना। करछना थाना क्षेत्र के खजुरी गांव में बुधवार रात एक सगाई वाले घर में अज्ञात चोरों ने दरवाजे की कुंडी काट कर अंदर घुस कर घर के अंदर बाक्स और अलमारी का ताला तोड कर लगभग ढ़ाई लाख नगदी समेत लगभग पांच लाख से ज्यादा के सोने चांदी के आभूषण पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया, पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है, थाने में दर्ज कराई गई तहरीर के आधार पर भुक्तभोगी विनोद कुमार कुशवाह पुत्र मानिक चंद कुशवाहा के छोटे भाई अरविंद कुशवाहा की 17 अक्टूबर को सगाई हुई थी जिसमें 2.50 लाख रुपए नगदी सगाई में मिलें थे जो घर के संदूक में रक्खा था 19 अक्टूबर की रात चोरों ने रात सब परिजन सो रहे थे मध्य रात्रि चोरों ने दरवाजे का कुंडी काट कर अंदर घुस गये और बाक्स में रक्खे ढाई लाख सगाई का नगद और घर की महिलाओं का लगभग पांच लाख रुपए का आभूषण पर चोरों ने हाथ साफ कर चंपत हो गये सुबह जानकारी होने पर डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच कर साक्ष्य जुटाने में लग गई वहीं पीड़ित ने करछना थाने में लिखित शिकायत अज्ञात चोरों के खिलाफ दर्ज कराई है।

न्यूज झरोखा

माता-पिता की सेवा व प्रेम के साथ समाज में रहने की प्रेरणा ही धर्म का मूल है : हरिप्रपन्नाचार्य महाराज

प्रतापपुर। संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन कथा स्थल तिवारीपुर भूपट्टी, विठौली गांव में कथा व्यास स्वामी हरि प्रपन्नाचार्य महाराज ने भक्त प्रहलाद प्रसंग सुनाया। महाराज ने कहा कि भक्त प्रहलाद ने माता कयाधु के गर्भ में ही नारायण नाम का मंत्र सुना था जिसके सुनने मात्र से भक्त प्रहलाद के कई कष्ट दूर हो गए थे उन्होंने कहा कि बच्चों को धर्म का ज्ञान बचपन में दिया जाता है वह जीवन भर उसका ही स्मरण करता है ऐसे में बच्चों को धर्म व आध्यात्म का ज्ञान दिया जाना चाहिए।माता-पिता की सेवा व प्रेम के साथ समाज में रहने की प्रेरणा ही धर्म का मूल है। अच्छे संस्कारों के कारण ही ध्रुव जी को पांच वर्ष की आयु में भगवान का दर्शन प्राप्त हुआ। इसके साथ ही उन्हें 36 हजार वर्ष तक राज्य भोगने का वरदान प्राप्त हुआ था ऐसी कई मिसालें हैं जिससे सीख लेने की जरूरत है। इस अवसर पर मुख्य यजमान बाबुलनाथ तिवारी, सावित्री तिवारी, राजेश तिवारी, मंजू तिवारी, प्रमोद तिवारी, संगीता तिवारी, दिलीप तिवारी, आनंद तिवारी, विवेक तिवारी, उत्तम तिवारी, प्रतीक तिवारी, अमित तिवारी, आर्यन तिवारी, आदित्य तिवारी, कार्तिक तिवारी, हर्षित तिवारी सहित तमाम लोगों ने श्रीमद्भागवत कथा पुराण का श्रवण किया।

राजकीय पशु चिकित्सालय भवन खंडहर में तब्दील

सिरसा। मेजा क्षेत्र के विकास खंड उरुवा के लोहारी,उपरौड़ा में बना राजकीय पशु चिकित्सालय भवन खंडहर में तब्दील हो गया है। वर्षों से अस्पताल जर्जर हो चुका है लेकिन उसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है जिसके चलते ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने कार्यालय में तैनात डॉक्टर सत्य प्रकाश व गांधी यादव पर लापरवाही का आरोप लगाया है। आरोप है कि प्राइवेट अस्पतालों से जुड़े डाक्टरों को क्षेत्र में लगाकर मोटी रकम वसूली करते हैं और चिकित्सा कार्यालय पर कभी नहीं आते हैं तथा सरकार की तरफ से चिकित्सालय पर आई हुई पशुओं की दवाइयो को भी बेच देने का आरोप लगाया है। तस्वीरों में साफ-साफ दिखाई दे रहा है कि राजकीय पशु चिकित्सा कार्यालय जर्जर व खंडहर में तब्दील हो चुका है लेकिन जिम्मेदार लोग बेखबर हैं। जिसके चलते ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

नैनी पीएसी कॉलोनी रामलीला में एसपीओ टीम रही मुस्तैद

नैनी। नैनी पीएसी कॉलोनी में सार्वजनिक रामलीला कमेटी की ओर से रामलीला का मंचन किया जा रहा है। रामलीला देखने के लिए स्थानीय लोगों की भीड़ भी काफी संख्या में जुट रही है। वहीं शांति सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर रखते हुए स्थानीय पुलिस के साथ एसपीओ टीम भी निरन्तर सेवा में जुटी हुई है। एसपीओ प्रभारी अभय राज सिंह ने कहा कि नैनी में नवरात्र का महीना चल रहा है एवं दशहरा रामलीला को देखते हुए प्रशासन के साथ एसपीओ टीम को भी हर जगह तैनात किया गया है दुर्गा पूजा पंडाल से लेकर रामलीला के क्षेत्र में टीम अपनी सेवा निरंतर देने में लगी हुई है।इस दौरान एसपीओ प्रभारी अभय राज सिंह उप प्रभारी परवेज अहमद जनसंपर्क अधिकारी शेख लियाकत अली संगठन सचिव रविंद्र सिंह थाना कमेटी प्रभारी रवि मिश्रा मीडिया प्रभारी विरेंद्र पटेल राम जी जायसवाल एकरामुलला समीर खान अरविन्द कुमार सुरेंद्र गुप्ता प्रदीप कुमार सैय्यद रहमान राम जी संजीव वर्मा सुशील शर्मा राकेश सोनकर वसीम खान आदि सदस्यगण मौजूद रहे।

मानस कैफे रेस्टोरेंट का हुआ शुभारंभ

अखंड भारत संदेश

मेजा। मेजा के समहन टिकुरी स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग पर गुरुवार को मानस पेट्रोलियम के बगल मानस कैफे रेस्टोरेंट का भव्य शुभारंभ किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन जगद्गुरु रामानुजाचार्य प्रयाग पीठाधीश्वर स्वामी श्रीधराचार्य महाराज आलोपी बाग ने किया। इस संबंध में कैफे के संस्थापक पंडित नित्यानंद उपाध्याय ने बताया कि हमारी प्राथमिकता मेजा में अपने लोगों को बड़े शहरों के व्यंजन का स्वाद और सेवा देना है। रेस्टोरेंट में बड़े शहरों की तर्ज पर सभी प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराई गई हैं। श्रीउपाध्याय ने बताया कि हमने विशेष रूप से पारिवारिक कार्यक्रमों को ध्यान में रखते हुए इसका शुभारंभ किया है ताकि ग्राहकों को उचित दाम में अच्छी व्यवस्था मिल सके। शुभारंभ के मौके पर विजयानंद उपाध्याय, सिद्धांत तिवारी, पप्पू उपाध्याय, राजीव मणिनाथ तिवारी, विकास तिवारी, धीरज दुबे, आशीष उपाध्याय, मनीष उपाध्याय, शमि शुक्ला, अतुल उपाध्याय , राहुल श्रीवास्तव सहित आदि लोग मौजूद रहे।

सांसद भदोही ने किया टैबलेट वितरण

प्रयागराज। शासन के मंशा के अनुरूप परिषदीय विद्यालयो के अध्यापकों को शासन की तरफ से प्रत्येक प्राथमिक और कंपोजिट विद्यालयों के प्रधानाध्यपको व वरिष्ठ अधयापकों को एक-एक टैबलेट विद्यालय में संचालित हो रहे शासन के समस्त महत्वाकांक्षी योजनाओं के क्रियान्वन के लिए दिया जा रहा है ब्लॉक धनूपुर में टैबलेट का वितरण मुख्य अतिथि डॉक्टर रमेश चंद्र बिंद सांसद भदोही के द्वारा वितरित किया गया ।कार्यक्रम खंड शिक्षा अधिकारी धनूपुर डॉक्टर प्रभाशंकर पांडेय की अध्यक्षता में संचालित किया गया।कार्यक्रम के बाद शिक्षक संघ के पदाधिकारी ने सांसद डॉ रमेश चंद्र को अवगत कराया के विकासखंड धनूपुर में माह सितंबर और अक्टूबर में एमडीएम में कम उपस्थिति के कारण कुल 59 विद्यालयों के समस्त स्टाफ का वेतन अवरुद्ध कर दिया गया है। इस संबंध में सांसद ने डीएम व बीएसए प्रयागराज से टेलिफोनिक वार्ता किया तथा उनके समस्याओं से अवगत कराया उन्होंने अनुरोध किया कि उपरोक्त जनपद के सभी विद्यालयों का अवरुद्ध वेतन अवमुक्त कर दिया जाए इस पर बीएसए ने अवगत कराया की सभी का वेतन अवमुक्त कर दिया जाएगा। कार्यक्रम में हरिश्चंद्र, उमाशंकर यादव, ओमप्रकाश बिंद, शिक्षक नेता अफरोज अहमद, शैलेंद्र उपाध्याय, कमल गुप्ता, मोहम्मद सलीम तथा सैकड़ो शिक्षक व शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

वित्तविहीन शिक्षकों के लिए हमेशा समर्पित रहूंगा : डॉ. बाबूलाल तिवारी

मेजा। शिक्षक विधायक डॉ. बाबूलाल तिवारी प्रयागराज के जमुनापार करछना विधानसभा में क्षेत्र के दर्जनो विद्यालय में पहुंचकर शिक्षकों से मुलाकात किया। क्षेत्र के सभी स्कूल के शिक्षकों द्वारा शिक्षक विधायक डॉ. बाबूलाल तिवारी जोरदार स्वागत किया गया। स्वागत के दौरान श्री तिवारी ने कहा कि शिक्षकों लिए हमेशा समर्पित हूं। शिक्षकों की आवाज को मै सदन के अन्दर और सदन के बाहर करता रहता हूं हमेशा संघर्ष किया हूं और संघर्ष करता रहूंगा वित्तविहीन शिक्षकों के लिए शिक्षक सम्मान निधि दिलवाने की बात कही। वही भाजपा नेता आचार्य हरे कृष्णा शुक्ला जी ने कहां की वित्तविहीन शिक्षकों की दशा और दिशा के लिए सरकार को कुछ ना कुछ जरूर करना चाहिए, शिक्षा का 80% भार वित्तविहीन शिक्षक उठा रहे हैं, इसलिए वित्त विहीन शिक्षकों के लिए भी सरकार को जरूर कुछ न कुछ सोचना चाहिए । सम्मान समारोह कार्यक्रम में मलयज शर्मा , अनिल मिश्रा , पंकज तिवारी (विधायक प्रतिनिधि), विश्वनाथ प्रताप सिंह , विभूति नारायण सिंह , अरुण द्विवेदी , नरेंद्र तिवारी,कीर्ति प्रकाश द्विवेदी , जितेंद्र प्रताप सिंह जी, मनीष तिवारी , गांधी पांडे, विष्णु मिश्रा, मुकेश पटेल, विकास सिंह, दयाशंकर तिवारी, लक्ष्मण त्रिपाठी, संतोष पांडे, कृष्ण प्रकाश तिवारी, विजय कुमार मिश्रा पूर्व ब्लाक प्रमुख, त्रिवेणी प्रसाद पांडे जी भाजपा जिला उपाध्यक्ष, जगत पांडे, दिनेश शुक्ला ,पी,पी सिंह, लक्ष्मी नारायण पाल, बृजेश भूर्तिया, आदि लोग उपस्थित रहे।

खानपुर डांडी में नवरात्रि के पांचवें दिन स्कंदमाता स्वरूप का पूजन अर्चन हुआ

प्रतापपुर। नव युवा दुर्गा पूजा समिति खानपुर डांडी पटेल नगर, उग्रसेनपुर दुर्गा पूजा पंडाल में नवरात्रि के पांचवें दिन मां स्कंदमाता की विधि विधान से पूजा अर्चना भक्तों द्वारा किया गया।नवरात्रि का पांचवां दिन स्कंदमाता की उपासना का दिन होता है मोक्ष के द्वार खोलने वाली माता परम सुखदायी हैं। माँ अपने भक्तों की समस्त इच्छाओं की पूर्ति करती हैं।समिति के कलाकारों द्वारा धार्मिक झांकियां, देशभक्ति झांकियां निकाली गई पूरे पंडाल में सीसीटीवी कैमरा से विशेष सुरक्षा व्यवस्था पर निगरानी रखी जा रही है।इस अवसर पर अनिल कुमार, ओंकारनाथ, शैलेंद्र, प्रकाश, उदय, अस्मित, राजेश, विक्रम, सावन, अभिषेक, केदारनाथ, अमित, सत्यम, देवी प्रसाद, पप्पू, संजय, आदि भक्त मौजूद रहे।

पांचवें दिन मां स्कन्द माता की पूजा अर्चना करते भक्तगण

मांडा। शारदीय नवरात्र के पांचवें दिन देवी स्कंदमाता की आराधना की गई। मांडा खास मंदीर में श्रद्धालुओं की सुबह चार बजे से ही लाइन लगनी शुरू हो गई थी। श्रद्धालुओं ने सुबह सवेरे पहुंच कर मां की पूजा अर्चना की और मन्नत मांगी। श्रद्धालुओं ने उपवास रखे। शाम को मंदिर में आरती की गई। गुरुवार को नवरात्रों के पांचवें दिन भी मंदिरों व पंडालों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। जिसमें महिलाओं व बच्चों की संख्या अधिक रही। श्रद्धालुओं ने सवेरे ही मंदिर व पंडालों में पहुंचकर भारी संख्या में मां स्कंदमाता की पूजा व अर्चना किया।

मां भगवती की भक्ति भाव से की जा रही है पूजा अर्चना

जारी। सबसे बड़े पर्व शारदीय नवरात्रि में मां भगवती के नौ स्वरूपों की पूजा की जाती है. मंदिर से लेकर पूजा पंडाल और घर-घर कलश स्थापना के साथ-साथ अखंड ज्योति नव दिन जलाकर मां भगवती का आराधना करने में भक्तगण जुटे हुए हैं। जारी क्षेत्र के प्राचीन काली कालीचौरा कमेटी मंदिर एवं जारी बाजार के कई स्थानों पर दुर्गा प्रतिमाएं स्थापित कर पूजा आराधना की जा रही है। जारी कस्बे के बड़े हनुमान जी के मंदिर में महिलाएं पूजा आरती के बाद कीर्तन भजन गीत गा रही हैं माता के जयकारे लगा रही है। इस अवसर पर आचार्य मुकेश शुक्ला ,कृपा नाथ तिवारी, शैलेंद्र गुप्ता, विकास कुमार गुप्ता, नीरज श्रीवास्तव शरद गुप्ता ,शोभित अग्रहरी , जितेंद्र वर्मा, नितेश गुप्ता, अवधेश अग्रहरी, शोभा रंजीत गुप्ता मोदनवाल ग्राम प्रधान ,गुलाब देवी, गीत देवी, माया देवी, आदि महिलाएं सहित मंदिर परिसर में भक्तगढ़ उपस्थित रहे।

किसान के बेटे राहुल का नम आंखों से हुआ दाहसंस्कार

मांडा। बुधवार को मांडा खास(डेरापर) निवासी विश्वनाथ सोनकर विगत वर्षों से मांडा राजा की भूमि लगान पर लेकर जीविकोपार्जन करता था कि अचानक बेटा राहुल सोनकर (35) खेत के पास लगा ट्रांसफार्मर खंभे के पास बिजली करंट की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। पिता के तहरीर पर मांडा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए शहर भेज दिया गया। वही गुरूवार को पोस्टमार्टम के बाद राहुल का शव घर पर पहुंचा तो कोहराम मच गया। परिजनों ने महेवा गंगा घाट पर ले जाकर दाहसंस्कार किया।उपस्थित लोगों ने शोक जताते हुए ईश्वर से अपने श्री चरणों में स्थान प्रदान करने की प्राथार्ना की।

शाही अंदाज में निकला मऊआइमा का राम बारात, रामबाग में हुआ स्वागत

मऊआइमा। मऊआइमा कस्बे का ऐतिहासिक राम बारात नगर पंचायत मऊआइमा से निकल कर रामबाग गया जहां राम बारात का भव्य स्वागत हुआ। मऊआइमा कस्बे का ऐतिहासिक रामलीला कमेटी के मीडिया प्रभारी सभासद रविसाहू ने बताया कि नगर पंचायत मऊआइमा क्षेत्र के सदरबाजार, चुनौंटा कुआं होते हुए रामबारात, गांजियाबाजार पहुंचा जहां जुलूस भव्य शाही अंदाज में जनसैलाब के साथ रास्ते में राम बारात का जगह जगह भक्तों ने स्वागत किया। रामबाग पहुंचने पर भगवान राम की आरती उतारी गयी । जहां रामबाग मंच पर चारों भगवान राम सहित चारों भाईयों का विवाह हुआ।इस अवसर पर ग्राम प्रधान रामतीरथ, रामलीला समिति के संरक्षक कृष्ण लाल,मनोज साहू,शारदा प्रसाद मौर्या, अध्यक्ष सचिन साहू, महामंत्री मुदित खत्री, अशोक साहू,मेला नियंत्रण बनारसी साहू,मेला प्रबंधक संजय साहू, नन्दलाल मौर्या, एडवोकेट दिवेंद्र त्रिपाठी, तारकेश्वर कुशवाहा,सभासद रविसाहू आदि मौजूद रहे।

श्री राम जन्म की लीला देख भाव विभोर हुए दर्शक

अखंड भारत संदेश

मेजा। भारतीय स्टेट बैंक कैंपस में न्यू व्यापार मंडल द्वारा आयोजित नव दुर्गा पूजा समारोह के दौरान मुख्य कलाकारों द्वारा लघु रामलीला का मंचन बीती रात से आरंभ हुआ,जिसमें श्री रामजन्म की लीला का मनमोहक दृश्य प्रस्तुत किया गया।प्रथम दृश्य में राजा दशरथ के संतान न होने के कारण अपने कुलगुरु वशिष्ठ जी के पास जाना, वशिष्ठ जी द्वारा श्रृंगी ऋषि द्वारा शुभ पुत्र कामेष्ठि यज्ञ करवाना। यज्ञ कुंड से अग्नि देवता का प्रकट होकर खीर प्रदान करना। राजा दशरथ द्वारा तीनों रानियों कौशल्या, कैकई और सुमित्रा को खीर प्रदान करना और खीर खाकर तीनों रानियों का गर्भवती होने की लीला हुई। भगवान राम के साथ तीनों भाईयों के जन्म लेते ही राजा दशरथ और रानी कौशल्या बड़े ही उत्साहित थे। अवध में चारों ओर बधाई गान गाए गए। मुख्य अतिथि मनीष गुप्ता और उनकी धर्म पत्नी को पटका ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। भगवान विष्णु के अभिनय में मानस केशरी, कौशिल्या अंकिता गौड़,कैकेई वंसिका सागर और सुमित्रा अरीना गौड़ और दासी के अभिनय में शिवानी केशरी रहीं।मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान राम शुभमन ,लक्ष्मण खुशी,भरत श्रेयांस और शत्रुघ्न के रोल में श्रेया द्वारा बाल लीला का मंचन देख दर्शक मंत्र मुग्ध हो गए।व्यास की भूमिका में शुभम शुक्ला और ढोलक भोला ने संगत दी। इस दौरान उभरते युवा गायक कलाकार शुभम और दीपक गौड़ के गानों पर दर्शक झूम उठे। लघु रामलीला पत्रकार हरिश्चंद्र त्रिपाठी के मार्गदर्शन और न्यू व्यापार मंडल के सहयोग से 5 दिन तक चलेगी। इस अवसर पर आयोजक मंडल में पंकज मोदनवाल, सक्षम श्रीवास्तव, मुकेश मोदनवाल, पाली केशरी, शनि गुप्ता, हिमांशु मोदनवाल, अजय यादव और उमेश कुमार प्रजापति सहित सैकड़ों पुरुष व महिलाएं उपस्थित रहे।

पुलिस राजस्व टीम द्वारा खाली कराई गई ग्राम समाज भूमि में लहलहा रही धान की फसल

कोरांव। सरकार शासन और प्रशासन तथा हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद एवं भूमि प्रबंधक समिति के कार्यवाही पत्राचार के बाद भी ग्राम समाज की जमीनों पर अवैध कब्जे नहीं हट रहे जिससे राज्य की सरकारी संपत्तियों का दोहन हो रहा है। गांव के गरीब भूमि के अभाव में मारे मारे फिर रहे लेकिन भू माफिया लोग ग्राम समाज की करोड़ों की जमीनों पर राजस्व कर्मियों की मेहरबानी या लापरवाही के बदौलत खेती कर और अवैध कब्जा निर्माण कर अनुचित लाभ उठा रहे है और भूमिहीनों को भूमि के आवंटन नहीं दिए जा रहे जिससे गांव के गरीबों में असंतोष के साथ साथ आक्रोश भी देखा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि कोरांव तहसील का कोई ऐसा ग्राम नहीं हैं जहा नवीन परती,बंजर,नदी,नाला,खलिहान,चकमार्ग आदि सार्वजनिक स्थल पर सरहंगो का अवैध कब्जा न हो। और सीमांकन पैमाईस के बावजूद पुनः ऐसी जमीनों पर जबरजसती कब्जा कर खेती न की जा रही हो। हालांकि प्रदेश के उप मुख्य मंत्री से ले कर सासन और हाईकोर्ट तक ने राजस्व विभाग को हिदायतें दी है कि ग्राम समाज की जमीनों को खाली कराकर अवैध कब्जा मुक्त कराया जाय। उदाहरण के तौर पर तहसील कोरांव के ग्राम सभा अलहवा में पचासों बीघा ग्राम समाज की भूमि नदी,नाला,बंजर,नवीन परती आदि की जमीनों पर ग्राम के सरहंगों में अवैध रूप से कृषि योग्य भूमि होने के कारण जोत बो कर धान गेहूं अरहर आदि की फसल से माला माला हो रहे हैं। और ग्राम समाज के ही निरा भूमि हीन और गरीब मजदूर पट्टे न पा कर सरकारी जमीनों पर परिजनों के आशियाने बना बना कर गुजारा कर रहे हैं। किंतु सामंत वादी मानसिकता के लोग उक्त जमीनों को राजस्व विभाग के चेतावनी के बावजूद न तो पट्टा करने दे रहे और न ही कब्जा छोड़ रहे जिससे सरकार की मंशा का उल्लंघन हो रहा है। ग्राम पंचायत अल्हवा में चकमार्ग,सरकारी जमीनों को प्रधान ने सीमांकन कराकर खाली कराया किंतु सरहंगों ने फिर से जमीन कब्जा कर फसल उगा ली। प्रधान ने एसडीएम, तहसीलदार आदि को लिखित

शिकायत कियां किंतु भू अतिचारियों को कोई बोलने वाला नहीं। जिससे किसी भी छड़ भूमि विवाद की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। क्योंकि भू माफिया कब्जा खाली कराने वाले ग्राम प्रधान के ही पीछे पड़ गए हैं,जान मरवाने तक का चंदा एकत्रित करा रहे हैं। और लोकल रिश्तेदार लेखपालों से मदद ले कर न तो कब्जे खाली करा रहे न ही गरीबों को पट्टे करने दे रहे हैं। जबकि डीएम सहित कई अधिकारी अल्हवा में ग्राम समाज की भूमि खाली कराने गरीबों को आवंटन किए जाने का पत्र व्यवहार किया है फिर भी राजस्व का कोई अफसर हरकत में नहीं आ रहे। न ही राजस्व कर्मी भू अतिचारियों के दबाव प्रभाव में आ कर कोई कार्यवाही ही कर रहे हैं। इस संबंध में ग्राम प्रधान अल्हवा अहद अहमद सिद्दीकी तहसील कोरांव ने प्रदेश के मुख्य मंत्री को दो तीन साल से मुसलसल अवैध कब्जे खाली कराने,पात्रों को बंजर,नवीन परती की जमीनें आवंटित किए जाने की मांग किए जाने पर समस्या समाधान न किए जाने पर पत्र भेजा है। और एसडीएम तहसीलदार कोरव से जबरन सीमांकन की गई जमीनों पर फसल उगा कर कटाई किए जाने के प्रयास पर तत्काल कार्यवाही कर फसल ग्राम समाज को सुपुर्द किए जाने की मांग की है।

मऊआइमा नगरपंचायत में बिजली के जर्जर लोहे के पोलों,तारो को बदलने का काम शुरू

विजयदशमी और दीपावली पर्व को देखते- हुए विद्युत विभाग का युद्व स्तर पर काम शुरू

मऊआइमा। मऊआइमा नगर पंचायत में विजय दशमी के मद्देनजर कस्बे में लगे जर्जर विद्युत तार तथा जर्जर पोलों को बिजली विभाग द्वारा बदलने का कार्य युद्ध स्तर पर शुरू कर दिया गया है। मऊआइमा नगरपंचायत के विभिन्न क्षेत्रों में विद्युत के जर्जर तारों एवं पोलों को विद्युत विभाग बदलने का काम शुरू हो कर दिया है।बता दें कि आए दिन फाल्ट और तारों के टूट कर गिरने से क्षेत्र में विधुत गुल हो जाती है ?।इस समय विजय दशमी, दीपावली पर्व को देखते हुए विद्युत विभाग के कर्मचारी बदलने का काम शुरू कर दिए हैं। नगर क्षेत्र के विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता एस बी ठाकुर,एसडीओ नरेंद्र यादव,जेई संतोष कुमार यादव तथा लाईनमैन लालचन्द्र पटेल,अशोक कुमार पटेल, सुरेन्द्र कुमार,अजय कुमार, विनोद कुमार,राम सिंह आदि जर्जर तारों एवं पोलों को बदलने में लगे हुए हैं।

तारणहार श्री राम को केवट ने उतारा गंगा पार

नैनी। नैनी श्री अवंतिका रामलीला के सातवें दिन केवट संवाद, सुमंत वापसी एवं दशरथ मरण की लीला का भावपूर्ण मंचन श्री दुर्गा संकीर्तन मंडल, मांडा, प्रयागराज के कलाकारों द्वारा किया गयो राम केवट से गंगा पार कराने के लिए कहते हैं केवट कहता है कि आपके चरण बड़े चमत्कारी हैं ये पाषाण शिला को नारी रूप में परिवर्तित कर देते हैं फिर लकड़ी की बनी मेरी नाव की बिसात ही क्या है यदि यह नाव नारी बन गई तो मैं अपने परिवार का पालन पोषण कैसे करूंगा राम और केवट के मध्य चल रहे भक्ति रस से ओतप्रोत संवाद को सुनकर दर्शक भाव विभोर हो जाते हैं अंत में केवट राम के चरण धो कर राम, लक्ष्मण, सीता को नाव मे चढ़ा लेता है और नाव खेते हुए गाता है मेरे राम जी उतरेंगे पार नदिया धीरे बहो अगले दृश्य में मंत्री सुमंत महाराज दशरथ को बताते हैं कि राम नहीं लौटे। यह सुनकर महाराज दशरथ अत्यंत व्याकुल हो जाते हैं और "हा राम, हा राम" कहकर अपने प्राण त्याग देते हैं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से बी बी दुबे, अवधेश पांडेय, बीबी सिंह, आरके शुक्ला, राकेश त्रिपाठी, सभासद पवन यादव, करछना ब्लॉक प्रमुख कमलेश दुबे, कमल मिश्रा, विनोद तिवारी, सुरेश पांडेय, प्रदीप पांडेय, साधना पांडेय, वागेश पांडेय, बद्री प्रसाद मिश्रा, अरुण तिवारी, अनन्त झा, राजेंद्र शुक्ला, राधेश्याम तिवारी, ओ पी मिश्रा, धीरज मिश्रा, संजय चौबे, लफड्डू, गुड्डू, बजरंगी आदि ने सहयोग किया।

जेके सुपर सीमेंट ने राजमिस्त्रियों को दशहरा पूर्व दिया उपहार

करछना। प्रयागराज विकास खंड करछना अंतर्गत ग्राम पंचायत बरदहा में नंद किशोर टेंडिंग कंपनी के प्रोपराइटर सर्वेश कुमार यादव द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जेके सुपर सीमेंट के अधिकारियों द्वारा तहसील क्षेत्र करछना के विभिन्न कस्बे से सैकड़ों राजमिस्त्रियों की बैठक में जेके सुपर सीमेंट के बारे में जानकारी के साथ साथ गुणवत्ता और विशेष तकनीकी से तैयार की गई जेके सुपर सीमेंट पर विस्तृत जानकारी दी गई, और उपस्थित सभी राजमिस्त्रियों को कंपनी की ओर से दीपावली गिफ्ट तोहफा देकर सम्मानित किया गया, इस अवसर पर कंपनी के ईजी रिषभ श्रीवास्तव, जितेन्द्र यादव सेल्स मैनेजर,डीएमो अनूप सिंह, के अलावा भटेवरा प्रधान विपिन द्विवेदी, दुर्गेश कुमार यादव, राज कुमार,बाबू ज

मिशन वात्सल्य एवं मिशन शक्ति की मण्डलीय कार्यशाला का मण्डलायुक्त ने किया शुभारम्भ

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। मण्डलायुक्त विजय विश्वास पन्त की अध्यक्षता में गुरूवार को गाँधी सभागार में महिला एवं बच्चे को सुरक्षित एवं सशक्त बनाने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा शुरू की गई मिशन वात्सल्य एवं मिशन शक्ति योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु मंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मण्डलायुक्त ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। आयोजित कार्यशाला में निदेशक महिला कल्याण श्रीमती संदीप कौर, जिलाधिकारी फतेहपुर सुश्री सी0 इन्दुमती, जिलाधिकारी कौशाम्बी सुजीत कुमार ने ऑनलाइन माध्यम से प्रतिभाग किया। इसके अतिरिक्त सीडीओ फतेहपुर सूरज पटेल, मुख्य विकास अधिकारी प्रतापगढ़ नवनीत सेहरा, मुख्य विकास अधिकारी प्रयागराज गौरव कुमार, मुख्य विकास अधिकारी कौशाम्बी रवि किशोर त्रिवेदी, यूनिसेफ उत्तर प्रदेश की चीफ ऑफ फील्ड ऑफिस डॉ0 जकारी एडम, यूनिसेफ के बाल संरक्षण विशेषज्ञ मंसूर कादरी, मुख्यालय महिला एवं बाल विकास विभाग से राज्य सलाहकार जावेद अंसारी व श्रीमती पल्लवी राय, मण्डलीय बाल संरक्षण सलाहकार शैलेश प्रताप सिंह, विभिन्न विभागों के मण्डलीय एवं जिला स्तरीय अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। उक्त कार्यशाला में उप निदेशक महिला कल्याण, चित्रकूट धाम मण्डल पुष्पेन्द्र सिंह, ओंकार नाथ तिवारी एवं श्रीमती माला भंडारी रिसोर्स पर्सन के तौर पर आमंत्रित थे। प्रदेश के महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रत्येक मंडल में ऐसी कार्यशालायें आगामी 2 माह में आयोजित की जानी है। इन कार्यशालाओं का मुख्य उद्देश्य मंडल एवं जनपद स्तर पर कार्यरत विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कार्मिकों के मध्य मिशन वात्सल्य और मिशन शक्ति योजनाओं के क्रियान्वयन पर समझ विकसित करना तथा विभागों के मध्य कन्वर्जेंस को बढ़ावा देना है। मण्डलायुक्त विजय विश्वास पन्त ने कार्यशाला में उपस्थित लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जी के निर्देश के क्रम में मिशन शक्ति कार्यशाला का आयोजन हो रहा है। उन्होंने कहा कि किसी देश व प्रदेश का विकास तब तक सम्भव नहीं हो सकता है जबतक देश की आधी आबादी (महिलाएं) शिक्षित न हो। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं कन्या सुमंगला के प्रचार-प्रसार बी0सी0सखी द्वारा कराने की बात कही। जिलाधिकारी कौशाम्बी श्री सुजीत कुमार ने बताया कि मण्डल में बाल देखरेख संस्थाओं ने स्वीकृत महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित अपने सभी प्रमुख कार्यक्रम को दो प्रमुख अम्ब्रेला योजनाओं- मिशन शक्ति एवं मिशन वात्सल्य-के अंतर्गत वगीर्कृत किया गया है। दोनों योजनाओं का मुख्य लक्ष्य महिलाओ तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास व उनके संरक्षण एवं सशक्तिकरण को सुनिश्चित किया जाना है। मिशन वात्सल्य का लक्ष्य है जोखिमपूर्ण एवं कठिन परिस्थितियों में रहने वाले बच्चों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराना। योजना के अंतर्गत नवाचार को और बढ़ावा देने पर बल दिया गया है। साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, संरक्षण और सशक्तिकरण के उद्देश्य से मिशन शक्ति योजना शुरू की गई है, जिसके अंतर्गत विभिन्न विभागों के कन्वेंजन्स के माध्यम से मिशन लक्ष्यों की प्राप्त किये जाने को महत्वता दी गई है।

प्रयागराज में छात्र का कमरे में मिला शव

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। प्रयागराज में प्रतियोगी छात्र का शव कमरे में मिला। छात्र का शरीर काफी फूला था। आशंका जताई जा रही है कि 3 से 4 दिन पहले छात्र की मौत हो चुकी थी। बदबू आने पर पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। लेखपाल परीक्षा में हुआ था चयन : जॉर्जटाउन इंस्पेक्टर के मुताबिक, गाजीपुर के रेवतीपुर निवासी सुभाष चंद्र राय का बेटा अभिषेक कुमार राय अल्लापुर में पानी की टंकी के पास किराए का कमरा लेकर रह रहा था। वह कई सालों से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करता था। उसका चयन लेखपाल परीक्षा में हो गया था। दोपहर में उसका दोस्त ललित कमरे पर मिलने पहुंचा। कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। कमरे से बदूबू आ रही थी। उसने धक्का देकर दरवाजा खोला तो वह खुल गया। अंदर देखा तो अभिषेक अपने बिस्तर पर मृत पड़ा था।

लेखपाल भर्ती परीक्षा में हुआ था चयन, बदबू आने पर पड़ोसी ने बुलाई पुलिस

फोरेंसिक टीम के साथ डॉग स्क्वायड पहुंचा

इसके बाद ललित ने शव को सूचना परिजनों की दी। सूचना पाकर पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। फिलहाल मौत के कारणों का पता नहीं चल सका है। मौके पर पहुंची फॉरेंसिक और डॉग स्क्वायड टीम ने जांच पड़ताल की है।मौके पर जार्जटाउन के इंस्पेक्टर भी पहुंच गए। एसओ ने बताया कि प्रतियोगी की शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। पीएम रिपोर्ट के बाद ही पता चलेगा कि मौत कैसे हुई है। पुलिस को कमरे से कोई सुसाइड नोट भी नहीं मिला है।

न्यूज झरोखा...

अशोक विजया दशमी पर नाटक अंगुलिमाल का मंचन 24 अक्टूबर को अयोध्या में

करछना। बहुजन साहित्य, कला और संस्कृति के संरक्षण, संबर्धन और उसके विकास के साथ साथ बहुजन रंगमंच के पुनरस्थापत्य के लिये सतत कार्य कर रही प्रयागराज की एकमात्र संस्था डा. अम्बेडकर वेलफेयर एसोसिएशन (दावा) के अध्यक्ष उच्च न्यायालय के अधिवक्ता रंगकर्मी रंग निर्देशक आईपी रामबृज के निर्देशन में भवानी प्रसाद मिश्र द्वारा लिखित लाइट एण्ड साउण्ड पर आधारित नाटक- अंगुलिमाल तथा बुद्धिज्म और अम्बेडकरवाद पर आधारित नृत्य नाटिकाओं में बुद्धं शरणं गच्छामि, भगवान बुद्ध की ज्योति अमर, काल चक्र के आगे आगे धम्म चक्र, तेरी आरती उतारूं रे, हम भीमराव के बच्चे है और स्वागतम, स्वागतम, स्वागतम जैसे गीतों पर आधा दर्जन से अधिक नृत्य नाटिकाओं का मंचन सम्राट अशोक विजया दशमी पर आगामी दिनांक 24 अक्टूबर को शाम 6 बजे से देवकाली रोड, अयोध्या में पार्वती लान के मंच पर किया जायेगा।

इंटर डीपीएस फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन

नैनी। नैनी अरैल स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल के परिसर में अंतर डीपीएस फुटबॉल टूनार्मेंट का उद्घाटन गुरुवार को संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ विशिष्ठ अतिथि कमांडेंट आर्डिनेंस डिपो कर्नल मणि सिंह के कर कमलों से हुआ। इस अवसर पर विद्यालय की अध्यक्षता सोनू सिंह प्राचार्य डॉक्टर सुजाता सिंह शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित थे। झंडारोहण और राष्ट्रगान के बाद खेल में भाग लेने वाली लगभग 18 टीमों ने मार्च पास्ट कर विशिष्ट आती को अतिथि को सलामी दी। मेहमान के रूप में आई हुई टीमों का परिचय कराने के बाद विद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर सुजाता सिंह ने सभी का हार्दिक अभिनंदन करते हुए बताया कि खिलाड़ी में जितने से ज्यादा मिलजुल कर और समूह में खेलने परस्पर भाईचारे की भावना होनी चाहिए सभी खिलाड़ियों को इन्हीं स्वस्थ और नेक विचारों के साथ खेल में उतरना चाहिए। टूनार्मेंट का सेमीफाइनल और फाइनल 21 अक्टूबर को खेला जाएगा।

हा जानकी लखन हा रघुबर कहते हुए राजा दशरथ ने त्यागे प्राण

नैनी। सार्वजनिक रामलीला में पी ए सी में केवट संवाद, सुमंत वापसी एवं दशरथ मरण की लीला का भावपूर्ण मंचन प्रिया मिश्रा के कुशल निर्देशन में दृश्य एवं श्रव्य माध्यम से किया गया ` केवट की राम चरण पखारने की हठ, उसके अर्थपूर्ण वचन, लक्ष्मण जी का क्रोध और राम जी का केवट पर स्नेह दर्शकों को आनंदित कर गयो` गंगा पार उतरने पर जब राम केवट को सीता जी की अंगूठी उतराई मे देने लगे तो केवट व्याकुल हो गयो` वह बोला - हे प्रभु ! हमने बहुत समय तक मजदूरी की हैं` आप हमें वह मजदूरी दें जो देने की सिर्फ आप में सामर्थ्य हैं` मैंने आपको गंगा पार उतारा है, आप हमें भव पार करें` लीला के अगले दृश्य में मंत्री सुमंत के द्वारा राम के वापस अयोध्या न लौटने की सूचना पाकर महाराज दशरथ व्याकुल हो जाते हैं` वह कहते हैं - "हा रघुनंदन प्रान पिरीते, तुम्ह बिनु जिअत बहुत दिन बीते" और ऐसा कहकर वह प्राण त्याग देते हैं` महारानी कैकई संसार को निरूपित करती हैं` राम ईश्वरीय सत्ता का निरूपण करते हैं` महाराज दशरथ महारानी कैकई से अत्यधिक प्रेम करते हैं परंतु जब संसार और राम में से एक को चुनने की बारी आती है तो वह तत्काल राम को चुन लेते हैं` ऐसी शिक्षा समाज को देना ही रामलीला की सार्थकता है ! कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पार्षद व अध्यक्ष राकेश जायसवाल, नयन कुशवाहा, दिलीप केसरवानी, आरके शुक्ला, धर्मराज पटेल, वीरेंद्र शर्मा, जूही जायसवाल, आकांक्षा जायसवाल, शिव तिवारी, अजय मिश्रा, मनोज सिंह, रवि करण सिंह, समर बहादुर सिंह, लक्ष्मीकांत तिवारी, दिलीप जायसवाल, रमेश नेगी, सुरेश पटेल, सिद्धू पांडेय, सचिन्द्र वैश्य, रजत दुबे आदि ने सहयोग किया।

रहस्यमय बुखार से छात्र की मौत परिजनों में मचा कोहराम

सहसों। रहस्यमय बुखार से छात्र की मौत हो जाने से घर में कोहराम मचा हुआ है। घटना से पूरा गांव स्तब्ध है परिजनों में मानो पहाड़ सा टूट पड़ा है। थरवई थाना क्षेत्र के चंदरपुर उर्फ बसमहुआ गांव निवासी आकाश शुक्ला (17) पुत्र बृजेश कुमार शुक्ला हाईस्कूल का छात्र था। दो दिन पहले बुखार आया था। परिजनों द्वारा स्थानीय चिकित्सालय में दवा दिलाने पर आराम हो गया। उसके बाद फिर तबीयत खराब हुई तो परिजन ले जाकर शहर में इलाज हेतु भर्ती कर दिया। जहां पर डॉक्टरों ने जवाब देकर लखनऊ के लिए रेफर कर दिया। आनन-फानन में परिजन ले जाकर लखनऊ में भर्ती कराया। जांच कराने पर प्लेटलेट्स काफी कम पाया गया। इलाज के दौरान गुरुवार को सुबह लगभग 8 बजे छात्र की मौत हो गई। दो दिन के अंदर अचानक कौन सा बुखार हुआ कि प्लेटलेट्स काफी कम हो गया। छात्र आकाश की अचानक हुई मौत से परिजन आवाक हैं। मौत की खबर सुनते ही घर में रोना पीटना मच गया। मृतक दो भाइयों में बड़ा था। पिता बृजेश शुक्ला प्राइवेट नौकरी करते हैं। मृतक आकाश के बाबा चिंतामणि शुक्ला की भी तबीयत काफी खराब है। उनको शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां पर जांच होने के बाद डेंगू पॉजिटिव की रिपोर्ट आई है।

विदेशी शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार, शराब बरामद

शंकरगढ़। शंकरगढ़ पुलिस ने देशी-विदेशी शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। एसओ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर थाने की पुलिस टीम ने आबकारी टीम के साथ डढ़ैचा मंदिर के तालाब के पास घेराबंदी कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 23 लीटर देशी और तीन बोतल विदेशी शराब बरामद हुई है। एसओ ने बताया कि आबकारी इंस्पेक्टर नीरजा सिंह व थाने के एसआई लोकेंद्र सिंह की टीम ने सटीक मुखबिरी पर राजीव कुमार मिश्र पुत्र राधेश्याम मिश्र (गुड़िया तालाब, शंकरगढ़) और जयप्रकाश राम पुत्र रामगबन राम (निवासी देउआ, चैनपुर, भभुआ, कैमूर, बिहार) को धर दबोचा। दोनों के कब्जे से 86 पउवा व्हिस्की सुपर मास्टर 46 पउवा देशी शराब के साथ तीन बीयर लेमाआंट प्रीमियर बरामद हुई है। दोनों बिना नंबर की एक बाइक से शराब की तस्करी कर रहे थे।दोनों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में केस दर्ज कर चालान भेज दिया गया है।

नारी सुरक्षा नारी सम्मान में छात्र छात्राओं को किया गया जागरूक

साइकिल रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया छात्र छात्राओं को प्रभारी निरीक्षक यशपाल सिंह की ओर से पुरस्कार दिया गया

नैनी। नैनी कोतवाली क्षेत्र में बेथनी कॉन्वेंट स्कूल में पुलिस द्वारा मिशन शक्ते फेस-4 अभियान में शक्ति दीदी कार्यक्रम आयोजित कर महिला सशक्तिकरण व स्वावलंबन, नारी सुरक्षा नारी सम्मान व हेल्पलाइन नंबरो के बारे में जागरूक किया गया। महिलाओं बालिकाओं युवतियों को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए जागरूक किया गया। बता दें कि थाना नैनी कमिश्वरेट प्रयागराज द्वारा गुरुवार को मिशन शक्ति अभियान फेस 4 के तहत थाना नैनी अंतर्गत बेथनी कॉन्वेंट स्कूल में "शक्ति दीदी" अभियान के अंतर्गत थाना नैनी की शक्ति दीदी टीम के साथ छात्र छात्राओं को नारी सुरक्षा व स्वावलंबन के प्रति जागरुक करते हुए महिला सुरक्षा संबंधी विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम की समाप्ति के बाद साइकिल रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया व प्रथम द्वितीय व तृतीय छात्राओं छात्र को प्रभारी निरीक्षक यशपाल सिंह की ओर से पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम में स्कूल की प्रिसिपल सिस्टर डॉ. शमिता, शिक्षक मो, साबिर साहित उपनिरीक्षक संदीप यादव, महिला उपनिरीक्षक शालिनी सिंह, महिला उपनिरीक्षक नेहा शुक्ला व विद्यालय का स्टाफ एवं थाना नैनी की पुलिस टीम उपस्थित रही।

अराजक तत्वों ने किया प्राथमिक विद्यालय में उत्पात

सहसों। बहरिया विकास खण्ड के उच्च प्राथमिक विद्यालय बेरुई में बुधवार की रात अराजक तत्वों के द्वारा जमकर उत्पात मचाया गया है। विद्यालय की चहारदीवारी में लगे तार को तोड़कर वह भीतर घुस गए। अंदर लगाए गए फूलों की बागवानी, गमला, टाइल्स व कई पेड़ों को तोड़कर गिरा दिया गया। विद्यालय में कार्यरत महिला प्रभारी प्रधानाध्यापिका वंदना श्रीवास्तव व शिक्षिका दुर्गावती मिश्रा गुरुवार को सुबह जब विद्यालय पहुंची तो अंदर की स्थिति देखकर वह भयभीत हो गई। मामले की जानकारी 112 नंबर पुलिस को देने के बाद थरवई थाना में लिखित तहरीर भी दिया गया है। बताया जा रहा है कि विद्यालय से लगे हुए बाग में दुर्गा पूजा का पंडाल लगा हुआ है। रात के समय कुछ अराजकतत्वों द्वारा विद्यालय के अंदर घुसकर जानबूझ कर उत्पात मचाया गया है। इसके पहले भी कई बार विद्यालय में इस तरह की घटना घट चुकी है।

नहरों में टेल तक पानी न पहुंचने पर पूर्व प्रधान ने किया आत्मदाह का ऐलान

पसना। कोरांव तहसील क्षेत्र में नहरों में पानी पूरी क्षमता से न आने के कारण नहर के अंतिम छोर पर बसे गांवों तक पानी नहीं पहुंचने से धान की फसल सूखने के कगार पर पहुंच गई है।बेलन नहर से जुड़ी टीकर रजबहा के टेल पर बसे गांव खोंचा और पंवारी गांवों में अभी तक पानी नहीं पहुंच पाया है। पंवारी गांव के काश्तकार व पूर्व प्रधान धीरेंद्र कुमार शुक्ल ने इस समस्या से दुखी होकर आज उपजिलाधिकारी कोरांव को ज्ञापन देते हुए चेतावनी दी है कि अगर शुक्रवार रात तक टीकर राजबहा में पानी नहीं छोड़ा गया तो शनिवार दोपहर तहसील कोरांव परिसर में आत्मदाह करेंगे। एसडीएम ने ज्ञापन लेकर तुरंत बेलन नहर प्रखंड के अधिशाषी अभियंता से फोन पर वार्ता कर कल शाम तक टेल तक पानी छोड़ने हेतु निर्देशित किया।

महिलाओं को सुरक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूक होना जरूरी : कमलेश

करछना। महिला सुरक्षा को लेकर हमारे नारी समाज को आज अपने अधिकारों और सुरक्षा के प्रति जागरूकता होना बहुत जरूरी है। इससे हम समाज में एक अच्छे जीवन का निर्वहन करते हुए स्वयं और समाज को सुरक्षित रख सकते हैं।यह बातें रामपुर स्थित बृज मंगल सिंह इंटर कॉलेज सभागार में गुरुवार को मिशन शक्ति के चौथे फेज के अभियान में चौकी प्रभारी ओमेक्स सिटी,एन्टी रोमियो प्रभारी कमलेश कुमार गिरी ने छात्राओं को जागरूक करते हुए कही। इस दौरान उन्होंने बताया कि नारी सुरक्षा और सम्मान के प्रति जागरूक होना ही मिशन शक्ति का उद्देश्य है जो समय की मांग और आवश्यक भी है। उन्होंने ने छात्राओं को गुडटच,बैडटच के मायने समझाते हुए पुलिस हेल्पलाइन, चाइल्ड केयर, साइबर हेल्पलाइन, समेत अन्य आपातकालीन नं. 102, 108, 112, 181, 1076, 1090, 1098 आदि के बारे में जानकारी दी।साथ ही इसके सही प्रयोग के बारे में बताया। प्रधानाचार्य मनीष कुमार तिवारी ने भी पुलिस टीम द्वारा जरूरी जानकारियां देने हेतु टीम का आभार व्यक्त किया।इस मौके पर महिला आरक्षी आरती देवी, प्रेमलता,रेखा देवी,अशोक सिंह, मोहिनी श्रीवास्तव समेत बड़ी संख्या में छात्राएं मौजूद रहे।

मकान के अंदर मिला किसान की लाश



अखंड भारत संदेश

तीन दिन से भाई का नहीं उठा रहा था फोन

कोरांव। कोरांव थाना क्षेत्र के खजुरी खुर्द गांव में एक व्यक्ति का शव उसके ही घर के भीतर मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। बताया जाता है कि मृतक का भाई तीन दिन से फोन लगा रहा था लेकिन उसका फोन नहीं उठ रहा था। घर से निकल रही दुर्गंध को लेकर मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार धर्मेंद्र पांडेय (40) पुत्र स्व रमाकांतपांडेय निवासी खजुरी खुर्द थाना कोरांव दो भाई हैं। बड़े भाई रजनीश पांडेय अपनी माता के साथ परिवार समेत भोपाल में रहते हैं। जबकि धर्मेंद्र खजूरी में ही रहता था। बड़े भाई रजनीश के द्वारा तीन दिन से धर्मेंद्र का फोन लगाया जा रहा था लेकिन फोन नहीं उठ रहा था। जब उन्होंने आसपास के लोगों से पता कराया और लोगों ने देखा तो अंदर से दरवाजा बंद था। बाहर दुर्गंध निकल रही थी। जिसके बाद लोगों ने सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा खुलवाया तो धर्मेंद्र का बदबू देता हुआ शव बिस्तर पर पड़ा मिला। धर्मेंद्र की शादी ग्राम उष्का चपला लालगंज में सीता देवी के साथ हुआ है। जिससे एक दो वर्ष का बेटा कृष्ण भी है। बताया गया कि पत्नी सीता 10 माह से मायके में ही रह रही है। दोनों में तालमेल अच्छे नहीं थे। धर्मेंद्र शराब का आदी था इसी बात को लेकर पति पत्नी में आए दिन झगड़ा होता रहता था। पति की मौत की सूचना पर पत्नी सीता भी बच्चे के साथ रोते बिलखते हुए पहुंची थी। हादसे को लेकर पारिवारिक जनों का रो-रो कर बुरा हाल था।

जिला सैनिक बंधु की बैठक 21 अक्टूबर को

प्रयागराज। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कैप्टन (नौसेना) भारतेन्द्र सिंह कंवर (अ0प्रा0) ने अवगत कराया कि जिला सैनिक बन्धु की मासिक बैठक दिनांक 21.10.2023 को अपराहन 12.30 बजे संगम सभागार, कलेक्ट्रेट, प्रयागराज में जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय, प्रयागराज के तत्वाधान में आयोजित की जायेगी। यह बैठक उ0प्र0 शासन के निदेर्शानुसार जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में आहुत की जानी है, जिसमें जिले के नामित पदाधिकारी एवं समस्त विकास खण्डों के भूतपूर्व सैनिक एवं उनके आश्रित अपनी-अपनी समस्यायें जिलाधिकारी महोदय के समक्ष रखते हैं। जिलाधिकारी महोदय द्वारा उन समस्याओं का निराकरण उसी समय या पत्राचार के माध्यम से किया जाता है। अतः जनपद के समस्त भूतपूर्व सैनिकों/विधवाओं एवं उनके आश्रितों से आग्रह किया जाता है कि उपर्युक्त आयोजन का अधिक से अधिक लाभ उठायें।

नगर निगम 2 प्रा. विद्यालयों को बनाएगा मॉडल स्कूल

प्रयागराज। नगर निगम, प्रयागराज की ओर से शहर के 2 प्राथमिक विद्यालयों को मॉडल स्कूल बनाने की तैयारी है। यह कार्य अवस्थापना निगम निधि से होना है, जिसके लिए शहर के दारागंज एवं साउथ मलाका प्राथमिक विद्यालय का चयन किया गया है। नगर निगम सदन की कार्यकारिणी बैठक में कई प्रस्तावों पर सहमति बनी है। इसके अलावा घोषणा की गई है कि भवन स्वामी स्व गृहकर मूल्यांकन की घोषणा 31 दिसंबर तक कर सकते हैं, जबकि गृहकर में 10% छूट का लाभ 31 अक्तूबर तक ही मिलेगी। अभी भी करीब 67 हजार लोगों ने इसकी घोषणा नहीं की है। यही कारण था कि स्व गृहकर मूल्यांकन की घोषणा की अवधि 31 दिसंबर तक किए जाने का प्रस्ताव रखा गया था।

नगर निगम कराएगा खेल प्रतियोगिता : प्रतियोगिताएं आयोजित कराई जाएंगी। महापौर कप के विभिन्न प्रतियोगिताएं कराए जाने का निर्णय लिया गया है। निगम हॉकी, एथेलेटिक्स, वालीबॉल, हैंडबाल, बास्केटबाल, खो-खो, कबड्ड्डी, बास्केटबाल, खो-खो, कबड्डी, लॉन टेनिस, टेबल टेनिस जैसी प्रतियोगिताएं होंगी। इसके लिए करीब 07 लाख रुपये खर्च होने का अनुमान है। इसके साथ ही निगम के स्थापना दिवस समारोह में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को सम्मानित भी किया जाएगा।

नगर आयुक्त द्वारा बसवार स्थित सॉलिड वेस्ट मैनेजमेन्ट प्लांट का किया निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। गुरुवार को नगर आयुक्त महोदय द्वारा बसवार स्थित सॉलिड वेस्ट मैनेजमेन्ट प्लांट का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान हरी-भरी के सी0ई0ओ0 अतुल मेहरोत्रा, चीफ ऑपरेटिंग ऑफीसर अरूण राय एवं प्लांट मैनेजर दिगविजय सिंह मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान एजेन्सी द्वारा पॉवर ट्रॉमेल के माध्यम से प्रीसार्टिंग का कार्य एवं एक बैलेस्टिक सेपरेटर के माध्यम से आर0डी0एफ0 की प्रॉसेसिंग का कार्य किया जा रहा था, षेश अन्य ट्रॉमेल बन्द पाये गये जिसपर नगर आयुक्त महोदय द्वारा रोश व्यक्त करते हुए निर्देषित किया गया कि एजेन्सी सभी ट्रॉमेल का संचालन तत्काल कराया जाना सुनिष्चित करें साथ ही अगले दिवस तक फ्रेष सॉलिड वेस्ट के साथ-साथ बैकलॉग वेस्ट के निस्तारण की कार्य योजना प्रस्तुत करें। नगर आयुक्त महोदय द्वारा निर्देषित किया गया कि एजेन्सी जो कार्य योजना प्रस्तुत करेगी उसमें सभी ट्रॉमल का संचालन किस तिथि से प्रारम्भ होगा स्पश्ट रूप से उल्लेख होना चाहियें। एजेन्सी द्वारा प्रस्तुत कार्ययोजना के अनुसार ही कार्य कराना सुनिष्चित करेंगें जिससे कि आगामी महाकुम्भ 2025 के पूर्व समस्त कूडे का निस्तारण हो सके। सॉलिड वेस्ट प्लांट पर क्षमता वर्धन हेतु नगर निगम प्रयागराज द्वारा 7600 वर्ग मीटर में मानसून षेड एवं 19000 वर्ग मीटर में विन्ड्रो पैड का निर्माण का कार्य कराया जा रहा है जिसे अगले चार माह में पूर्ण करा लिया जायेगा। इसी के साथ-साथ नगर निगम द्वारा बसवार में भंडारित 14 लाख मिट्रिक टन लिगेसी वेस्ट में से लगभग 10ॐ50 लाख मिट्रिक टन लिगेसी वेस्ट का निस्तारण कराया जा चुका है। अवषेश लिगेसी वेस्ट का निस्तारण दिसम्बर 2023 तक करा लिया जायेगा। इसी के साथ नगर आयुक्त महोदय द्वारा वार्ड 11 जहॉगीराबाद में पी0पी0पी0 मोड पर स्थापित किये जा रहे 200 मीट्रिक टन बायो सी0एन0जी0 गैस प्लांट का भी निरीक्षण किया गया एजेन्सी के द्वारा प्रष्नगत स्थल पर एडमिन बिल्डिंग, वर्कषाप बिल्डिंग का कार्य कराया जा रहा था। एजेन्सी के प्रतिनिधि के द्वारा अवगत कराया गया कि बायो सीएनजी गैस प्लांट का संचालन सितम्बर 2024 तक प्रारम्भ कर दिया जायेगा। नगर आयुक्त द्वारा निर्देर्षित किया गया कि एजेन्सी प्रस्तुत कार्य योजना के अनुसार बायोसीएनजी गैस का संचालन प्रत्येक दषा में महाकुम्भ मेला 2025 के पूर्व कराना सुनिष्चित करें। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नैनी स्थित एम0आर0एफ0 प्लांट का भी निरीक्षण किया गया निरीक्षण के समय प्लांट संचालित पाया गया। नगर आयुक्त महोदय द्वारा प्लांट को और भी व्यवस्थित ढंग से संचालित किये जाने के निर्देष दिये गये तथा प्रॉसेसिंग के उपरात तैयार बाई प्रोडक्स को समय से निस्तारित किये जाने के निर्देष दिये गये।

इविवि की राजभाषा क्रियान्वयन समिति की दूसरी तिमाही बैठक सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

वार्षिक कार्य योजना के अनुसार नवाचार माध्यम से होगा राजभाषा हिंदी का प्रचार-प्रसार

प्रयागराज। गांधी विचार एवं शांति अध्ययन संस्थान के गांधी सभागार में वित्त वर्ष 2023-24 की द्वितीय तिमाही की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक समिति के अध्यक्ष प्रो. नरेन्द्र कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया कि राजभाषा हिंदी के विस्तार के लिए विभिन्न कार्यशालाओं का आयोजन कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं के लिए किया जाएगा।वित्त वर्ष 2023-24 के मुख्य कार्यों के साथ-साथ नवाचार के माध्यम से कार्मिकों के साथ विद्यार्थी केंद्रित रचनात्मक कार्यक्रम/कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। बैठक में स्वागत वक्तव्य राजभाषा कार्यान्वयन समिति के संयोजक प्रो. संतोष भदौरिया ने दिया । उन्होंने गृह मंत्रालय के राजभाषा संबंधी दिशा-निदेर्शों की जानकारी देते हुए सभी सदस्यों का औपचारिक स्वागत किया तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग,, नई दिल्ली एवं क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय गाजियाबाद (उत्तरी क्षेत्र) की निरीक्षण के बाद प्रेषित रिपोर्ट पर विस्तार से चर्चा की।समिति में चर्चा के दौरान यह तय हुआ कि इलाहाबाद विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों के विभागों के नाम कार्यालयीन मुहरें एवं पत्रशीर्ष अनिवार्य रूप से द्विभाषी होंगे तथा सभी के रंग, डिजाइन, फॉन्ट आदि में एकरूपता रहेगी। अध्यक्षीय उद्बोधन में राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष प्रोफेसर नरेंद्र कुमार शुक्ल ने हिंदी के प्रचार प्रसार के लिए राजभाषा अनुभाग को दिशा निर्देश प्रदान किए ।उन्होंने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में हिंदी , उर्दू एवं अंग्रेजी के शब्दों के प्रयोग की बात करते हुए राजभाषा के प्रचार- प्रसार के विविध आयामों की विस्तृत चर्चा की। समिति के वरिष्ठ सदस्यों प्रो.अजय जैतली,प्रो शबनम हमीद,प्रो जया कपूर एवं श्री देवेश गोस्वामी ने सुझाव दिए कि राजभाषा के कार्यान्वयन के लिए विशेष व्याख्यान, प्रशिक्षण कार्यक्रम, रचनात्मक गोष्ठी एवं नाट्य प्रस्तुतियां आयोजित की जाएं। जिससे विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में मदद मिले।कार्यक्रम का संचालन राजभाषा अनुभाग के अनुवाद अधिकारी हरिओम कुमार ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन हिंदी अधिकारी प्रवीण श्रीवास्तव ने किया। इस बैठक में समिति सदस्य प्रो. अजय जेतली, प्रो शबनम हमीद, प्रो.जया कपूर, डॉ शेफाली नंदन, डॉ. रतन कुमारी वर्मा, डॉ. शशि कुमारी, डॉ. मीना कुमारी, डॉ. नीलिमा सिंह, डॉ.विनोद कुमार, डॉ दीनानाथ मौर्य, सुदीप तिर्की, देवेश गोस्वामी, अरुण कुमार सिंह, अमित तिवारी, महेंद्र प्रताप निराला, रतन कुमार शर्मा, ओमप्रकाश गुप्ता, अभिषेक चौहान, संजय तिवारी, अमित तिवारीआदि सदस्य मौजूद रहे।

अधिशासी अभियन्ता के अनुपस्थित रहने पर डीएम ने मांगा स्पष्टीकरण

जिलाधिकारी ने कार्यो व परियोजनाओं के प्रगति की किया समीक्षा

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय के सभागार रुपए 50 लाख से अधिक लागत के कार्यो/परियोजनाओं की समीक्षा की गयी। बैठक में जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी द्वारा बताया गया कि आवास विकास परिषद के 32 प्रोजेक्टस है जिनमें से 01 पूर्ण एवं 03 अनारम्भ है।

बैठक में पाया गया कि आई0टी0आई0 जरियारी का निर्माण कार्य 8 वर्ष से चल रहा है जो अभी तक पूर्ण नही हुआ है जिसके सम्बन्ध में आवास विकास परिषद के अधिशासी अभियन्ता से जानकारी ली गयी तो कोई स्पष्ट जानकारी नही दे सके जिस पर जिलाधिकारी ने आईटीआई जरियारी के निर्माण कार्य को 31 अक्टूबर तक पूर्ण करने एवं किस कारण से निर्माण कार्य में 8 वर्ष लगे उसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करने निर्देश दिये। उ0प्र0 आवास विकास परिषद द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र छितपालगढ़ में बाउण्ड्री के निर्माण को अभी तक पूर्ण न कराये जाने पर जिलाधिकारी कड़ी नाराजगी व्यक्त की और कहा कि जो भी निर्माण कार्य किये जाये गुणवत्तायुक्त हो अन्यथा की स्थिति में प्राथमिकी दर्ज करायी जायेगी। 100 बेडेड संयुक्त चिकित्सालय शिवसत रानीगंज के निर्माण कार्य को दिसम्बर तक पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।

जनपद में हो रहे सेतु निर्माण के कार्यो में भूमि की रजिस्ट्री की कार्यवाही में लापरवाही पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की और लोक निर्माण विभाग के प्रान्तीय खण्ड के अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया कि 15 दिवस के अन्दर रजिस्ट्री का कार्य करा लिया जाये। बैठक में निर्माण खण्ड-2 के अधिशासी अभियन्ता अनुपस्थित पाये गये जिस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये स्पष्टीकरण हेतु निर्देशित किया। सीएनडीएस द्वारा कराये जा रहे सीएचसी भदरी के निर्माण कार्य में लापरवाही बरती जा रही है जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुये स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि सीएनडीएस के परियोजना प्रबन्धक के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी जाये। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री जी की घोषणा के क्रम में जो भी निर्माण कार्य पूर्ण नही है, सम्बन्धित संस्था/विभाग से स्पष्टीकरण प्राप्त किया जाये। इसी प्रकार बैठक में जिलाधिकारी ने आवासीय एवं अनावसीय भवनों, प्राथमिक विद्यालयों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, किसान कल्याण केन्द्र, सद्भाव मण्डप, थाना/कार्यालय निर्माण, त्वरित आर्थिक विकास योजना, लोक निर्माण विभाग, सीएम डैशबोर्ड आदि भी समीक्षा की गयी।

अन्त में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि परियोजनाओं के कार्यो के गुणवत्ता एवं सैम्पलिंग की जांच हेतु जो टीमे गठित की गयी है वह एक सप्ताह से ज्यादा समय न लगाये, परियोजनाओं के कार्यो का स्थलीय निरीक्षण करें। निर्माणपरक कार्यो में गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाये, यदि किसी भी स्तर पर गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पायी जाती है तो सम्बन्धत अधिकारी का उत्तरदायित्व निर्धारित कर उनके विरूद्ध नियमानुसार दण्डात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जायेगी। सभी परियोजनाओं का कार्य शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत मानक के अनुरूप गुणवत्ता सहित पूर्ण किया जाये। उन्होने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया।

जिन परियोजनाओं का कार्य पूर्ण हो जाये उसे यथाशीघ्र सम्बन्धित विभाग को हैण्डओवर किया जाये इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाये। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि जो निर्माण कार्य के टेण्डर कराये गये और धनराशि का भुगतान कर दिया गया है लेकिन सम्बन्धित संस्था/विभाग द्वारा निर्माण कार्य प्रारम्भ नही किया गया है ऐसे लोगों के विरूद्ध कार्यवाही करायी जाये। उन्होने यह भी कहा कि जिन निर्माण कार्यो में भूमि विवाद से सम्बन्धित समस्या आ रही है ऐसे मामलों पर आवश्यक कार्यवाही करते हुये निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा, जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी राजेश कुमार सिंह व कार्यदायी संस्थाओं के प्रोजेक्ट मैनेजर/प्रतिनिधि व सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर दुबारा जांच करने कुण्डा पहुंची सीबीआई टीम

सीओ जियाउल हक की हत्या में दुबारा जांच से माहौल गरमाया

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर कुण्डा के सीओ रहे जियाउल हक हत्याकाण्ड की फिर से जांच करने के लिये सीबीआई की पांच सदस्यीय टीम बुधवार की शाम कुण्डा पहुंची। यह टीम पहले पुलिस लाइन आई थी। यहां से कार से घटना स्थल देखने बलीपुर गांव गई थी।

सीबीआई की पांच सदस्यीय टीम कार में बैठे-बैठे ही घटना स्थल का निरीक्षण किया। दो लोगों से कार में बैठे-बैठे पूछताछ भी की। बता दें कि बाजार का दिन होने के कारण वहां काफी भीड़ थी इसलिये सतर्कता बरतते हुए सीबीआई ने जांच शुरू की है। बता दें कि दो मार्च 2013 को प्रधान नन्हे यादव, उसके भाई सुरेश यादव व सीओ जियाउल हक हत्याकाण्ड में दर्ज चार मुकदमों की सीबीआई एक साथ जांच कर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था।

जांच के दौरान सीबीआई ने आरोपी कुण्डा विधायक राजा भइया, गुलशन यादव समेत चार आरोपियों के खिलाफ क्लोजर रिपोर्ट दाखिल किया था। वर्ष 2014 में न्यायालय ने क्लोजर रिपोर्ट खारिज करते हुए जांच जारी रखने का आदेश दिया था। इस आदेश पर सीओ जियाउल हक की पत्नी परवीन ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी जिस पर शीर्ष अदालत ने सीबीआई को जांच जारी रखने के ट्रायल कोर्ट के निर्णय को बहाल कर दिया था। सीबीआई के दुबारा बलीपुर आने से कुण्डा का माहौल फिर गरमा गया है।

एनएसएस स्वयंसेवकों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में किया प्रतिभाग

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। नगर स्थित हेमवती नंदन बहुगुणा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बुधवार की शाम राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा खादी मिशन को लेकर चलायी जा रही योजना पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें एनएसएस के स्वयंसेवकों ने खादी पर भाषण, निबन्ध, चित्रकला आदि प्रतियोगिताओं में सहभागिता कर खादी के उत्थान पर प्रकाश डाला। प्राचार्य डा. शैलेन्द्र कुमार मिश्र ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि खादी ग्रामोद्योग के तहत चलाए जा रहे कार्यक्रमों को आगे ले जाने में युवाओं को महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। उन्होंने महात्मा गांधी के विचारों से स्वयंसेवकों को आत्मसात करने का आहवान किया। कार्यक्रमाधिकारी सीमा त्रिपाठी ने आयोजन के ध्येय पर प्रकाश डाला। इस मौके पर प्रो. आलोक दुबे, रिचा पाण्डेय, निशान्त पाण्डेय, शिवकुमार यादव, संतोष मिश्र, सत्येन्द्र त्रिपाठी, आदि मौजूद रहे।

बैठक में नौ सदस्यों ने देवीपाल को सर्वसम्मत से चुना कार्यवाहक प्रधान

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। स्थानीय विकासखण्ड के जगन्नाथपुर में प्रधान गनपति यादव के निधन के बाद कार्यवाहक प्रधान के चयन के लिए बैठक आयोजित हुई। गुरूवार को एडीओ पंचायत आद्या प्रसाद द्विवेदी की देखरेख में आयोजित बैठक में नौ ग्राम पंचायत सदस्यों ने प्रतिभाग किया। इसमें से आठ सदस्यों ने सर्वसम्मत से देवीपाल पुत्र रामकुमार को कार्यवाहक प्रधान के रूप में प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किया। एडीओ पंचायत ने बताया कि सदस्यों ने सर्वसम्मत से देवीपाल को कार्यवाहक अध्यक्ष के रूप में चुना। कार्रवाई को डीपीआरओ की संस्तुति के लिए भेज दी गयी है। संस्तुति मिलने के बाद कार्यवाहक प्रधान के रूप में देवीपाल चुनाव होने तक कामकाज देखेंगे। इस मौके पर लालजी, हरिश्चंद्र, देवीपाल, पुत्तीलाल, रंजना देवी, मिथिलेश, मीना, फूलकली, सत्येन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष का कारावास, अर्थदण्ड

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पाक्सो अधिनियम आलोक द्विवेदी ने विकलांग नाबालिग पीडिता के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में दोषी पाते हुए राजेंद्र उर्फ राजेश निवासी थाना लालगंज को 20 वर्ष के कारावास तथा पचास हजार रूपया अर्थ दंड से दंडित किया। अर्थ दंड की राशि पीडिता को को उसके मानसिक एवं चिकित्सा आघात एवं पुनर्वास हेतु प्रदान किया जाएगा। वादी मुकदमा के अनुसार उसकी पुत्री उम्र 15 वर्ष विकलांग है वह 11 नवंबर 2017 को समय 6:30 बजे शाम अपने पड़ोस की दुकान पर सामान लेने गई थी जो दुकान राजेंद्र की थी राजेंद्र ने उसकी पुत्री को अकेला पाकर अंधेरे का लाभ उठाते हुए जबरिया उसके साथ दुष्कर्म किया। अभियोजन द्वारा 6 गवाहों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। राज्य की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक देवेश चंद्र त्रिपाठी व अशोक त्रिपाठी ने की।

मां के जयकारों से गूंज रहा शहर

नया माल गोदाम रोड स्थित मां की प्रतिमा पर आरती में उमड़ रही भीड़

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। शहर से लेकर गांव तक इस समय नवरात्र के पहले ही दिन से पूरा वातावरण मां के जयकारों से गूंज रहा है। शहर में जगह-जगह बड़ी प्रतिमा स्थापित की गई है। जहां प्रतिमा नहीं है, वहां घरों में कलशें स्थापित कर मां के विभिन्न स्वरुपों की पूजा अर्चना की जा रही है।

आज पांचवें दिन मां स्कंदमाता की विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। शहर के नया माल गोदाम रोड स्थित डा0 अनुराग मिश्रा के क्लीनिक के बगल भव्य दुर्गा प्रतिमा स्थापित किया गया है। यहां प्रतिदिन सुबह व शाम को पूजा अर्चना के बाद भव्य आरती होती है। इसमें बड़ी संख्या में पूजा अर्चना व आरती में महिलाएं भाग ले रही हैं। विद्वान पंडित वैद्यनाथ मिश्र और सर्वजीत मिश्रा विधि विधान से पूजा अर्चना कराते हैं। इस आरती में महिलाएं भाव विभोर होकर आरती में भाग लेती हैं।

नया माल गोदाम रोड पर माता रानी की आरती करते भक्तगण।

शाम की आरती में भाग लेने वाले प्रमुख लोगों में आदित्य नारायण तिवारी, अरुण मिश्रा, हरीश कुमार शर्मा, अतुल पाण्डेय, अभय पाण्डेय, गोविन्द ओझा, प्रशांत मौर्य, अश्विनी सोनी, देवेन्द्र सिंह, विजय मिश्रा, राहुल पाण्डेय, आरए शर्मा, मयंक सिंह, अजय मिश्रा, सुजीत सिंह सेंगर, कंचन मिश्रा व डा0 अनुराग मिश्रा के अलावा बड़ी संख्या में महिलाएं भाग ले रही हैं। इसके अलावा बेल्हा देवी मंदिर में सबसे ज्यादा भीड़ हो रही है। भीड़ को नियंत्रित करने के लिये महिला पुलिस भी लगाई गई है। भंगवा चुंगी, टक्करगंज, ठठेरी बाजार, बलीपुर, मीरा भवन चैराहा सहित शहर के विभिन्न स्थानों पर आकर्षक प्रतिमाएं स्थापित हैं।

कालाकाकर शिव मंदिर मे स्थापित हुई शिव मूर्ति

अखंड भारत संदेश

परियावां, प्रतापगढ़। विकास क्षेत्र कालाकांकर के मोहम्दाबाद उपरहां कालाकांकर मे गुरुवार को चैराहे पर स्थिति शिव मंदिर में शिव, पार्वती, गणेश नंदी व मां दुर्गा की नई मूर्ति स्थापित की गयी, जिसमें कालाकांकर गंगा किनारे पुरोहित कुलदीप ओझा ने पूजन अर्चन कराने के बाद पांचो मूर्तियो को फूलो से रथ पर सजाकर शोभा यात्रा निकाली जो चैराहे स्थिति शिव मंदिर पहुंची जहा कालाकांकर महावीरन के सिद्धेश्वर आश्रम के महराज आनेन्द्रश्वर ने मंदिर मे शिव, पार्वती, गणेश नंदी व मां दुर्गा की मूर्तियो को प्राण प्रतिष्ठा कराया और श्रद्धालुओ को प्रसाद ग्रहण कराया कार्यक्रम के आयोजक फूलचंद केसरवानी रहे । मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद भंडारे का आयोजन किया गया जो अनवरत चलता रहा मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में सहयोग देने वालो मे मुख्य रूप से भीम जायसवाल, राकेश गुप्ता, राजेंद्र अग्रहरि, राधेश्याम अग्रहरि, शिवम् अग्रहरि, छलंग अग्रहरि, आलोक पांडे, रवि जायसवाल,आदि लोग रहे।

शिव मंदिर में स्थापित हुई मूर्तियों का प्रसाद वितरण करते आनन्देश्वर महराज।

रामलीला समिति ने प्रभू श्री राम कि निकाली भव्य बारात शोभा यात्रा

ब्रह्मा, विष्णु, महेश सहित आदि देवतागण व राम भक्त बने बाराती

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। श्री रामलीला समिति प्रतापगढ़ द्वारा आज पाँचवे दिन प्रभु श्री राम जी की बारात भव्य शोभायात्रा निकाली गई। भगवान श्री राम जी की बारात गोपाल मंदिर से 3:00 बजे निकली। भगवान श्री राम जी की बारात में हाथी, घोड़े, देवतागण एंव हजारो कि संख्या में राम भक्त नाचते गाते आगे आगे चल रहे थे। दूल्हा बने श्री राम और चारो भाईयो का जगह-जगह आरती व स्वागत हो रहा था और भक्तगण अपने-अपने छतो से भगवान श्री राम पर पुष्पवर्षा कर रहे थे।नगर में पचासो जगह भक्तो ने बरातीयो के लिए जलपान की व्यवस्था की थी।

हरि प्रताप सिंह नगरपालिका अध्यक्ष,रामलीला समिति के संरक्षक रोशनलाल उमरवैश्य,रवि अग्रवाल,श्याम शंकर सिंह, अध्यक्ष संजय खंडेलवाल, संयोजक दिनेश सिंह ह्लदिन्नूह्ल, मंत्री विपिन गुप्ता, कोषाध्यक्ष मनीष गुप्ता, राजू शर्मा, पंकज शुक्ला, धर्मेंद्र चैरसिया,राजेन्द्र केशरवानी आदि ने आरती उतार कर बारात का शुभारम्भ किया। वहीं महिला मंडल ने भगवान श्री राम की आरती उतार कर बारात में डंडीया नृत्य व नाचते गाते मंगल गीत गाते हुए बारात कि शोभा बढा. रही थी। बारात गोपाल मंदिर से चैक होते हुए लक्ष्मी नारायण मंदिर में आरती पुजन के बाद चैक होते हुए स्टेशन रोड वहां से वापस चैक होते हुए चिलबिला हनुमान मंदिर से महुली से चैक देर रात पहुंचेगी। जहां पर भगवान श्री राम व माता सीता का भव्य हाइड्रोलिक मंच के द्वारा जयमाल कराकर विवाह का कार्यक्रम संपन्न होगा।

संरक्षक रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि आज इतनी बडी.संख्या में भक्तगण तीसो झांकीयो के साथ शोभा यात्रा निकली जिसको शकुशल संम्पन कराने में पुलिस विभाग जी जान से लगा हुआ है।राम लीला समिति बहुत-बहुत आभान ज्ञापित करती है।

राम बारात में नाचती-गाती महिलाएं।

महिला टीम की अर्चना खंडेलवाल, सुधा अग्रवाल, रेखा उमरवैश्य, बीना केसरवानी,विनीता केसरवानी, अर्चना गुप्ता, सुनीता गुप्ता, ज्योति खंडेलवाल, रोशनी सिंह, लक्ष्मी सिंह, स्मिता खंडेलवाल, प्रीति केसरवानी, इंदिरा अग्रवाल, सुमन लता, लक्ष्मी, समिता, ज्योति, सुनीता, वंदना आदि महिला टीम रही। बारात में मुख्य रूप से मंजीत सिंह छाबडा,लखन लाल बाबा,राजेनद्र केशरवानी,सुरेश अग्रवाला,साजन खंडेलवाल,दिनेश सिंह ह्लदिन्नूह्ल, विपिन गुप्ता, मनीष गुप्ता, श्याम शंकर सिंह, आशीष जायसवाल, प्रदीप केसरवानी, छेदीलाल, देवानन्द, जितेश कुमार, धर्मेंद्र सिंह, धर्मेंद्र चैरसिया, विपिन शर्मा, मनीष सिंह, अनिल केसरवानी, विनय सिंह, संजय जैन, पंकज मिश्रा, नितिन शर्मा, दीपेंद्र कुमार मिश्रा, उपाध्यक्ष पंकज शुक्ला, परमानंद मिश्रा, शीतला सोनी, राकेश सादवानी, अमन गुप्ता, सूरज कुमार, विकास उमरवैश्य, आकाश उमरवैश्य, शुभम जायसवाल, अजय जायसवाल, हरिंदर सिंह, सुमित गुप्ता, मनीष रावत, दीपेंद्र कुमार, विनय केसरवानी, राकेश कुमार, रविंद्र कुमार, राजेश खंडेलवाल, ओम कृष्णा पांडे, अभिषेक कश्यप, राज गुप्ता, अतिरेक कश्यप, यशु शर्मा,विष्णु सोनी,अजय कसौधन,अमित रावत,सचिन सोनी,सोना सिंह, प्रिंस सोनी, अभिषेक गौतम, विवेक कुमार, वेंकटेश, शिवम गुप्ता, केशव गुप्ता आदि हजारो की संख्या में भक्तगण बारात में शामिल रहे।

अज्ञात कारणों से लगी आग में दो दुकान समेत गृहस्थी का लाखों का सामान स्वाहा

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। अज्ञात कारणों से लगी आग के कारण जेवरात व कपड़े की दुकान समेत गृहस्थी का सामान खाक हो गया। आग बुझाने के चक्कर में दुकानदार भी झुलस गया। फायर बिग्रेड के पहुंचने पर घंटे भर की मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया जा सका।

लालगंज कोतवाली के अमावां निवासी पारसनाथ सोनी पुत्र शिवबालक सोनी का स्थानीय बाजार में घर है। घर मे ही उसने जेवरात व कपड़े की दुकान भी खोल रखी है। गुरूवार की सुबह नौ बजे अज्ञात कारणों से उसके घर में आग लग गयी। आग की चपेट में आने से विद्युत मीटर भी धू धू कर जलने लगा। देखते ही देखते आग घर व दोनों दुकानों में फैल गयी। लोगों ने घर के बाहर भागकर किसी तरह जान बचाई। सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड ने स्थानीय लोगों की मदद से एक घंटे की मशक्कत कर आग बुझायी। आगजनी की घटना मे पीडित के गृहस्थी का पूरा सामान जल गया। साथ ही कपड़े व जेवरात की दुकान में भी रखे लाखों के सामान राख हो गये। आगजनी में दुकान में रखी बत्तीस हजार नकदी भी खाक हो गयी। पीड़ित ने एसडीएम लालधर सिंह यादव को शिकायती पत्र देकर आर्थिक सहायता देने की मांग उठाई है। एसडीएम के निर्देश पर लेखपाल की टीम नुकसान का जायजा लेने मौके पर गयी। उधर आग बुझाने के चक्कर में दुकानदार पारसनाथ सोनी झुलस गया। जिसे उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल ले जाया गया है।

जेसीबी लगाकर रामलीला मैदान का पाटा जा रहा गड्ढा

रामलीला मैदान में साफ-सफाई करते कर्मचारी।

सफाई व गड्ढा पाटने का तीन चौथाई काम पूरा

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। विजय दशमी की तैयारी को लेकर रामलीला मैदान को साफ-सुथरा करने में नगर पालिका अपने 50 कर्मचारियों एवं जेसीबी लगाकर गड्ढों को पाट रही है तथा सफाई कार्य विगत एक सप्ताह से कर रही है। यह जानकारी देते हुए नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह व अधिशाषी अधिकारी राम अचल कुरील द्वारा बनाई गई कार्य योजना के तहत जेसीबी से गड्ढों को पाटने का काम किया जा रहा है तथा कूडे.करकट को हटाया जा रहा है और कर्मचारी सफाई करने में जुटे हैं। सफाई निरीक्षक की मानें तो 75 प्रतिशत गड्ढे पट चुके हैं और सफाई भी हो चुकी है। बता दें कि विजय दशमी के दिन रामलीला मैदान में रावण का पुतला जलाया जाएगा जिसमें बड़ा मेला लगता है। दशहरे के लिये झूला व दुकानों का ढांचा खड़ा होने लगा है। इसमें हजारों की भीड़ होती है। इसे देखते हुए नगर पालिका इसकी सफाई में लगी हुई है।

मोटा अनाज स्वास्थ्य के लिये बहुत ही फायदेमंदः सांसद

मिलेट्स फसलों एवं उत्पादों के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिये हुआ जनपद स्तरीय रोड शो

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। अन्तर्राष्ट्रीय मिलेट्स-2023 के अन्तर्गत कृषकों एवं आमजनमानस को मिलेट्स फसलों एवं उत्पादों के प्रयोग को बढ़ावा देने हेतु कृषि भवन कैम्पस में कार्यक्रम एवं जनपद स्तरीय रोड शो का आयोजन किया गया। उप कृषि निदेशक द्वारा अतिथियों को मिलेट्स की बुके जिसमें ज्वार, बाजरा, सांवा, कोदो एवं रागी की फथ्लयों/बालियों द्वारा निर्मित की गई बुके देकर स्वागत किया जिस पर अतिथियों द्वारा उप कृषि निदेशक के प्रयास की सराहना की गई।

इस अवसर पर सांसद संगम लाल गुप्ता ने कहा कि मोटे अनाज धीरे-धीरे लुप्त होते जा रहे है और इन्हें बढ़ावा देने के लिये अन्तर्राष्ट्रीय मिलेट्स-2023 का शुभारम्भ देश के प्रधानमंत्री जी द्वारा की गयी थी। उन्होने कहा कि मोटे अनाज को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ावा दिया जा रहा है, भारत में यह श्री अन्न के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होने कहा कि किसान मोटा अनाज ज्वार, बाजरा, रागी, रामदाना, कुट्टू, कोदो, कंगनी, कुटकी, सांवा, चीना का उत्पादन कर अपनी सेहत के साथ आर्थिक स्थिति में भी सुधार सकते है। मोटे अनाज के सेवन से आयु में वृद्धि होती है। उन्होने किसानों से कहा कि अपने-अपने खेतों मोटे अनाज का उत्पादन करें। किसानों के लिये सरकार द्वारा विभिन्न योजनायें चलायी जा रही है उसका ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाये। उन्होने कृषकों को मिलेट्स की फसलों का अधिक क्षेत्रफल में उगाने एवं अपने दैनिक जीवन में इनका अधिकाधिक उपयोग करने हेतु प्रेरित किया।

जनपद स्तरीय रोड शो में शामिल सांसद संगम लाल गुप्ता।

इस अवसर पर विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल ने कहा कि जिस देश की खेती अच्छी होगी उसे देश की आर्थिक स्थिति भी अच्छी होगी। केन्द्र एवं प्रदेश सरकार अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ पहुँचा रही है। विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य ने मिलेट्स के अन्तर्गत ज्वार, बाजरा, सांवा, कोदो के प्रयोग हेतु प्रेरित किया। उन्होने किसानों से कहा कि मोटे अनाज का उत्पादन कर अपनी इनकम को बढ़ाये। मोटा अनाज गुणों का खजाना है और इसे खेतों में उगाना सस्ता एवं सुगम है। इस अवसर पर जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कहा कि किसान भाई अपनी जमीन के एक हिस्से में मोटे अनाज का उत्पादन करें और अपनी आय में वृद्धि करें। मोटे अनाज वास्तव में लोगों के स्वास्थ्य के लिये बहुत उपयोगी होती है और इसमें पाये जाने वाले पौष्टिक तत्वों की वजह से शरीर में कई जरूरी विटामिन और मिनिरल्स को बढ़ावा मिलता है। कृषि विज्ञान केन्द्र ऐठू कालाकांकर के वैज्ञानिक डा0 अखिलेश श्रीवास्तव ने मिलेट्स की फसलोत्पादन एवं पोषक तत्व के विषय में विस्तृत जानकारी दी। डा0 नवीन कुमार सिंह द्वारा रबी की दलहनी एवं तिलहनी फसलों पर तकनीकी जानकादी दी गई। कार्यक्रम के उपरान्त अतिथियों द्वारा जनपद स्तरीय मिलेट्स रोड शो एवं पराली प्रबन्धन हेतु प्रचार प्रसार वाहन को समस्त तहसील मुख्यालय हेतु हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर पीबी इण्टर कालेज के एनसीसी कैडेट्स, आंगनबाड़ी कार्यकत्री तथा जनपद के समस्त विकास खण्डों से अधिक संख्या में कृषक मौजूद रहे। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, जिला कृषि अधिकारी अशोक कुमार, भूमि संरक्षण अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, जिला भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष विजय मिश्रा व अन्य सम्बन्धित उपस्थित रहे।

गौ-आश्रय स्थल कादिराबाद का डीएम ने किया निरीक्षण

आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के दिये निर्देश

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने आज गौ-आश्रय स्थल कादिराबाद का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया जिलाधिकारी ने गौशाला के निरीक्षण के दौरान संरक्षित गोवंशों की संख्या एवं भूसा-चारा आदि की उपलब्धता की जानकारी प्राप्त करते हुए गौशाला में हर समय भूसा-चारा की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित बनाये रखने तथा चिन्हित चारागाह की भूमि पर नैपियर घास की बुआई सुनिश्चित कराने के निर्देश दियें इस अवसर पर उप जिलाधिकारी आकाश सिंह, तहसीलदार भूपाल सिंह एवं नायब तहसीलदार मोबीन अहमद सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

क्रॉप कटिंग का डीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने कृषि सांख्यिकी एवं फसल बीमा की गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन के लिए ग्राम कादिराबाद के किसान श्री अखिलेश सिंह के खेत में किये जा रहें धान की क्रॉप कटिंग का स्थलीय निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान फसल उपज की तौल भी कराया।इस अवसर पर उप जिलाधिकारी आकाश सिंह, सहायक सांख्यकी अधिकारी मनोज मिश्रा, तहसीलदार भूपाल सिंह, नायब तहसीलदार मोबीन अहमद एवं सहायक भूलेख अधिकारी कार्यालय वासुदेव त्रिपाठी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

3 साल की नौकरी 15 लाख की लग्जरी गाड़ी से सफर कर रहा सिपाही!

सराय अकिल कोतवाली के एक सिपाही के आमदनी का क्या राज पुलिस अफसर बने अनजान

कौशाम्बी। पुलिस विभाग में सिपाहियों की आमदनी इस कदर बढ़ गई है कि 3 वर्षों की नौकरी में 15 लाख कीमत की वेन्यू कार से सिपाही ड्यूटी करते हैं आखिर सिपाहियों की आमदनी का स्त्रोत क्या है भ्रष्टाचार में लिप्त चर्चित सिपाही की आमदनी की जांच कराने की अभी तक पुलिस अफसरो ने निर्देश नहीं दिया है बताया जाता है की सराय अकिल कोतवाली क्षेत्र के एक पुलिस चौकी में तैनात एक सिपाही की पुलिस बिभाग में भर्ती 2019 में हुई थी 2019 की भर्ती का यह सिपाही बालू के अवैघ खनन परिवहन से अवैध वसूली में बेखौफ तरीके से लिप्त है लग्जरी कार से पूरी रात बालू वाहनों से वसूली होती है अवैध वसूली रोकने ओवरलोड वाहनों के संचालक पर रोक लगाए जाने का निर्देश लगातार डीएम एसपी दे रहे हैं लेकिन इस सिपाही पर जिला अधिकारी और पुलिस अधीक्षक के आदेश का असर पड़ता नहीं दिख रहा है। बेखौफ तरीके से पूरी रात अवैध वसूली करने वाले चर्चित सिपाही की लाखो रुपए की अवैध से चौकी इंचार्ज भी अनजान बनने का ड्रामा कर रहे हैं सराय अकिल कोतवाल भी सिपाही की अवैध वसूली से इनकार कर रहे हैं लेकिन चचाओं पर जाए तो इलाके के बालू घाट से 300 के लगभग ट्रक और 300 के लगभग ट्रैक्टर अवैध तरीके से ओवरलोड बालू परिवहन में लगे हैं बताया जाता है कि 3 हजार रुपए महीना प्रत्येक ट्रैक्टर से और 6 हजार रुपए महीना प्रत्येक ट्रक से वाहनों से एंट्री फीस के नाम पर चौकी पुलिस का चर्चित सिपाही वसूली कर रहा है 25 लाख रुपए से महीने की वसूली चौकी का यह चर्चित सिपाही कर रहा है इस काली कमाई से मालामाल सिपाही ने अपने लोगों के नाम वेन्यू कार15 लाख में खरीद कर के उससे ड्यूटी के नाम पर पूरी रात वसूली कर रहा है हजारों रुपए रोज का डीजल पेट्रोल पर सिपाही खर्च कर रहा है यह सिपाही इन दिनों पूरे पुलिस महकमें में चर्चा का विषय बना हुआ है।

न्यूज झरोखा

समसपुर के ऐतिहासिक दंगल में वैशाली रही चैम्पियन

कौशाम्बी। चायल तहसील के समसपुर का दो दिवसीय ऐतिहासिक एवं पौराणिक इनामी दंगल का आयोजन गुरुवार को किया गया। दूर दराज के पहलवानों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। दर्जनों पहलवानों ने अपनी - अपनी कला का प्रदर्शन दिखाया। वैशाली दिल्ली व राज बहादुर जालौन के बीच 24 सौ रूपए में कुश्ती हुई जिसमें वैशाली विजयी हुई , मनराज काजू व शुभम् पंजाब के बीच 22 सौ रूपए में कुश्ती हुई जिसमें मनराज विजयी हुए, नवनीत सैय्यद सरावां व संजय फतेहपुर के बीच 18 सौ रूपए में कुश्ती हुई जिसमें नवनीत विजयी हुए, संतोष पडेरी व अकबर अम्बारी के बीच 16 सौ रूपए में कुश्ती हुई जिसमें संतोष विजयी हुए। ग्राम प्रधान पति आशीष कुमार पाण्डेय ने दंगल का आयोजन किया। निर्णायक के रूप में दिलीप कुमार पाण्डेय व शेरे यादव रहे। शुक्रवार को ईनामी दंगल का आयोजन करा कर समापन किया जाएगा। प्रमुख रूप से केशरी पाण्डेय, राजेश पाण्डेय, सोमप्रकाश पाण्डेय, गुड्डू ग्राम प्रधान,बलवंत यादव, लल्ला सिंह यादव, राज पाण्डेय,अनुरूद्ध पाण्डेय,ललानी गुप्ता,जेपी गौतम, सन्त लाल,अनुल उपाध्याय, चिरौंजी लाल आदि हजारों लोग उपस्थित रहे। ग्राम प्रधान पति आशीष कुमार पाण्डेय ने बताया कि शुक्रवार को होने वाले इनामी दंगल में चैम्पियनशिप चांदी की शील्ड दी जाएगी।

थाना पुलिस टीम ने चलाया मिशन शक्ति फेज -4 अभियान

कड़ा कौशांबी। कडाधाम थाना अंतर्गत रामपुर बढ़नावा ग्राम पंचायत के प्राथमिक विद्यालय में 18 अक्टूबर को क्षेत्राधिकारी सिराथू अवधेश विश्वकर्मा वा कड़ा धाम थाना इंचार्ज आशुतोष सिंह ने मिशन शक्ति फेज 4 अभियान के अंतर्गत बालिकाओं महिलाओं को जागरूक किया रामपुर बढ़नावा के प्राथमिक विद्यालय मे क्षेत्राधिकारी वा कोतवाल ने बालिकाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से शिक्षिकाओं के माध्यम से शिक्षा के साथ साथ चित्रकला मेहंदी आदि की प्रतियोगिता कराई साथ-साथ बालिकाओं को शक्ति करण से संबंधित उत्तर प्रदेश शासन की विभिन्न योजनाओं वा प्राथमिकता की जानकारी दिया महिलाओं और बालिकाओं को खुद की सुरक्षा हेतु विभिन्न हेल्पलाइन नंबर 1090 वोमन पावर लाइन 181 महिला हेल्पलाइन नंबर 108 एम्बुलेंस सेवा 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 112 पुलिस हेल्पलाइन नंबर आपातकालीन 1098 चाइल्ड लाइन 102 स्वास्थ्य सेवा तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तारित जानकारी के साथ-साथ महिलाओं को शक्ति करण से संबंधित विभिन्न योजनाओं वा प्राथमिकताओ के बारे में जानकारी दिया।

दशहरा पर्व को लेकर खाद्य सुरक्षा टीम की छापेमारी

कौशाम्बी। नवरात्रि दशहरा पर्व के अभियान के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा एवम औषधि प्रशासन द्वारा सहायक आयुक्त खाद्य शशि शेखर के नेतृत्व में दिनांक 19 अक्टूबर को जनपद कौशाम्बी के विभिन्न बाजारों जैसे -चायल खास, सराय आकिल, तिलहापुर मोड़, नेवादा रोड,बेनीराम कटरा में निरीक्षण एवम छापेमारी की कार्यवाही कि गई जिसमे किशमिश मखाना सिंघाड़ा का आटा सेंधा नमक किशमिश.छुहारा आदि खाद्य सामग्री के नमूने लिए गए खाद्य कारोबार कताओं को खाद्य नियमों के अनुपालन के लिए सख्त निर्देश दिए गए खाद्य सचल दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी भरत मिश्रा, नितिन कुमार, शहाब उद्दीन सिद्दीक़ी तथा सेनेटरी सुपरवाइजर विजय मिश्रा शामिल रहे।

एसडीएम शौम्य मिश्रा ने चायल में ग्रहण किया कार्यभार

चायल कौशाम्बी। चायल तहसील के उप जिलाधिकारी दीपेंद्र श्रीवास्तव का प्रयागराज नगर निकाय में स्थानांतरण के बाद खाली हुए सीट पर एसडीएम सिराथू शौम्य मिश्रा को स्थानांतरित करते हुए उप जिला अधिकारी चायल का दायित्व सौपा गया है 19 अक्टूबर को तहसील चायल पहुंचकर उप जिला अधिकारी शौम्य मिश्रा ने कार्य भार ग्रहण कर लिया है कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने विभागीय स्थितियों का जायजा लिया अधीनस्थों के साथ बैठक की अधिवक्ताओं के साथ बैठक कर सामंजस बनाकर कार्य करने की बात कहां इस दौरान उन्होंने अधिवक्ताओं को भरोसा दिलाया है कि वादकारियों को त्वरित न्याय दिलाने का पूरा प्रयास किया जाएगा।

मिशन शक्ति के तहत महिलाओं बालिकाओं को किया गया जागरूक

महेवाघाट कौशांबी। महेवाघाट थाना क्षेत्र में 19 अक्टूबर को मिशन शक्ति अभियान के तहत मनचलों पर विशेष नजर रखी गई एवं महिलाओं बालिकाओं को सरकार की योजनाओं से जागरूक किया गया महिला आरक्षी स्मिता पांडे वा महिला आरक्षी प्रतिमा गुप्ता वा शिव गोपाल द्वारा एंटीरोमियो चेकिंग तथा सार्वजनिक स्थानों वा स्कूल टिकरा पर तथा क्षेत्र में भ्रमण कर चेकिंग किया गया मनचलो पर कड़ी नजर रखी गई तथा महिलाओं बालिकाओं को मिशन शक्ति नारी शक्ति नारी सम्मान अभियान के तहत हेल्पलाइन नंबर 112 पुलिस आपात कालीन सेवा 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन 102 स्वास्थ्य सेवा 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन 1930,साइबर अपराध हेल्पलाइन 181 महिला हेल्पलाइन और महिला हेलफ्डेस्क एंटीरोमियो टीम के कार्य तथा थाना के सीयूजी नंबर के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया।

झोलाछाप डॉक्टर की लापरवाही से महिला की मौत

मंहगांव कौशांबी। चरवा थाना क्षेत्र के रतगहा गांव की आशा देवी पत्नी शिवलाल बुधवार की रात को तेज बुखार से पीड़ित हुई महिला को इलाज के लिए गोपी यादव के क्लीनिक में भर्ती कराया गया झोलाछाप डॉक्टर गोपी यादव ने पहले इंजेक्शन लगाया फिर ग्लूकोस चढ़ा दिया जिससे महिला की हालत बिगड़ने लगी और कुछ देर में महिला की तड़प तड़प कर मौत हो गई है महिला की मौत होते ही परिवार में कोहराम मच गया है स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही से पूरे जिले में कुकुरमुत्ता की तरह झोलाछाप डॉक्टर क्लीनिक और नर्सिंग होम सजा कर बैठे हैं जहां आए दिन मरीजों की मौत होती है लेकिन उसके बाद भी स्वास्थ्य विभाग झोलाछाप डॉक्टर पर कार्यवाही नहीं कर रहा है इसी लापरवाही के चलते इलाज के दौरान एक महिला की फिर मौत हो गई है।

एसपी पर आरोप लगाने वाली महिला सहित 3 पर बड़ी कार्यवाही

कौशांबी। पुलिस अधीक्षक के आवास पर काम करने वाली एक महिला ने 19 जून को एसपी पर छेड़खानी का आरोप लगाया था आरोप लगाने के बाद 20 जून को पुलिस की ओर से आयोजित प्रेस-कांफ्रेंस में अपने बयान से महिला मुकर गई थी गिरोह बनाकर अवैध वसूली के आरोप में पुलिस ने महिला और उसके भाई समेत तीन लोगो पर गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की है करारी थाना प्रभारी प्रमोद कुमार ने 18 अक्टूबर को गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज कराया है।

जन शिक्षण संस्थान ने प्रशिक्षण केंद्र टेढ़ी मोड़ एवं शहजादपुर में किया सेनेटरी पैड वितरण

कौशाम्बी जन शिक्षण संस्थान कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा दिनांक 1 अक्टूबर 2023 से 31 अक्टूबर 2023 तक चलाएं जा रहे स्वच्छता अभियान के तहत 19 अक्टूबर को संस्थान निदेशक राजकुमार पांडे ने सभी प्रतिभागियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई और स्वच्छता अभियान के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा किया तथा प्रशिक्षण केंद्र टेढ़ी मोड़ एवं शहजादपुर गांव में आशा बहू कल्पना एवं संतोष कुमारी के द्वारा सेनेटरी पैड वर्षा देवी अनूपा देवी रीना कुमारी वंदना देवी खुशी देवी आदि प्रतिभागियों को सेनेटरी पैड वितरण किया गया इस कार्यक्रम में संस्थान के कार्यक्रम अधिकारी संजय सिंह सहायक कार्यक्रम अधिकारी विजेंद्र मिश्रा श्रद्धा तिवारी वैशाली केसरवानी कल्पना गौतम आदि प्रतिभागी मौजूद रहे।

एन डी कॉलोनी भरवारी के दुर्गा पूजा पंडाल में बह रही है राम कथा की रसधार

भरवारी कौशाम्बी। नगरपालिका परिषद भरवारी के एन डी कॉलोनी के दुर्गा पूजा पंडाल में मां भगवती का भव्य दरबार सजा है। पंडाल में सायं काल सभी भक्त मां भगवती की महाआरती करते हैं। आरती के पश्चात प्रयागराज से पधारे राष्ट्रीय मानस प्रवक्ता पंडित जय प्रकाश मिश्रा मानस चंचरीक द्वारा संगीत के माध्यम से राम कथा सुनाई जाती है। आज की कथा में उनके द्वारा प्रभु श्री राम की बाल लीला का वर्णन एवम् महर्षि विश्वामित्र के अयोध्या आगमन, महाराज दशरथ से अपने यज्ञ की रच्छा हेतु उनसे राम , लक्ष्मण को मांगे जाने का प्रसंग सुनाया। पहले महाराज दशरथ इनकार करते है, किंतु कुलगुरु वशिष्ठ के कहने पर मान जाते हैं। वन जाकर सबसे पहले ताड़का नाम की रच्छ्सी का वध करते हैं। यह कार्यक्रम कई वर्षों से एन डी कॉलोनी जन उत्थान समिति द्वारा संचालित किया जाता है।कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष एडवोकेट राम प्रकाश मिश्रा, संजय तिवारी, कुलदीप तिवारी, प्रमोद पांडे, राजेश सिंह गौतम, रामलखन केसरवानी, जयप्रकाश केसरवानी,डॉक्टर डी आर शर्मा आदि एवम बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही।

गांजा की खेती करने वाला दो बोरा गाँजा के साथ गिरफ्तार

महेवाघाट कौशाम्बी। महेवाघाट थाना क्षेत्र में गांजा की खेती करने में लिप्त एक व्यक्ति को पुलिस ने गांजा की खेती करते हुए पकड़ा है पुलिस ने उसके कब्जे से 26 किलो हरा गाँजा बरामद किया है मौके पर अभियुक्त से 850 ग्राम सूखा गांजा भी बरामद हुआ है अभियुक्त लंबे समय से गाँजा की खेती कर रहा है इलाके के अलवारा झील शाहपुर और उसके आसपास के गांव में लंबे समय से गाँजा की खेती में कई लोग लिप्त है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक अभियुक्त रामदास पुत्र स्व नन्हा निषाद निवासी मुबारकपुर थाना महेवाघाट अवैध तरीके से गाँजा की खेती करता था मुखबिर के जरिए थाना अध्यक्ष रजनीकांत राजपूत को गांजा की खेती करने की जानकारी मिली जिस पर पुलिस ने 19 अक्टूबर को अभियुक्त रामदास के घर और खेत में दबिश दी खेत में गांजा बरामद होने पर पुलिस ने अभियुक्त को हिरासत में ले लिया तौल करने के बाद पुलिस को मालूम हुआ की खेत से बरामद गांजा की फसल का वजन 26 किलो है घर में 850 ग्राम गाँजा पुलिस को मिला है पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है।

वर्दी साफा पाकर चौकीदारों के खिले चेहरे

कौशाम्बी। थाना प्रभारी चरवा विनोद कुमार सिंह ने 19 अक्टूबर को चरवा थाना के चौकीदारो को बुलाकर बैठक किया। थाना प्रभारी ने सभी चौकीदारो से क्षेत्र के गतिविधियों के बारे में जानकारी लिया। थाना प्रभारी ने दर्जनों चौकीदारों को विभाग से मिली वर्दी व साफा वितरण किया वर्दी व साफा पाकर चौकीदारों के चेहरे खिल गए।

विधवा महिला के साथ आधी रात को जोर जबरदस्ती

महगाव कौशांबी। संदीपन घाट थाना क्षेत्र के कशिया मूरतगंज की एक विधवा महिला के साथ बीती आधी रात को एक युवक ने जोर जबरदस्ती किया है महिला के हो हल्ला मचाने पर युवक मौके से भाग गया है बताया जाता है कि इसके पहले भी दो बार विधवा महिला के साथ युवक जोर जबरदस्ती कर चुका है विधवा महिला के हो हल्ला मचाने से आक्रोशित युवक ने महिला के साथ मारपीट की है और उसका टच मोबाइल छीनकर भाग गया है पुलिस को दिए तहरीर में महिला ने बताया कि उसके पति की 2 साल पहले मौत हो गई सास ससुर भी नहीं है छोटे-छोटे बच्चों के साथ वह घर की छत में रात में सो रही थी तभी युवक ने उसके साथ जोर जबरदस्ती किया है।

छत का जंगला काटकर सूने घर में लाखों की चोरी



अखंड भारत संदेश

अझुवा कौशांबी। नगर पंचायत अझुवा वार्ड नंबर 11 नेता नगर में सूने घर से चोरों ने लाखों का मॉल नकदी सहित चोरी कर फरार हो गए पीड़ित दुकानदार ने पुलिस से शिकायत की है। मामला नगर पंचायत अझुवा के वार्ड नंबर 11 नेता नगर का है स्कूली सामग्री,कापी किताबों के थोक व फुटकर व्यापारी पियूष कुमार केसरवानी पुत्र अमृत लाल केसरवानी मकान बनाकर टांडा रोड में रहते हैं पियूष केसरवानी के मुताबिक 16 अक्टूबर दिन रविवार को अपनी पत्नी का इलाज हेतु वह दिल्ली चले गए आज 19 अक्टूबर दिन गुरुवार को दिल्ली से वापस आकर घर की दूसरी मंजिल पहुंचा तो घर में चोरी होने का पता चला चोर ऊपरी मंजिल में लगे जन्गला तोड़कर दूसरी मंजिल में कूदे थे वहां रखी अलमारी से 60 हजार रुपए नकद सहित सोने की 2 चूड़ियां,जंजीर अंगूठी लाकेट चोरी कर फरार हुए हैं अझुवा चौकी पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है वहीं सूचना पर पहुंची अझुवा चौकी पुलिस छानबीन करते हुए चोरों की तलाश में जुट गई है।

3 दिन बीते लाखों की चोरी में रत्ती भर आगे नहीं बढ़ सकी पुलिस

मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के मालक पिंजरी गांव के मजरा में दो भाइयों के घर में रविवार की रात हुई थी चोरी

कौशाम्बी। मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के मालक पिंजरी गांव के मजरा चकिया में रविवार की रात्रि को कमल सिंह वा नरेंद्र सिंह के घर में आधी रात को ताला तोड़कर के 20 लाख रुपए से अधिक से कीमत के सोने चांदी के जेवर नगद रुपए चोर उठा ले गए थे इसके अलावा गांव में अन्य लोगों के घरों में भी चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है दो भाइयों के घर मे चोरी की घटना में किसी अपने खास लोगो का हाथ होने की उम्मीद है मामले की शिकायत पीड़ित परिजनों ने मंझनपुर पुलिस से की है लेकिन घटना को तीन दिन बीत जाने के बाद भी कोतवाली पुलिस बड़ी घटना के खुलासे में रत्ती भर आगे नहीं बढ़ सकी है वही चोर को बचाने के लिए लोगों ने ठेका लेना शुरू कर दिया है बताया जाता है कि आप पार्टी के एक नेता चोर को बचाने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपना रहे है 20 लाख की चोरी करने वाले को निर्दोष बता कर नेताजी पुलिस से सिफारिश कर रहे हैं चचाओं पर जाए तो चोरी की घटना में लिप्त लोगों की सुरागरसी पुलिस को लग गई है और दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार भी किया है जिनसे कड़ाई से पूछताछ करने के बाद घटना की कहानी उन्होंने परत दर परत खोल कर रख दी है लेकिन अभी तक मामले में चोरी गए सोने चांदी के जेवर नगद रुपए बरामद कर आरोपियों को पुलिस ने जेल नहीं भेजा है।

नलकूप की कोठरी से स्टार्टर और केबल चोरी

महगाव कौशाम्बी। चरवा थाना क्षेत्र के ग्राम जुगवा मजरा पंशौर में एक किसान के नलकूप की कोठरी में अज्ञात चोरों ने स्टार्टर व केबल चोरी कर लिया। सुबह जानकारी होने के बाद किसान ने चरवा थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। थाना क्षेत्र के गांव जुगवा मजरा पंसौर के रहने वाले विजय बुल्लर सिंह पुत्र स्व बोहित सिंह ने बताया कि उसके नलकूप से अज्ञात चोरों ने उसके नलकूप से स्टार्टर व तार और मीटर चुरा ले गए हैं। जब सुबह विजय बुल्लार अपने नलकूप पर गया तो देखा तो उसके नलकूप में लगी तार लगभग 30, 30 मीटर की दो केबल चोर ने पार कर दिया। विजय बुल्लर ने चरवा थाना में इसकी सूचना दी मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

आदिशक्ति मां दुर्गे की भक्ति में डूबे ग्रामीण चारों तरफ बह रही भक्ति की बयार

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। करारी क्षेत्र के लगभग प्रत्येक गांव में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी नवरात्रि के पावन अवसर पर दुर्गा प्रतिमा को कई जगहों पंडालों में स्थापित किया गया है। जिसमें नवरात्रि के अवसर पर शानदार कार्यक्रम का आयोजन करके रात्रि जागरण भी किया जाता है। कहीं पर लोग भजन कीर्तन , आरती सांस्कृतिक कार्यक्रम इत्यादि शांतिपूर्वक कर रहे हैं तो कहीं पर छोटे -छोटे बच्चे अपनी प्रतिभा के बल पर छोटे -छोटे नाटकों के माध्यम से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करके तालियों से पूरे पंडाल को गुंजायमान कर रहे हैं। वहीं दूर दराज से आए कलाकारों के द्वारा अपनी सुन्दर कलाकारी के माध्यम से लोगों का मन मोह लेने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहें हैं। जानकारी के मुताबिक हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी कई गांवों में रामलीला का भी आयोजन किया गया है जिसके माध्यम से ग्रामीणों के बीच सदभावना भाई प्रेम, पिता की आज्ञा का पालन करने जैसे इत्यादि के बारे में लोगों को जागरूक किया जा रहा है। करारी क्षेत्र के महेन्द्र लहना सालेपुर तियरा जमालपुर बभनपूरा मुकीमपुर गुवारा तैयबपुर बरलहा भैला मकदूमपुर इत्यादि गांवों के ग्रामीण मां आदिशक्ति दुर्गे की भक्ति में पूरी तरह से डूबे हुए हैं रात दिन जगह जगह पर भक्ति की बयार बह रही है ग्रामीणों में भक्ति के भाव छलक रहे हैं।

मुकदमा दर्ज करने के बाद गिरफ्तारी कार्यवाही को भूल गई सीबीआई

दिल्ली के नेताओं से राहत दिलाने के नाम पर आरोपी से वसूली गई मोटी रकम

कौशाम्बी। बालू के अवैध खनन के मामले में कौशांबी जनपद के यमुना घाट हमेशा सुर्खियों में रहे हैं समाजवादी पार्टी के कार्यकाल में भी कौशांबी जिले के यमुना घाटों से बालू का अवैध खनन हुआ है अवैध खनन को लेकर पूर्व के वर्षों में सीबीआई जांच शुरू कराई गई बालू के अवैध खनन के मामले में कौशांबी के कई माफियाओं के चेहरे सामने आए सीबीआई अफसरो ने कौशांबी में डेरा जमाया पूछताछ के लिए कई माफियाओं को सीबीआई ने अपने सम्मुख बुलाया कई कई घंटे बालू माफिया से पूछताछ हुई कुछ बालू माफियाओं को तो कई बार सीबीआई अफसर के सम्मुख पेश होना पड़ा कुछ बालू माफिया ने पसीने छोड़ दिए तो कुछ की धोती और पेंट गीली हो गई कौशांबी के विभिन्न यमुना घाट से अवैध बालू खनन के साक्ष्य मिलने के बाद सीबीआई अफसरो ने तत्कालीन जिला अधिकारी समेत कई बालू माफियाओं पर मुकदमा दर्ज करा दिया पर वर्षो बीत जाने के बाद मुकदमे की फाइल आगे नहीं बढ़ी सूत्र बताते हैं कि आरोपियों को राहत देने के नाम पर एक नेताजी ने दिल्ली के एक माननीय के नाम पर मोटी रकम वसूली है कथित बालू माफियाओ ने सत्ता का चोला ओढ़ लिया है जिसके बाद से बालू माफियाओं पर सीबीआई जांच की कार्यवाही ठंडी पड़ती दिख रही है।

धर्मा देवी की छात्राओं को मेडल पहनाकर सीओ ने किया सम्मानित

कौशाम्बी। मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजनाओं में एक मिशन शक्ति नारी सुरक्षा,नारी सम्मान,नारी स्वावलंबन कार्यक्रम के अंतर्गत धर्मा देवी इण्टर कॉलेज केन कनवार में सब जूनियर वर्ग,जूनियर वर्ग तथा सीनियर वर्ग की छात्राओं के मध्य 100 मीटर की दौड़ को क्षेत्राधिकारी सिराथू अवधेश विश्वकर्मा द्वारा हरी झंडी दिखाकर संपन्न करायी गयी मिशन शक्ति के अन्तर्गत अनेको जानकारी छात्राओं को प्रदान की गयी सब-जूनियर वर्ग में नेहा देवी को प्रथम,शिखा पाल को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ, इसी क्रम में जूनियर वर्ग में रीना देवी को प्रथम, रंजना देवी को द्वितीय, मांशी साहू को तृतीय,तथा सीनियर वर्ग में सोनम देवी को प्रथम, पिंकी देवी को द्वितीय, शालिनी को तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को क्षेत्राधिकारी सिराथू अवधेश विश्वकर्मा,चौकी इंचार्ज अझुवा अरुण कुमार मौर्य विजयेन्द्र सिंह उप-निरीक्षक थाना सैनी के कर-कमलों से मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया क्षेत्राधिकारी सिराथू द्वारा छात्राओं को कन्या सुमंगला योजना,1090,मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह योजना, महिला साइबर सेल आदि योजनाओ पर विस्तार से बताया गया अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ.रामकिरण त्रिपाठी ने आये हुये गणमान्यो का आभार व्यक्त किया इस कार्यक्रम के अवसर पर रामशंकर सिंह धनवन्तरि कुमार अमित त्रिपाठी आदित्य कुमार द्विवेदी पुनीत अग्रहरि धर्मेन्द्र कुमार शास्त्री आदि शिक्षक एवं छात्राएँ उपस्थित रहीं।

कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण हेतु बालिकाओं के बीच कराई गई दौड़ प्रतियोगिता

कौशाम्बी। कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण हेतु "शक्ति दीदी" के चौथे चरण के दृष्टिगत मिशन शक्ति प्रोग्राम के तहत अपर पुलिस अधीक्षक व उपजिलाधिकारी मंझनपुर द्वारा स्पोर्ट्स स्टेडियम कौशाम्बी की बालिकाओं के बीच दौड़ प्रतियोगिता कराई गयी एवं जागरूक किया गया मुख्यमंत्री उ0प्र0 सरकार द्वारा मिशन शक्ति अभियान फेज-04 के अन्तर्गत 19 अक्टूबर को अपर पुलिस अधीक्षक व उपजिलाधिकारी मंझनपुर द्वारा स्पोर्ट्स स्टेडियम कौशाम्बी की बालिकाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन कार्यक्रम के बारे में जागरूक किया गया तथा बच्चियों उनके प्रति होने वाले किसी भी अपराध के बारे में तत्काल पुलिस एवं शक्ति मित्र महिला पुलिसकर्मियों को सूचना देने के लिए जागरूक किया गया एवं हेल्पलाइन नंबर 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन 102 स्वास्थ सेवा,108 एंबुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन तथा 1078, 181, 112 आदि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया इसी अभियान के क्रम में मिशन शक्ति दौड़/खेल कूद कार्यक्रम के तहत बालिकाओं के बीच दौड़ प्रतियोगिता कराई गयी जिसमें कुवैत में हुए एशियन यूथ चैम्पियनशिप में 03 हजार मीटर की दौड़ में सिल्वर मेडल विजेता सुनीता द्वारा प्रतिभाग किया गया। उत्साहवर्धन हेतु बालिकाओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत जवाहर नवोदय विद्यालय की छात्रा वाणी मालवीय द्वारा मिशन शक्ति गीत गाकर की गई।

संपादक की कलम से

राहुल गांधी का अदानी पर नया हमला

यह आरोप लगाकर कि केन्द्र सरकार द्वारा देशवासियों को महंगी बिजली बेचने का उद्देश्य गौतम अदानी को फायदा पहुंचाना है, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मुश्किल में डाल दिया है। मोदी और अदानी के रिश्तों को लेकर राहुल पिछले लम्बे समय से अनेक खुलासे करते आ रहे हैं जिसके चलते मोदी समेत पूरी भारतीय जनता पार्टी की भरपूर किरकिरी हो चुकी है। यह मामला न केवल भारत में वरन विदेशों में भी गूंज रहा है। संसद के भीतर हो या बाहर, राहुल और उनकी पार्टी इस मुद्दे को लेकर मोदी की घेराबन्दी करती आ रही है। नये आरोप यानी मोदी-भाजपा की नयी मुसीबत। बुधवार को राहुल गांधी ने दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में प्रसिद्ध अखबार 'फाइनेंशियल टाइम्स' में छपी एक रिपोर्ट का हवाला देकर आरोप लगाया कि अदानी ने 12 हजार करोड़ रुपये का घोटाला किया है। उनका यह भी कहना था कि अदानी की वजह से ही देशवासियों को महंगी बिजली मिलती है। उनके मुताबिक अदानी इंडोनेशिया से कोयला खरीदते हैं और उसका भाव हिन्दुस्तान में दोगुना हो जाता है। अदानी कोयले की कीमत को गलत दिखाते हैं। कांग्रेस नेता का कहना है कि 'लोग जैसे ही बिजली का स्विच ऑन करते हैं, अदानी की जेब में पैसा जाता है। अदानी की रक्षा भारत के प्रधानमंत्री कर रहे हैं। दुनिया के बाकी देशों में जांच हो रही है लेकिन भारत में अदानी को कोरा चेक दिया गया है। अदानी जो चाहे कर सकते हैं।' राहुल का साफ कहना था कि 'लोग 12 हजार करोड़ रुपये का यह आंकड़ा याद रखें।' उन्होंने सवाल किया- 'पीएम अदानी की जांच क्यों नहीं कराते?' उल्लेखनीय है कि राहुल पिछले वर्ष कन्याकुमारी से कश्मीर तक निकाली अपनी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कई बार मोदी व अदानी के बीच सांठ-गांठ का आरोप लगाते रहे। इतना ही नहीं, लोकसभा में भी उन्होंने इस मामले को दमदार तरीके से उठाया था। अदानी के हवाई जहाज में बैठकर प्रधानमंत्री पद के शपथ ग्रहण के लिये दिल्ली आ रहे मोदी की तस्वीर भी उन्होंने संसद में लहराई थी। इसके चलते खूब हंगामा हुआ था। उनके भाषणों के वे हिस्से विलोपित कर दिये गये थे, जिनमें राहुल ने मोदी-अदानी के रिश्तों तथा इस व्यवसायी के कथित घोटालों की पोल खोली थी। इस सबके चलते गुजरात की एक कोर्ट में 2019 के चुनाव प्रचार के दौरान दिये गये एक भाषण को आधार बनाकर राहुल के खिलाफ दाखिल अवमानना मामले की आनन-फानन में सुनवाई कर उन्हें दो साल की सजा दिला दी गई थी। उतनी ही तेज गति से उनकी लोकसभा की सदस्यता छीन ली गई थी। करीब चार माह सदन से बाहर रहने के बाद सुप्रीम कोर्ट द्वारा उनकी सजा पर लगाई गई रोक से सदस्यता बहाल हुई थी। वैसे सदन के भीतर, सदस्यता के निलम्बन के दौरान, वापस आने के बाद और तत्पश्चात सदन के बाहर राहुल की अदानी को लेकर घेराबन्दी हमेशा जारी रही। मोदी शासनकाल में दुनिया के दूसरे सबसे अमीर बने अदानी को लेकर हिन्डनबर्ग की रिपोर्ट ने मोदी व अदानी को संकट में तो डाला ही था, राहुल को और भी हमलावर बना दिया। उनके बयानों तथा अदानी पर उनके आरोपों की एक तरह से पुष्टि पहले हिन्डनबर्ग रिपोर्ट से हुई। पहले भी प्रतिष्ठित समाचारपत्र 'फाइनेंशियल टाइम्स' ने अदानी को लेकर बड़े खुलासे किये थे। उसी कड़ी के रूप में अब यह नयी रिपोर्ट आई है जिसके आधार पर राहुल ने ताजा हमला बोला है। निश्चित है कि इससे मोदी और केन्द्र सरकार पर नये सवालिया निशान उठेंगे। फिर, मोदी पर राहुल का नया आक्रमण ऐसे वक्त पर हो रहा है जब पांच राज्यों की विधानसभाओं के लिये अगले महीने चुनाव होने जा रहे हैं। भाजपा ये सभी चुनाव मोदी के चेहरे पर लड़ रही है जिनमें उन्हें एक सफल व साफ-सुथरी छवि का नेता के रूप में प्रोजेक्ट किया जा रहा है, वैसे ही जिस प्रकार से पिछले एक दशक से होता आया है।

एक कमजोर रस्सी पर लटका है कर्नाटक जनता दल (एस) और भाजपा का संबंध

सुशील कुट्टी

अब गौड़ा भी पार्टी में खतरनाक दरार के लिए जिम्मेदार हैं, जिसे कुछ लोग यह कहकर खुद को बेवकूफ बना रहे हैं कि यह विभाजन नहीं है, बल्कि केवल मतभेद है जो बनते-बनते विभाजन में तब्दील हो गया है। सबसे खराब स्थिति में, जेडी सेक्युलर एक जर्जर रस्सी से लटका हुआ है और अलार्म बजाने की कोई जरूरत नहीं है। कर्नाटक में जनता दल (सेक्युलर) बीच में बंट गई है। यदि संगठन के बाह्य रूप में नहीं, तो कम से कम मनभेद से। पार्टी के बड़े नेता सी एम इब्राहिम इस झगड़े के केंद्र में हैं, जिसने पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा और उनके बेटे, कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी के नेतृत्व वाले गौड़ा परिवार को गठबंधन चुनने के लिए मुश्किल स्थिति में डाल दिया है, और उनके लिए ही दुखद है कि 'सार्वभौमिक राजनीतिक अछूत', भारतीय जनता पार्टी के साथ, जो लोकतांत्रिक दुनिया की सबसे बड़ी और सबसे अमीर राजनीतिक पार्टी भी है। अब गौड़ा भी पार्टी में खतरनाक दरार के लिए जिम्मेदार हैं, जिसे कुछ लोग यह कहकर खुद को बेवकूफ बना रहे हैं कि यह विभाजन नहीं है, बल्कि केवल मतभेद है जो बनते-बनते विभाजन में तब्दील हो गया है। सबसे खराब स्थिति में, जेडी सेक्युलरएक जर्जर रस्सी से लटका हुआ है और अलार्म बजाने की कोई जरूरत नहीं है, भले ही राज्य पार्टी प्रमुख हर किसी को बता रहे हों कि यह मेरा रास्ता है या राजमार्ग। सी एम इब्राहिम कोई स्प्रिंग-चिकन नहीं हैं। न ही उनका जन्म कल हुआ था। वह जनता दल (सेक्युलर) का वर्तमान मुस्लिम चेहरा हैं। उनके कारण मुसलमानों के बहुत सारे वोट जद (एस) को मिलते हैं। अगर जनता दल (सेक्युलर) भाजपा के साथ बने रहने पर जोर देती है तो उसे उनके वोट से चूकना होगा जो पार्टी बर्दाश्त नहीं कर सकेगी। जब गुस्सा शांत होगा और इस विशेष नाटकीय घटनाक्रम पर धूल जम जायेगी, तो बेहतर समझ कायम होगी और पार्टी एकजुट रहेगी। सही? नहीं गलत। गौड़ा कबीले की चुनौती को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। यह अवज्ञा है जो विभाजन से भी आगे जाती है। यह एक बेशर्म अधिग्रहण बोली है। पिता-पुत्र की जोड़ी एक कंप्यूटर चिप की तरह बदली जा सकती है। आगामी लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा के साथ गठबंधन करने का पार्टी का निर्णय एक तैयार बहाना है। सीएम इब्राहिम का कहना है कि उनका 'गुट' मूल है और गौड़ा का जद (एस) विभाजित है। किसी भी स्थिति में, भाजपा के साथ गठबंधन करने का मतलब है कि जनता दल अब 'धर्मनिरपेक्ष' नहीं रहेगा।

अगर किसी को अब भी आपत्ति है तो बता दें कि राज्य इकाई के अध्यक्ष के रूप में इब्राहिम को न केवल निर्णय लेने बल्कि उन्हें कर्नाटक में लागू करने का भी पूरा अधिकार था। इब्राहिम का फैसला है कि जद (एस) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पार्टी भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए में नहीं रहेगी और वह इस फैसले से एचडी देवेगौड़ा को अवगत कराने के लिए एक कोर कमेटी बनाने जा रहे हैं। जनता दल (सेक्युलर) की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष का विद्रोह हवा के साथ चलना तय है। अगर उनका फैसला जनता दल (सेक्युलर) में संभावित विभाजन का संकेत दे रहा है तो ऐसा ही होगा। जाहिर तौर पर आधा जनता दल (सेक्युलर) इब्राहिम के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। 'मैं जद(एस) का कर्नाटक प्रदेश अध्यक्ष हूं,' यह हाल के दिनों में किसी द्वारा दिया गया सबसे जोरदार राजनीतिक बयान है। तो, जनता दल (सेक्युलर) में विभाजन का ट्रेंड है। सीएम इब्राहिम के हवाले से कहा जा रहा है कि पार्टी ने 2024 का आम चुनाव लड़ने के लिए एनडीए में शामिल नहीं होने का फैसला किया है और पार्टी सुप्रीमो एचडी देवेगौड़ा की अब कोई महत्वपूर्ण भूमिका नहीं है। अब केवल उन विधायकों की संख्या गिनना बाकी है जो गौड़ा को गिराने में इब्राहिम के साथ शामिल हो गये हैं। इब्राहिम ने भाजपा के साथ संबंध तोड़ने के फैसले को 'हमारा पहला निर्णय' करार दिया। दूसरा, देवेगौड़ा से भाजपा के साथ गठबंधन के लिए 'नहीं' कहने का अनुरोध करना था। कोर कमेटी देवेगौड़ा से मिलेगी और उन्हें बतायेगी कि जहां तक जनता दल (सेक्युलर) का सवाल है तो यह खेल भाजपा के लिए है। देवेगौड़ा के बेटे एचडी कुमारस्वामी ही थे जिन्होंने भाजपा के साथ जनता दल (सेक्युलर) का गठबंधन किया था। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा पार्टी प्रमुख जेपी नड्डा से मुलाकात की। दोनों दल गठबंधन पर मुहर लगाने ही वाले थे कि तभी इब्राहिम ने पूरे भाजपा-जनता दल (सेकुलर) समझौते पर पानी फेर दिया।

क्या भाजपा को इसका अनुमान था? बिल्कुल नहीं, जब तक जनता दल (सेक्युलर) ने ऐसा नहीं किया। इब्राहिम ने भाजपा के साथ-साथ गौड़ा को भी मुश्किल में डाल दिया है। उन्होंने अपनी गेंद गुगली के बराबर फेंक दी और इसने न केवल गौड़ा नेतृत्व को क्लीन बोल्ड कर दिया, बल्कि भाजपा को भी बाहर कर दिया। क्रिकेट में ऐसा कभी नहीं हुआ। भाजपा मिजोरम, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान और तेलंगाना में विधानसभा चुनावों में उतर रही है और मतदाताओं के मन में जनता दल (सेक्युलर) के त्याग की यादें ताजा हैं। क्या जनता दल (सेक्युलर) का फैसला उन पांच राज्यों में मतदान पर अपनी छाप छोड़ेगा जहां चुनाव होंगे? इब्राहिम ने इस बात पर जोर देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी को छोड़कर किसी भी राजनीतिक दल के साथ गठबंधन उनकी 'सर्वसम्मत राय' है जो सदैव दिमाग में रहेगी और शायद प्रभाव भी डालेगी।

फिर यह फैसला रद्द नहीं किया जायेगा। कुमारस्वामी और देवेगौड़ा ग्रामीण परिदृश्य को उलट-पुलट कर सकते हैं लेकिन निर्णय कसौटी पर खरा उतरेगा। इब्राहिम ने कुमारस्वामी को 'भाई' और देवेगौड़ा को 'पिता' कहा और उन्होंने कहा, 'उन्हें मेरा संदेश है कि कृपया वापस आ जायें', जो पिता और पुत्र को बता रहा है कि जनता दल (एस) आपकी समझ से बाहर है। ध्यान देने वाली महत्वपूर्ण बात यह है कि एक परिवार द्वारा संचालित पार्टी ने अपना जुआठ उतार फेंका है। कम से कम एक राजनीतिक राजवंश लूप से बाहर है। यह भी सोचने के लिए है कि भाजपा, जो वंशवाद की इतनी विरोधी है, उसके साथ गठबंधन करने पर आमादा थी, चुनावी राजनीति की लूट के लिए एक वंशवाद का सहारा। विरोधाभास दिमाग चकरा देने वाला है।

ऑस्टियोपोरोसिस के बढ़ते जा रहे है रोगी

बाल मुकुन्द ओझा

विश्व ऑस्टियोपोरोसिस दिवस एक वैश्विक स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम है जो हर साल 20 अक्टूबर को मनाया जाता है। विश्व ऑस्टियोपोरोसिस दिवस 2023 की थीम अपनी हड्डियों से प्यार करें: अपने भविष्य की रक्षा करें जो हर किसी को तीन आसान चरणों का पालन करके ऑस्टियोपोरोसिस को रोकने में मदद करने की याद दिलाता है। ये है वजन सहने वाले जोड़ों का व्यायाम सुनिश्चित करें कि आपको पर्याप्त विटामिन डी मिल रहा है और भरपूर मात्रा में कैल्शियम युक्त खाद्य पदार्थों के साथ संतुलित आहार लें। इस विषय को समग्र हड्डी के स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करने के लिए चुना गया है। यह खास दिन ऑस्टियोपोरोसिस की रोकथाम, निदान और उपचार के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए मनाया जाता है। आधुनिक जीवन शैली, रहन सहन, खान पान और शारीरिक श्रम के प्रति घोर लापरवाही ने मानव शरीर को अनेक व्याधियों ने जकड़ लिया है। इन व्याधियों से निपटने के लिए वैश्विक स्तर पर बहुआयामी प्रयास किये जा रहे है। इनमें एक व्याधि ऑस्टियोपोरोसिस की है। ऑस्टियोपोरोसिस की समस्या हमारे देश में दिन प्रतिदिन तेजी से बढ़ रही है। आज घर घर में इससे पीड़ित लोग देखने को मिल जाते है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार ऑस्टियोपोरोसिस एक वैश्विक स्वास्थ्य समस्या के रूप में हृदय रोग के बाद दूसरे स्थान पर आ चुका है। शरीर में बैक पेन, कमर में दर्द, गर्दन में दर्द, घुटने में दर्द या शरीर के किसी भी भाग में हड्डियों में दर्द हो तो आप को तुरंत सावधान हो जाना चाहिए। आपकी हड्डियों की यह शारीरिक पीड़ा ऑस्टियोपोरोसिस हो सकती है। ऑस्टियोपोरोसिस का मतलब हड्डियों का कमजोर और क्षीण होना। उम्र बढ़ने के साथ हमारी कोशिकाओं का शरीर के अनुरूप निर्माण नहीं होता है और हड्डियों के लिए पोषक तत्व कैल्शियम, मैग्नीशियम, विटामिन डी और खनिज पदार्थों को अपनी खुराक में शामिल नहीं होने से हड्डियों कमजोर होने लगती है। जिसका खामियाजा ऑस्टियोपोरोसिस के रूप में भुगतना पड़ता है। जमाने के बदलने के साथ मानव की आदतें भी बदलती रहती है। शारीरिक श्रम नहीं के बराबर होता है। पुराने जमाने में खान पान के साथ शरीर सौष्ठव का भी विशेष ध्यान रखा जाता था। शरीर कसरती और मेहनत बेशुमार होती थी। महिला और पुरुष दूरदराज के कुएं, तालाब, बावड़ी आदि पानी श्रोतों से मटकों या अन्य साधनों से पीने का पानी लाते थे। घर पर पत्थर की चक्की में आटा पीसने का रिवाज था। घर घर में गाय भैंस का काम भी बहुतायत से किया जाता था। पैदल या साईकिल का स्थान स्कूटर, मोटर साईकिल और चार पहियों के वाहनों ने ले लिया। कबड्डी और कुश्ती जैसे खेल भी गली मोहल्लों में देखने को मिल जाते थे।

कहने का तात्पर्य है भरपूर खाते पीते थे तो उसके मुकाबले मेहनत के कामों में भी पीछे नहीं रहते। समय के साथ हमारी दिनचर्या और खान पान की प्रणाली बदली जिसके फलस्वरूप आधुनिक जीवन शैली के अनुरूप हमने अपने को ढालना शुरू कर दिया। भारत में हर आठ में से एक पुरुष और हर तीन में एक महिला ऑस्टियोपोरोसिस की शिकार है। मुख्यतः 30 से 60 वर्ष के लोग इस बीमारी के शिकार होते हैं। कम उम्र के युवाओं को भी इसका शिकार होना पड़ रहा है। फिर उम्रभर लगातार फिजियो और अन्य चिकित्सकीय साधनों पर निर्भरता बढ़ जाती है। विशेषज्ञों का कहना है कि पीठ में दर्द, कद का छोटा पड़ना या आगे की तरफ झुक जाना इसके कुछ महत्वपूर्ण लक्षण हैं। हड्डी रोग विशेषज्ञों के अनुसार, भारत में लगभग तीन करोड़ लोग इस बीमारी से पीड़ित हैं, जिसमें 70 प्रतिशत महिलाएं हैं। रजोनिवृत्ति के दौरान महिलाओं में एस्ट्रोजेन हार्मोन कम बनने लगता है, जिससे हड्डियों के कमजोर होने का खतरा बढ़ जाता है।

बच्चे को जन्म देने के दौरान भी महिलाओं में कैल्शियम की कमी हो जाती है, जिसकी भरपाई कर पाना अक्सर मुश्किल होता है। इसलिए 45 से 50 साल की जिन महिलाओं में मासिक धर्म अनियमित हो गया हो, उन्हें कैल्शियम लेना शुरू कर देना चाहिए। इस रोग से बचाव जागरूकता ही है। समय पर रोग निदान से ही बचा जा सकता है अन्यथा जीवनभर इस परेशानी से जूझना पढ़ सकता है।

इजराइल-फिलिस्तीन झगड़े में विश्वगुरु बनने की चाहत!

इजराइल और फिलिस्तीन के बीच छिड़ी जंग से कट्टर हिन्दू और कट्टर मुसलमान दोनों बहुत खुश हैं। ऐसे हिन्दुओं को इस बात में मजा आ रहा है कि मुसलमान मारे जा रहे हैं और मुसलमानों को इस बात में कि उनके लोग यहूदियों को सबक सिखा रहे हैं। इन दोनों फिरकों को कतई ये बुरा नहीं लग रहा है कि आखिर कत्ल तो बेगुनाह इंसानों का ही हो रहा है। दिक्कत ये है कि हमास को आतंकवादी संगठन कहने पर मुसलमान नाराज हो जाते हैं और इजराइल को आक्रान्ता बताने पर हिंदूवादी। दोनों ही भूल जाते हैं कि युद्ध किसी चीज का समाधान नहीं है, बल्कि वह समस्याएं ही पैदा करता है और उन्हें बढ़ाता भी है। लगभग डेढ़ साल से चल रहे रूस-यूक्रेन युद्ध का अभी तक तो कोई नतीजा निकला नहीं है और न ही निकट भविष्य में ऐसा होता दिखाई देता है। इधर हिन्दूवादियों को इस युद्ध ने मुसलमानों के खिलाफ एक और कुतर्क दे दिया है जिसके मुताबिक मुसलमान अगर ये मानते हैं कि इजराइल ने उनकी जमीन हथिया ली है और वो उन्हें वापस मिलनी चाहिये तो फिर वे अयोध्या, काशी और मथुरा हिन्दुओं को वापस क्यों नहीं दे देते। राजनीतिक रूप से निरक्षर लोगों को यह बात सही लग सकती है लेकिन वास्तव में इजराइल-फिलिस्तीन मामले की तुलना भारत के इन धर्मस्थलों से करना सिरे से गलत है। क्योंकि इनको लेकर विवाद थे नहीं, पैदा किये गये हैं और इनका निपटारा देश की अदालतें देर-सबेर कर ही देंगी। दूसरा- तमाम मतभेदों के बावजूद और कभी-कभार के तनाव या टकराव को छोड़ सभी धर्मों के मानने वाले शांति और भाईचारे के साथ इस देश में रहते आये हैं जबकि इजराइल ने फिलिस्तीनी आबादी को बहुत छोटे से इलाके में रहने को मजबूर कर रखा है और उस पर भी वह लगातार हमले करता रहता है।

इस युद्ध के साथ कांग्रेस के खिलाफ भी दुष्प्रचार का नया सिलसिला चल निकला है। कांग्रेस ने पहले ही दिन निर्दोष इजराइली नागरिकों की हत्या पर गहरा दुःख व्यक्त किया, उनकी भर्त्सना की और युद्धविराम की अपील भी की। लेकिन फिलिस्तीन के अधिकारों की बात करते ही उस पर हमास समर्थक होने का लेबल चस्पा कर दिया गया क्योंकि कांग्रेस ने हमास की निंदा नहीं की। एक झूठ यह भी फैलाया जा रहा है कि फिलिस्तीनी नेता यासिर अराफात एक आतंकवादी थे, जिन्हें इंदिरा और राजीव गांधी ने सर-आंखों पर बैठाया। इंदिरा गांधी ने मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए सबसे पहले फिलिस्तीन को मान्यता दी और अराफात को 'नेहरू शांति पुरस्कार' दिया, उन्हें एक करोड़ रुपये और सोने की ढाल भेंट की जबकि राजीव गांधी ने उन्हें 'इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय शांति पुरस्कार' दिया। इतना ही नहीं, राजीव ने उन्हें दुनिया भर में घूमने के लिए बोइंग जहाज भी भेंट किया था। कहने की जरूरत नहीं कि बेसिर पैर की ऐसी बातें कहां और क्यों गढ़ी जाती है। दो और दो को पांच बनाने में माहिर भारतीय जनता पार्टी को बताना चाहिए कि अटल बिहारी वाजपेयी ने 1977 में रामलीला मैदान पर फिलिस्तीन के समर्थन में जो कहा था, उससे वह सहमत है या नहीं।

राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा ज्यादा से अलग नहीं है चुनावी दौरे

अशोक भाटिया

मिजोरम से लौटकर राहुल गांधी ने दिल्ली आए और तेलंगाना रवाना होने से पहले प्रेस कांफ्रेंस कर उद्योगपति गौतम अडानी के कारोबार के बहाने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोला। लगता ऐसे था कि राहुल गाँधी के पास अडानी ही है और अडानी के बहाने निशाने पर मोदी ही है । प्रेस कांफ्रेस हो या जनसभा लोगों को मालूम है कि उनके निशाने पर अडानी व मोदी ही रहने वाले है । मिजोरम के चुनाव प्रचार में भी निशाने पर मोदी ही रहे, और तेलंगाना में भी मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव पर हमला वाया मोदी ही होगा, ये भी तय है। लेकिन, राहुल गांधी की चुनावी यात्राएं थोड़ी अजीब लगती हैं। वे ऐसे समय मिजोरम की यात्रा करते हैं, जब मध?य प्रदेश में कांग्रेस अपना घोषणा पत्र जारी करने वाली होती है। मिजोरम में भी कांग्रेस के पास एक मौका तो है, सत्ता में वापसी का। मिजोरम में कांग्रेस की सत्ता में वापसी भी क्षेत्रीय नेताओं के भरोसे ही है, यानी राहुल गांधी की वजह से बहुत फर्क पड़ने वाला नहीं है। मिजोरम में कांग्रेस को खड़ा करने और उसे बनाये रखने वाले लालथनहलवा के राजनीति से संन्यास लेने के बाद ये पहला विधानसभा चुनाव हो रहा है। लेकिन, यहां राहुल गांधी के चुनाव प्रचार की कम और और भारत जोड़ो यात्रा की झलक ही ज्यादा देखने को मिली। कहीं किसी समर्थक के साथ सेल्फी लेते दिखे, तो कहीं किसी बच्चे को किस करते हुए। सोशल मीडिया पर आयी तस्वीरें तो यही कह रही हैं।

राहुल गांधी का मिजोरम दौरा भी करीब करीब वैसा ही लगता है जैसे वो 2023 के शुरू में विधानसभा चुनावों में मेघालय घूमने चले गये थे। चुनाव प्रचार के लिए मिजोरम गये राहुल गांधी ने कांग्रेस के मार्च में भारत जोड़ो यात्रा की झलक दिखाने की भी कोशिश की है। मार्च में हिस्सा लेते वक्त राहुल गांधी स्थानीय कपड़े पहने नजर आये - सिर पर मिजो टोपी भी पहन रखी थी। राहुल गांधी बिलकुल यात्रा वाले अंदाज में हाथ हिलाते, सेल्फी देते या किसी से रुक कर हाल चाल पूछते बढ़े चले जा रहे थे। राजस्थान से तो लगता है राहुल गांधी ने दूरी ही बना ली है। वैसे भी जहां वो खुद मानते हों कि कांटे की टक्कर है, वहां जाने से क्या फायदा। लेकिन राहुल गांधी को राजस्थान से ज्यादा फायदा तेलंगाना और मिजोरम में न जाने क्यों ज्यादा लग रहा है?

मिजोरम दौरे के बाद राहुल गांधी तेलंगाना का रुख कर रहे हैं, जबकि मध्य प्रदेश कांग्रेस में बवाल मचा हुआ है। घोषणा पत्र जारी करने मंच पर पहुंचे कमलनाथ और दिग्विजय सिंह ने एक दूसरे पर तंजिया वार किये। जब यह सब हो रहा था तब मप्र के चुनाव प्रभारी बनाए गए रणदीप सुरजेवाला नदारद थे। सवाल यह है कि मध?य प्रदेश जैसे अहम मोर्चे पर राहुल ही नहीं हैं तो सुरजेवाला पर भी तो दबाव कम हो जाता है। चुनाव के लिहाज से तो सारे विधानसभा चुनाव महत?वपूर्ण हैं, फिर चाहे वो मिजोरम हो, या तेलंगाना या मध्यप्रदेश। लेकिन कांग्रेस और राहुल गांधी के राजनीतिक भविष्य के लिए लिहाज से मध्य प्रदेश सबसे ऊपर है। मध्य प्रदेश में कांग्रेस भाजपा को मजबूत टक्कर देने की स्थिति में है - लेकिन अगर राहुल गांधी ने मामला नहीं संभाला तो बाजी हाथ से फिसल सकती है। खासतौर पर जब सूबे के दो क्षत्रप कमलनाथ और दिग्विजय खुद को अशोक गहलोत और सचिन पायलट बनाने पर आमादा हों।

मध्य प्रदेश में कांग्रेस के पास बड़ा मौका इसलिए भी है, क्योंकि भाजपा की शिवराज सिंह चौहान सरकार के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर भी है । भाजपा आलाकमान ने मंत्रियों और सांसदों को इसीलिए टिकट भी दिया है। दिल्ली से मध्य प्रदेश भेज दिये गये भाजपा नेताओं में काफी नाराजगी है, लेकिन मोदी-शाह के डर के मारे कोई कुछ बोल नहीं पा रहा है। बड़ी मुश्किल से भाजपा महासचिव कैलाश विजयवर्गीय अकेले ऐसे नेताओं के स्वयंभू प्रवक्ता की भूमिका निभा रहे हैं। तेलंगाना और और मिजोरम जैसे राज्यों के मुकाबले मध्य प्रदेश में कांग्रेस ज्यादा मजबूत स्थिति में है। राहुल गांधी खुद ही कह चुके हैं कि राजस्थान में कांटे की टक्कर है, जबकि मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव कांग्रेस जीत रही है। ये कह देने भर से तो होगा नहीं मैदान में तो उतरना ही पड़ेगा। आपस में लड़ रहे मध्य प्रदेश के कांग्रेस नेताओं को संभाले बिना तो चुनाव जीतना मुश्किल ही है। वैसे टिकट बंटवारे में बवाल होना कोई नयी बात नहीं है। जिस तरह से मध्य प्रदेश कांग्रेस में झगड़ा चल रहा है, वो तो राहुल गांधी के लिए चिंता की बात होनी चाहिये। अगर कांग्रेस के प्रभारी महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला को चुनाव घोषणा पत्र जारी किये जाने से पहले ही दिल्ली रवाना होना पड़े तो क्या कहा जा सकता है। कितनी गंभीर स्थिति है, राहुल गांधी को मालूम नहीं अंदाजा है कि नहीं।

देखने में आया है कि कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने मध्य प्रदेश में काफी समय दिया है, लेकिन वो स्थिति को कंट्रोल क्यों नहीं कर पा रही हैं। अगर पहले से हिदायत रहती तो कमलनाथ क्यों कहते कि जाकर दिग्विजय के कपड़े फाड़ो - और दिग्विजय सिंह शेरो-शायरी के जरिये तंज क्यों कसते बाद में सफाई देने से क्या फायदा । 2018 में जब राजस्थान विधानसभा चुनाव के दौरान अशोक गहलोत और सचिन पायलट की तकरार की बातें लोगों तक पहुंचने लगीं, तो राहुल गांधी ने दोनों को मोटरसाइकिल पर बिठा दिया था। सचिन पायलट बाइक चला रहे थे, और अशोक गहलोत पीछे बैठे हुए थे। ये भी एक पॉलिटिकल मैसेज ही था कि सचिन पायलट को राहुल गांधी ड्राइविंग सीट पर बिठा रखे थे, लेकिन बाद में अशोक गहलोत ने खेल कर दिया - और वो सब अब तक जारी है।

जंगली जानवरों से किसान त्रस्त, वन विभाग मस्त

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। कृषि विभाग ने किसान दिवस का आयोजन मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में किया। उपकृषि निदेशक राजकुमार समेत विभागाध्यक्ष मौजूद रहे। भाकियू जिला उपाध्यक्ष शिवदयाल सिंह बघेल ने किसानों की समस्याओं बाबत ज्ञापन सीडीओ को देते हुए कहा कि जिला सूखा प्रभावित है। खेतो में नमी नही है, किसान परेशान हैं। गुरुवार को हुई बैठक में किसानों ने सीडीओ से कहा कि बीज कैसे बोये, सिंचाई विभाग नहरों में पानी नही दे रहा। नहरों की सिल्ट सफाई नही हुई। समय रहते किसान पलेवा कैसे करेगा। चना, सरसो, मसूर, अलसी की बुआई के समय खेतों में नमी नही है। नहरों में टेल तक पानी पहुंचाया जाये।तहसील अध्यक्ष राजकिशोर सिंह ने कहा कि जिले का वन विभाग निरंकुश हो गया है। विभाग न तो वन कटान पर अंकुश लगा सका, न ही वन्य जीव संरक्षित कर सका। जंगली जानवर गांवों में आ गए हैं। बन्दर, नीलगाय, सुअर किसानों के लिए अभिशाप बने हैं। किसानों ने मांग की है कि जानवरो को जंगल भेजा जाए। एक दिन ऐसा आयेगा कि अन्ना जानवरों से ज्यादा जंगली जानवर गांवों में बसेरा करेंगे। जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र सिंह ने कहा कि किसानों को 20 घंटे बिजली दी जाए। बोल्टेज की समस्या सुधारी जाए। ज्यादा बिजली दिन में देने से किसान ट्यूबवेल से पलेवा कर सकेंगे। खाद-बीज उत्तम किस्म के दिये जायें। समस्याओं को लेकर किसानों ने एक्सईएन केके वर्मा, भूमि संरक्षण के तुलसीराम, उद्यान विभाग, सिचाई समेत भाकियू युवा बिंग जिलाध्यक्ष अर्जुन सिंह, सिद्धार्थ, विक्रम सिंह, जसवंत सिंह, नीलकण्ठ द्विवेदी, राजकुमार, छेदीलाल, रामशरण राजपूत आदि मौजूद रहे।

वांछित-वारंटी दबोचे

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में पुलिस ने एक वांछित व एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। गुरुवार को प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ नागेन्द्र कुमार नागर की अगुवाई में दरोगा राजेन्द्र प्रताप सिंह ने सिपाही राहुल कुमार के साथ वांछित रामा प्रसाद कोल पुत्र बड़कू कोल निवासी जमिरा कालोनी को गिरफ्तार किया है। इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्याम प्रताप पटेल की अगुवाई में वरिष्ठ दरोगा राहुल कुमार पाण्डेय ने सिपाही दिलीप कुमार के साथ वारंटी दिनेश कुमार पुत्र रामलाल निवासी नांदी को गिरफ्तार किया है।

शुद्ध खाद्य पदार्थों को जारी है छापेमारी

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के आदेश व जिलाधिकारी के निर्देश पर नवरात्रि एवं दशहरा पर्व पर आमजनता को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य/पेय पदार्थ दिलाने व मिलावटी खाद्य पदार्थों के खिलाफ जारी रोकथाम को 23 अक्टूबर तक खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग विशेष अभियान चलाये है।

गुरुवार को सहायक आयुक्त खाद्य डॉ सीआर प्रजापति ने बताया कि मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी पंकज कुमार की अगुवाई में विभाग के सभी खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को शामिल कर प्रवर्तन दल गठित किया है। प्रवर्तन दल ने प्रशासन के सहयोग से जिले में सूचना पर छापेमारी कर मिलावट/असुरक्षित होने के सन्देह पर खाद्य/पेय पदार्थों के नमूने लिए। अभियान दल ने आज 12 नमूने लिए। ये कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

प्रवर्तन दल ने खाद्य कारोबारियों से कहा कि विक्रय से पहले पैक्ड खाद्य पदार्थों में एफएसएसआई अनुज्ञप्ति नं, बैच नं, बेस्ट विफोर/एक्सपायरी निमार्ता का नाम-पता देख लें। खुले खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता खुद जांच लें। मिलावट किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं की जायेगी। नवरात्रि पर्व पर शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य/पेय पदार्थ उपलब्ध कराना नैतिक जिम्मेदारी है।

नाबालिग से छेड़छाड़ आरोपी को हुई चार साल की सजा

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। सूबे के पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर जारी ऑपरेशन कन्विक्शन-मिशन शक्ति अभियान के तहत न्यायालय में लम्बित वादों में पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निदेर्शों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक मऊ राजेश कुमार द्विवेदी व पैरोकार/दीवान आनन्द कुमार एवं मॉनिटरिंग सेल प्रभारी जयप्रकाश उपाध्याय की टीम ने नाबालिक बालिका से छेड़छाड़ के आरोपी को चार वर्ष की सजा व आठ हजार रुपये के जुमार्ना से दंडित कराया।

गुरुवार को विशेष लोक अभियोजक पॉक्सो तेजप्रताप सिंह की प्रभावी बहस के चलते न्यायालय विशेष न्यायधीश पॉक्सो/अपर सत्र न्यायाधीश विनीत नारायण पाण्डेय ने पॉक्सो एक्ट के आरोपी गुड्डा पुत्र स्व गंभू केवट निवासी सिकरो को चार वर्ष की सजा व आठ हजार रुपये के जुमार्ना से दंडित किया।

ज्ञात है कि 27 सितम्बर 2017 को नाबालिक बालिका ने मऊ थाने में रिपोर्ट लिखायी थी कि गुड्डा ने छेड़खानी कर विरोध पर गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी थी। पुलिस ने मामला दर्जकर तत्कालीन दरोगा सुरेन्द्रनाथ राम ने विवेचना कर 14 अक्टूबर 2017 को न्यायालय में आरोपी के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था।

सीएचसी में मरीजों को मुंह चिढा रही जांच मशीन

अखंड भारत संदेश

मानिकपुर/चित्रकूट। मानिकपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाखों खर्च कर सीबीसी मशीन भेजी गई थी। मशीन भेजने का उद्देश्य था कि मरीजों की सीबीसी जांच होगी। समय से मरीजों को इलाज मिलेगा।

गुरुवार को मानिकपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में सीबीसी मशीन मरीजों को मुंह चिढा रही है। एक माह बीतने के बाद भी स्वास्थ्य केंद्र पर जांच की सुविधा मरीजों को नहीं मिल रही। मौसम का मिजाज बदलने से बुखार, टाईफाइड, डेंगू के मरीज तेजी से बढ़ रहे हैं। मरीजों को जांच के अभाव में बाहर जाना पड रहा है। डॉक्टर भी मजबूरी की बात कहकर कन्नी काट लेते हैं।

मरीज संजय कुमार पांडे ने बताया कि वह कई दिन से बीमार है। गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गया तो डॉक्टरों ने जांच लिखी, जब सीबीसी लैब में जांच को गया तो पता चला कि यहां जांच नहीं हो सकती।

कई माह से मशीन खराब पड़ी है। पैथोलॉजी में बैठे कर्मचारियों ने कहा कि बाहर जांच करानी पड़ेगी। मरता क्या न करता, मजबूरी में उसे बाहर से जांच करानी पड़ी। सरकार स्वास्थ्य सुविधा देने के बड़े-बड़े दावे कर रही है, हकीकत में गरीबों के साथ छलावा के सिवाय कुछ नहीं है।

मिशन शक्ति चतुर्थ चरण पर सात दिवसीय जागरूकता शुरू

नुक्कड़ कलाकारों की टोली बता रही यूपी 112 के लाभ

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण को महिला कल्याण एवं बाल विकास की जारी मिशन शक्ति अभियान-4 में नवरात्रि व दशहरे पर एडीजी अशोक कुमार सिंह के निर्देश पर सात दिवसीय विशेष जागरूकता के पहले दिन पुरानी कोतवाली तिराहा में नुक्कड़ नाटक व एलईडी वैन से सभा कर लोगों व स्कूली बच्चों को जागरूक किया। गुरुवार को बताया गया कि छेड़छाड़, विवाद, मारपीट में ही नहीं, बल्कि किसी भी आपात दशा आग लगने, प्राकृतिक आपदा, मेडिकल इमरजेंसी में भी 112 नम्बर डायल कर मदद ले सकते हैं। चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी में दूसरे जागरूकता के तहत एक हजार से अधिक छात्राओं को अपर पुलिस अधीक्षक यूपी 112 मोहिनी पाठक ने प्रदेश पुलिस की विभिन्न योजनाओं की बाबत जानकारी दी। रात दस बजे से सवेरे छह बजे तक एस्कॉर्ट फॉर वोमेन सेफ्टी के बारे में बताया।

प्रदेश में तीन सौ से अधिक महिला पीआरवी महिलाओं की सुरक्षा को तत्पर हैं। 112 की सेवाओं को व्यापक रूप से जनता तक पहुंचाने को सोशल मीडिया व अन्य माध्यमों का उपयोग कैसे कर सकते हैं, इस बारें में जानकारी दी। छात्राओं के प्रश्नों के उत्तर एएसपी श्रीमती मोहिनी पाठक ने दिये। इस मौके पर

एएसपी श्रीमती मोहिनी पाठक ने चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी के प्रिंसिपल डॉ रणवीर सिंह चैहान को पीआरवी का प्रतीकात्मक मॉडल देकर सम्मानित किया। मीडिया सेल प्रभारी यूपी 112 लखनऊ करुणा शंकर सिंह ने साइबर क्राइम, 112 संपर्क के विभिन्न माध्यम व्हाट्सएप, फेसबुक, ट्विटर के बारे में बताया। चित्रकूट के बसअड्डा, रामघाट पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम चलाये गये, इसमें नागरिकों ने उत्साह से हिस्सा लिया। इसी क्रम में एएसपी श्रीमती मोहिनी पाठक के निर्देश पर लखनऊ से आयी डायल 112 की टीम ने कर्वी बस स्टैण्ड में कार्यक्रम कर रही है। जागरूकता कार्यक्रम दौरान दूसरों की मदद को 112 पर कॉल करने वाले जागरूक सूचनाकताओं को भी सम्मानित किया। जागरूकता कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृदा शुक्ला के निर्देश पर चलाये गये। 112 प्रभारी चित्रकूट शिवमूरत यादव, टूव्हीलर प्रभारी मंगलेश्वर तिवारी, आरओआईपी प्रभारी सत्यनारायण तिवारी, लखनऊ 112 से आये नीतीश कुमार, अभिषेक सिंह व थाने का पुलिस बल मौजूद रहा।

मूलभूत सुविधाओं से कोसों दूर है समया माता मन्दिर

अखंड भारत संदेश

मऊ/चित्रकूट। ऐतिहासिक प्राचीन स्थल नगर पंचायत मऊ में स्थित प्राचीन समया माता का मंदिर है। मंदिर की बाबत लोगों ने कहा कि ये मंदिर कब से है, कितना वर्ष पुराना है, इसके कोई प्रमाण नहीं है। गुरुवार को प्राचीन समया माता मंदिर की बाबत लोग बताते हैं कि बहुत पहले बिहार से प्रेमानंद जी महाराज आए थे, उनके पास देवी मां की साक्षात कृपा थी। कई दशकों पहले मां समया मंदिर परिसर में प्रेमानंद महाराज ने क्षेत्र में सबसे बड़ा श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ करवाया था। कई दिनों तक विशाल भंडारा चलता रहा। उनके ब्रह्मलीन होने के बाद समाधि स्थल वहीं बना दिया गया। यज्ञ दौरान मंदिर का जीर्णोद्धार कराया गया।

मां समया माता मंदिर प्रकृति की गोद में स्थित है। मंदिर प्रांगण में मां कालिंदी के सुरम्य तट पर कौशिकी नदी है। मंदिर में पंचवटी भी है। घने एवं फलदार वृक्षों से मंदिर घिरा है। दूर-दराज से साधक साधना के लिए मंदिर परिसर में आते हैं। आसपास के सैकड़ों गांवों के लोग मां समया माता के दर्शन को आते हैं। लोग मनोकामना पूर्ति को मन्नत मांगते हैं। वर्ष भर यहां धार्मिक कार्यक्रम होते रहते हैं। मंदिर परिसर सैकड़ों वर्ष पुराना होने से दूर-दराज से लोग दर्शन-पूजन को आते हैं।

मंदिर परिसर में बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। मवई कला गांव की मुख्य सड़क से आधा किमी अंदर है। मंदिर तक जाने को पक्की सड़क न होने से लोगों को परेशानी उठानी पडती है। बारिश में ये परेशानी कई गुना बढ़ जाती है। मंदिर परिसर में बाउंड्रीवॉल न होने से लोगों को परेशानी होती है। स्थानीय दिनेश कुमार त्रिपाठी, इंद्रेश त्रिपाठी ने कहा कि मंदिर परिसर में बाउंड्रीवॉल बन जाए तो परिसर की वस्तुओं की सुरक्षा हो सके। क्षेत्र के विष्णु देव त्रिपाठी ने कहा कि मंदिर परिसर में भंडारा को टीनशेड की जरूरत है। मूलभूत सुविधायें होने से श्रद्धालुओं को सहूलियत मिल जायेगी।

अग्रवाल समाज का देश के विकास में है योगदान

एसपी ने दिखाई शोभायात्रा को हरीझण्डी

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। प्रतिवर्ष की भांति अग्रवाल समाज ने अग्रसेन महाराज जयंती पर भव्य शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा को हरीझण्डी दिखाकर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला ने रवाना किया। शोभायात्रा पुरानी बाजार से रेलवे स्टेशन होते हुए रामनाथ-रामकिशुन धर्मशाला पहुंची।

गुरुवार को शोभायात्रा में पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला ने कहा कि अग्रवाल समाज हमेशा सामाजिक कार्यों में बढ-चढकर हिस्सा लेता है। इस समाज का देश के विकास में अहम सहयोग शुरू से रहा है। अग्रवाल समाज की महिलाओं ने पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला को गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। शोभायात्रा में हाथी, घोडा व रथ में महाराजा अग्रसेन तथा कुलमाता लक्ष्मी जी आकर्षण का केन्द्र रहे। शोभायात्रा दौरान आतिशबाजी व फूलों की होली खेली गई। समाज के महिला-पुरुषों ने बढ-चढकर

हिस्सा लिया। सभी पीले वस्त्रों से लैस रहे। जगह-जगह झूमते-नाचते शोभायात्रा में शामिल लोगों के लिए नास्ते की व्यवस्था भी रही। कोआपरेटिव बैंक के चेयरमैन पंकज अग्रवाल ने कहा कि उनका समाज हमेशा परोपकार के कार्यों को करता रहा है। देश व समाज के विकास में अग्रणी भूमिका निभाता आ रहा है। इस मौके पर डॉ सुरेन्द्र अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, गिरीश अग्रवाल, मुकुल अग्रवाल, राजू बनारसी, राजीव, संजय, अतुल, अमन, सुनील, विनय, स्वर्णिम, अमित, आशीष, आयूष, सिद्धार्थ, कामद, अंशुल जैन, गौरव, नमन, संदीप, अभिषेक, दीपक, राहुल, अनमोल, अर्जुन, राघव, हर्ष, रोहित जैन समेत महिलाओं की भागीदारी बढ-चढकर रही। महिलाओं में सुधा, अमिता, प्रियदर्शनी, स्वाती, छवि, अंकिता आदि शामिल रहीं।

तमंचा आरोपी को जेल में बिताई अवधि की सजा

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। सूबे के पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर जारी ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत न्यायालय में लम्बित वादों में पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निदेर्शों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ नागेन्द्र कुमार नागर व पैरोकार हरेन्द्र कुमार की पैरवी एवं सहायक अभियोजन अधिकारी सिद्धार्थ सिंह की प्रभावी बहस के चलते न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट मऊ सुश्री संघमित्रा ने तमंचा के आरोपी को जेल में बिताई अवधि व दो हजार रुपये के जुमार्ना से दंडित किया। गुरुवार को बरगढ़ थाने में दर्ज आर्म्स एक्ट के आरोपी कमलेश पुत्र गुलजार निवासी महरजा मुरका को जेल में बिताई अवधि व दो हजार रुपये के जुमार्ना से दंडित किया।

ज्ञात है कि एक दिसम्बर 2008 को पूर्व थानाध्यक्ष बरगढ़ भास्कर मिश्रा ने कमलेश पर तमंचा व कारतूस रखने के आरोप में गिरफ्तार किया था। इस बाबत थाने में मामला दर्जकर पूर्व दरोगा देवराज ने विवेचना कर दस दिसम्बर 2008 को न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था।

एसपी के निर्देश पर पांच पर मिनी गुण्डा एक्ट

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराध में अंकुश लगाने को अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में प्रभारी निरीक्षक राजापुर भास्कर मिश्रा ने भोली-भाली जनता में भय-आतंक फैलाकर गुण्डागर्दी करने वाले पांच लोगों पर मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है।

गुरुवार को राजापुर थानाध्यक्ष भास्कर मिश्रा ने क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों में लिप्त गोवर्धन पुत्र शंकर दयाल, शंकर दयाल पुत्र रामआसरे, पेटू उर्फ शंकरदयाल पुत्र शंकर दयाल, केरा उर्फ रवि पुत्र शंकरदयाल व मनीष पुत्र बच्चा निवासी डढ़िया गनीवा कोतवाली कर्वी के खिलाफ 110जी सीआरपीसी के तहत कार्यवाही की है।

पुलिस ने गांजा समेत एक दबोचा

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में कर्वी कोतवाल अजीत कुमार पाण्डेय की अगुवाई में दरोगा अनिल कुमार गुप्ता की टीम ने रमेश चन्द्र यादव पुत्र स्व भूरा यादव निवासी नारायणपुर के कब्जे से छह सौ ग्राम गांजा समेत गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ कोतवाली कर्वी में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। टीम में दरोगा अनिल कुमार गुप्ता, सिपाही पियूषशरण श्रीवास्तव व धीरेन्द्र किशोर शामिल रहे।

चारा लेने खेत गए ग्रामीण को बाघ ने हमला कर मार डाला

लखीमपुर खीरी-तहसील निघासन के थाना पढुआ क्षेत्र के मझरा पूरब गांव में पशुओं के चारा लेने अपने खेत गए ग्रामीण पर बाघ ने हमला कर मार डाला।इस घटना से पूरे क्षेत्र में दहशत फैल गई।प्राप्त विवरण के अनुसार क्षेत्र के मझरा पूरब गांव निवासी रामदुलारे 60 गांव के उत्तर दिशा में स्थित अपने ही खेत में पशुओं के लिए चारा काट रहा था।तभी खेत में मौजूद बाघ ने अचानक हमला कर दिया।चीख पुकार सुनकर खेतों काम कर रहे ग्रामीणों के शोर मचाने पर बाघ गन्ने के खेत में घुस गया।जबकि रामदुलारे की मौके पर ही मौत हो गई।घटना की सूचना मिलते ही वनकर्मियों के साथ ही मौके पर पहुंचे एसओ हनुमंतलाल तिवारी ने मृतक के परिजनों को शासन से आर्थिक मदद का आश्वासन दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।इस क्षेत्र में बाघ के हमले से मरने वालों की संख्या निरंतर बढती जा रही है।अभी एक हप्ता पहले ही मझरा के पड़ोसी कठउआ गांव में सुकई भार्गव पर हमलाकर बाघ ने मार डाला था।घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

बेटी से दुष्कर्म का नहीं दर्ज हुआ केस,पिता ने एसपी आफिस के सामने किया हंगामा

लखीमपुर खीरी- अगर किसी चैराहे पर कोई शोहदा किसी लड़की को छेड़ेगा तो अगले चैराहे पर उसे यमराज मिलेगा...ये वक्तव्य है सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लेकिन वाह खीरी पुलिस एक तरफ मिशन शक्ति का तामझाम तो दूसरी तरफ दुष्कर्म पीड़िता की लगातार थाने से लेकर एसपी आफिस तक दौड़ लगाने के बाद भी रिर्पोट नहीं लिखे जाने से आहत दुष्कर्म पीड़िता किशोरी के पिता ने एसपी कार्यालय के सामने हंगामा करते हुए धौरहरा पुलिस द्वारा दुष्कर्म पीड़ित बेटी की पिटाई तथा खुद को बेइज्जत किए जाने और तीन दिन से एसपी द्वारा भी जांच के नाम पर दौड़ाए जाने परेशान पिता का गुस्सा फूट पड़ा उसने दुष्कर्मी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई नहीं होने पर खुलेआम फांसी लगाकर आत्महत्या करने का ऐलान कर दिया।एसपी आफिस के आसपास मौजूद मीडियाकर्मियों ने पीड़ित पिता द्वारा किए जा रहे हंगामें का वीडियो बनाने के साथ ही उसकी समस्या और हंगामें का कारण भी पूछने पर उसने बताया वह धौरहरा थाना क्षेत्र के एक गांव का निवासी है।

दस दिन पूर्व उसकी पुत्री के साथ दुष्कर्म हुआ था।

जाल-पेट्रोल बम से होता है मछलियों का शिकार

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। मन्दाकिनी नदी में मछलियों के शिकार पर प्रतिबंध लगाने की मांग बुंदेली सेना ने जिलाधिकारी से की है। चोरी-छिपे बूढ़े हनुमान मंदिर से लेकर कर्वी तक जगह-जगह मछलियों का शिकार हो रहा है। कई बार तो पेट्रोल बम मारकर भी मछलियों का शिकार किया जाता है।

गुरुवार को बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने जिलाधिकारी के रामघाट में मछली बीज डलवाने का स्वागत किया है।

मछलियां प्राकृतिक सफाई कर्मी की भूमिका निभाती हैं। मन्दाकिनी नदी के प्रदूषण की रोकथाम की दिशा में मछलियों की अहम भूमिका है। नदी में मछलियों का शिकार प्रतिबंधित है।

इसके बाद भी धड़ल्ले से शिकार हो रहा है। किसी भी शिकारी के खिलाफ पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की। कुछ शिकारियों की धर-पकड़ हो जाये तो नदी में मछलियों का शिकार प्रतिबंधित हो सकता है। सभी घाटों के आसपास सिंचाई विभाग दीवारों पर चेतावनी दर्ज कराने की जरूरत है।

सम्बन्धित के मोबाइल नंबर भी दर्ज कराये जायें, ताकि कोई भी सूचना दे सके। बताया कि शिकारी चोरी-छिपे शिकार करते हैं। जाल डालकर मछलियों को मारा जाता है। कभी-कभार शिकारी पेट्रोल बम का भी प्रयोग करते हैं। मछलियों का शिकार पूरी तरह रुक जाये तो नदी के प्रदूषण में बड़ी मदद मिलेगी। बुंदेली सेना ने डीएम अभिषेक आनंद से मांग की है कि मंदाकिनी नदी में मछलियों का शिकार प्रतिबंधित कर शिकारियों पर कार्यवाही की जाये।

अस्पताल हमले बाद ईरान की धमकी- इजरायल का अंत शुरू, यूएन ने हमास सदस्यों और वित्तीय नेटवर्क पर लगाए प्रतिबंध

वाशिंगटन: पिछले 12 दिनों से जारी इजरायल-हमास जंग बेहद खतरनाक मोड़ पर पहुंच गई है। युद्ध में करीब 5000 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। 7 अक्टूबर को हमास के आतंकियो ने इजरायल पर हमला बोल दिया था। हमास के हमले में 1400 से ज्यादा इजरायली लोगों की मौत हो चुकी है। गाजा के अस्पताल में धमाके के बाद 500 लोगों की मौत हो गई। इस हमले का इजरायल और हमास दोनों ही एक दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं।

इस बीच ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी ने ईरान अस्पताल हमले के बाद बुधवार को कहा कि गाजा और फिलिस्तीन में इजरायल युद्ध अपराध कर रहा है, जिसका इस्लामी दुनिया द्वारा बदला लिया जाएगा। फिलिस्तीनियों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए राजधानी तेहरान में हजारों लोगों के सामने रईसी ने कहा, 'अस्पताल पर हमले के साथ इजरायल का अंत शुरू हो गया। फिलिस्तीनियों का एक-एक कतरा खून इजरायल को उसकी बर्बादी के करीब ले जाएगा।'

गाजा के अस्पताल पर हुए हमले के बाद की वीडियो आई सामने, हुआ भारी नुकसान

पूर्वी चंपारण। इजरायस-हमास के बीच युद्ध जारी है, इस बीच गाजा के एक अस्पताल में हुए भीषण विस्फोट की वीडियो सामने आई है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही इस वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि इस हमले से गाजा का काफी नुकसान हुआ है। सड़कों पर खड़ी गाडियां भी जलकर राख हो गई और आस-पास की कई बिल्डिंगों का भी नुकसान हुआ है। इस हमले में 500 लोगों की मौत हो गई है, वहीं कई लोगों को भारी नुकसान भी झेलना पड़ा है। इस अस्पताल में पहले से घायल मरीजों की भरमार थी और अन्य फलस्तीनी नागरिक भी यहां शरण लिए हुए थे। हमास संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। हमास ने इसे इजराइल का हवाई हमला बताया जबकि इजराइल की सेना ने आरोप लगाया कि फलस्तीनी आतंकवादियों द्वारा दागे गए रॉकेट के निशाना चूकने से यह विस्फोट हुआ। यह हमला हमास के आतंकियों ने किया है, जिसमे 500 लोगों की मौत हो गई है और कई गाडियां भी जलकर राख हो गई है।

ऑस्ट्रेलियाई पत्रकार का आरोप- चीन ने 'इम्बार्गो' उल्लंघन पर उसे 3 साल तक रखा हिरासत में

कैनबरा। ऑस्ट्रेलियाई पत्रकार चेंग लेई का कहना है कि चीन में एक सरकारी टीवी नेटवर्क पर कुछ जानकारी के निर्दिष्ट समयसीमा तक प्रसारित करने पर लगी रोक (इम्बार्गो) के उल्लंघन के लिए उन्हें तीन साल से अधिक समय तक हिरासत में रखा गया। चीन में हिरासत से रिहा होने के करीब एक सप्ताह बाद चेंग लेई का पहला टेलीविजन साक्षात्कार मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया में प्रसारित हुआ, जिसमें उन्होंने अपनी आपबीती सुनाई। चेंग लेई मेलबोर्न लौट आई हैं।

चीन में जन्मीं चेंग लेई (48) बीजिंग में सरकारी चाइना ग्लोबल टेलीविजन नेटवर्क (सीजीटीएन) के लिए अंग्रेजी भाषा की एक प्रस्तोता के रूप में कार्यरत थीं, जब उन्हें अगस्त 2020 में हिरासत में ले लिया गया था। उन्होंने कहा कि उनका अपराध अधिकारियों की ओर से दी गयी जानकारी को लेकर सरकार द्वारा लगाए गए कुछ मिनट के 'इम्बार्गो' का उल्लंघन था। चीन के आंतरिक सुरक्षा मंत्रालय के मुताबिक चेंग लेई से मई 2020 में एक विदेशी संगठन ने संपर्क किया था। चेंग लेई पर इस विदेशी संगठन को गोपनीय जानकारी मुहैया कराने का आरोप था। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि बीजिंग की एक अदालत ने चेंग लेई को सरकारी गोपनीय जानकारी अवैध रूप से विदेश में उपलब्ध कराने का दोषी ठहराया और उन्हें दो साल 11 महीने की सजा सुनाई गई थी।

चीन के दौरे में नेपाल के उप प्रधानमंत्री को हार्ट अटैक, हालत खतरे से बाहर

बीजिंग। चीन के दौरे पर गए उप प्रधानमंत्री नारायणकाजी श्रेष्ठ को सामान्य हृदयाघात के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बीआरआई फोरम में शामिल होने बीजिंग गए श्रेष्ठ का हार्ट अटैक के बाद बीजिंग यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल एंड रिसर्च सेंटर के आईसीयू में इलाज किया जा रहा है। बीजिंग स्थित नेपाली राजदूत विष्णु पुकार श्रेष्ठ के द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक बीती रात बीआरआई फोरम के कार्यक्रम में शामिल हुए उप प्रधानमंत्री तथा गृहमंत्री श्रेष्ठ को अचानक सांस लेने में तकलीफ और सीने में दर्द की शिकायत के बाद अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डाक्टरों ने उन्हें माइल्ड अटैक की पुष्टि की।

बीजिंग में मौजूद नेपाली पत्रकार विराट अनुपम ने बताया कि उप प्रधानमंत्री के कोरोना आर्टररी ब्लॉकेज की रिपोर्ट है। उनके मुताबिक स्थिति फिलहाल सामान्य है और खतरे की कोई बात नहीं है।

श्रेष्ठ के भतीजे शिवप्रकाश श्रेष्ठ ने काठमांडू से फोन पर बताया कि उपप्रधानमंत्री श्रेष्ठ का आईसीयू में रखकर इलाज किया जा रहा है। बीती रात ही श्रेष्ठ का एन्जियोप्लास्टी किया गया जिसमें बाकी सभी रिपोर्ट के सामान्य होने की जानकारी दी गई है।

उप प्रधानमंत्री श्रेष्ठ की अवस्था सामान्य होने पर डॉक्टरों की यात्रा करने की अनुमति देने के बाद नेपाल लाया जाएगा। दो दिन पहले ही नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचण्ड को भी सीने में दर्द की शिकायत के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था। प्रचण्ड का भी एन्जियोग्राफी करने के बाद कोरोना आर्टरिरी ब्लॉकेज की बात रिपोर्ट में आई थी। हालांकि उनको उसी दिन रात अस्पताल से छुट्टी दे दी गई थी।

बंदूकधारियों ने पोलियो टीम के 4 सदस्यों का किया अपहरण

अमृतसर। पाकिस्तान के खैबर उठा पख्तूनख्वा प्रांत में कुछ अज्ञात हथियारबंद लोगों द्वारा पोलियो टीकाकरण फोर्क टीम के 4 सदस्यों का अपहरण कर लिया गया और बाद में टीम के टीम 2 सदस्यों को रिहा कर दिया गया। पता चला है कि यह घटना टैंक जिले के कारी उमर खान गांव की है और इस घटना के बाद टीम के सदस्यों को ढूंढने के लिए तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया है। सूत्रों से पता चला है कि अपहरणकर्त्ता पोलियो टीम के सदस्यों को वाहन सहित अज्ञात स्थान पर ले गए और वाहन चालक को न छोड़ दिया। पाकिस्तान में पोलियो टीम सदस्यों, पर आए दिन हमले हो रहे हैं, जिसमें कई लोगों की जान जा चुकी है। के वहीं दूसरी ओर पाकिस्तान उन दो देशों में एक है जहां पोलियो अभी तक खत्म नहीं हो सका है।

गाजा में भेजी जाएगी मानवीय सहायता, बाइडेन से बातचीत के बाद मिस्र रास्ता देने को तैयार

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा कि इजराइल व हमास आतंकियों के बीच युद्धग्रस्त क्षेत्र गाजा तक मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए मिस्र सहमत हो गया है। मिस्र मानवीय सहायता भेजने के लिए राफा बार्डर खोलेगा। शुरुआती तौर पर शुक्रवार तक गाजा में मानवीय सहायता के साथ 20 ट्रक भेजे जाने पर सहमति बनी है।

बाइडेन ने इजराइल से विशेष विमान एयरफोर्स वन में सवार होते समय संवाददाताओं से मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सिसी के साथ हुई बातचीत का हवाला देते हुए कहा कि गाजा में मानवीय सहायता शुक्रवार तक शुरू हो जाएगी। उन्होंने कहा कि मिस्र के राष्ट्रपति सिसी ने गाजा में मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए राफा बार्डर खोलने की मंजूरी दे दी है। दोनों नेता संयुक्त राष्ट्र की अपील पर तत्काल काम करने के साथ मध्य पूर्व में स्थिरता बनाए रखने, संघर्ष रोकने और स्थायी शांति के प्रयासों पर सहमत हुए हैं।

इजराइल की सरकार ने भी मानवीय सहायता को मिस्र की सीमा से बमबारी वाले क्षेत्र में प्रवेश करने से नहीं रोकने का भरोसा दिया है। बाइडेन ने कहा कि जब उन्होंने इजराइल के लिए उड़ान भरी थी तो उनका मुख्य मकसद गाजा में मानवीय सहायता पहुंचाना और इसके लिए जल्दी एक व्यवस्था बनाना था। इससे पहले इजराइल दौरे के बीच बाइडेन ने गाजा व वेस्ट बैंक के लिए 10 करोड़ डॉलर की मानवीय मदद की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह मदद युद्ध प्रभावित और विस्थापित फिलिस्तीनियों के लिए है। ऐसी व्यवस्था बनाई जाएगी जिससे यह मदद जरूरतमंद लोगों तक पहुंचे न कि हमास या आतंकी समूहों तक।

पाकिस्तान ने किया 'अबाबील' बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण, भारत भी जद में

इस्लामाबाद। पाकिस्तान सशस्त्र बलों ने सतह से सतह पर मार करने वाली मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल 'अबाबील' का सफलतापूर्वक परीक्षण किया। इस मिसाइल की 'घोषित' मारक क्षमता 2,200 किमी. है, जिसकी जद में भारत भी आता है। इसका उद्देश्य भारतीय एंटी-बैलिस्टिक मिसाइल सिस्टम के जवाब में बढ़ते क्षेत्रीय बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस (बीएमडी) वातावरण में पाकिस्तान की बैलिस्टिक मिसाइलों की क्षमता बढ़ाना है।

पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मिसाइल का घोषित उद्देश्य भारतीय बैलिस्टिक मिसाइल रक्षा प्रणालियों से आगे निकलना है। सैद्धांतिक रूप से इसका उपयोग भारत के परमाणु शस्त्रागार को नष्ट करने के लिए जवाबी हमले में भी किया जा सकता है। मिसाइल की लंबाई 21.5 मीटर और व्यास 1.7 मीटर है और इसे पारंपरिक और परमाणु हथियार दोनों ले जाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसमें कई स्वतंत्र रूप से लक्षित रीएंट्री वाहन (एमआईआरवी) हैं, जो दक्षिण एशिया के पहले एमआईआरवी पेलोड का प्रदर्शन करते हैं। इसकी अधिकतम मारक सीमा 2,200 किलोमीटर यानी 1,400 मील है। रिपोर्ट्स के मुताबिक पाकिस्तान के पास इतनी क्षमता वाली पहली मिसाइल होगी। यह कुल 1,500 किलोग्राम (3,307 पाउंड) हथियार ले जा सकती है, जिसमें 500 किलोग्राम (1102.3 पाउंड) के तीन मानक हथियार या 300 किलोग्राम (661.4 पाउंड) के 5 या 185 किलोग्राम (408 पाउंड) वजन के 8 अधिकतम हथियार हो सकते हैं। अबाबील को शाहीन-III एयरफ्रेम और ठोस-ईंधन मोटर्स का विकास कहा जाता है लेकिन यदि यह वास्तव में शाहीन-3 मिसाइल का विकास है तो इसकी हथियार ले जाने की क्षमता बढ़ गई है, लेकिन सीमा 2,750 किमी (1,709 मील) से घटकर 2,200 किमी (1,400 मील) हो गई है।

इजरायल को सैन्य मदद पर यूएस के राज्य निदेशक ने दिया इस्तीफा, कहा- 'मैं गलतियों का हिस्सा नहीं बनूंगा'

वाशिंगटन। फिलीस्तीन-इजरायल जंग में अमेरिका पूरी तरह इजराइल के साथ है। अमेरिका द्वारा कई मौकों पर दोहराया जा चुका है कि वह हमेशा इजरायल के साथ है और कभी भी उसका साथ नहीं छोड़ेगा। इस वायदे को निभाने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन बुधवार को इजरायल भी पहुंचे हैं । लेकिन इस बीच अमेरिकी राज्य विभाग के निदेशक जोश पॉल ने इजरायल को सैन्य समर्थन को लेकर इस्तीफा दे दिया है। जोश पॉल, जो पहले विदेश विभाग के राजनीतिक-सैन्य मामलों के निदेशक थे, अपने पद से हट गए। उनका कहना है कि उनका निर्णय ÷इज़राइल को घातक सहायता÷ से संबंधित गहरे विवाद से प्रेरित है। पॉल ने आशंका व्यक्त की कि अमेरिका अपनी नीति में लंबे समय से चली आ रही गलतियों को दोहराने की कगार पर है। मुझे डर है कि हम वही गलतियाँ दोहरा रहे हैं जो हमने पिछले दशकों में की हैं, और मैं अब इसका हिस्सा बनने से इंकार करता हूँ। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि संयुक्त राज्य अमेरिका वर्तमान में इज़राइल को सालाना 3.8 बिलियन डॉलर से अधिक की सैन्य सहायता आबंटित करता है। ब्यूरो में हथियारों के हस्तांतरण की देखरेख करने वाले जोश ने इस सप्ताह इजरायल को हथियार और गोला-बारूद भेजना जारी रखने के बाइडेन प्रशासन के फैसले के विरोध में इस्तीफा दे दिया।

अमेरिका के पश्चिम में पड़ रही रिकॉर्डतोड़ गर्मी, पूर्व में कड़ाके की ठंड

वाशिंगटन। अमेरिका में इन दिनों मौसम के अजब रंग देखने को मिल रहे हैं। दरअसल अमेरिका के पूर्व और पश्चिमी इलाकों के मौसम में भारी अंतर देखने को मिल रहा है। पूर्व में जहां तापमान औसत से नीचे हैं और कड़ाके की ठंड पड़ रही है, वहीं पश्चिम में तापमान औसत से 10-20 डिग्री सेल्सियस तक ज्यादा है और लोग तेज गर्मी से जूझ रहे हैं।

जेट स्ट्रीम के चलते मौसम में बदलाव

अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मौसम विभाग का कहना है कि जेट स्ट्रीम के चलते अमेरिका के मौसम में यह तेज बदलाव देखने को मिल रहा है। बता दें कि जेट स्ट्रीम धरती के चारों तरफ से घेरने वाली एक तेज, संकीर्ण धारा है। इसी के चलते पूर्व में मौसम ठंडा है और पश्चिम में गर्मी पड़ रही है। हालांकि पूर्व में कम तापमान के साथ शुष्क हवाएं चल रही हैं, जिससे पतझड़ के मौसम जैसा अनुभव हो रहा है। मौसम विशेषज्ञ स्टीव बेंडर ने बताया कि टेक्सास के विक्टोरिया और बेमोंट में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास है। वहीं ओहियो वैली और फ्लोरिडा पेनिनसुला में तापमान 10-20 डिग्री सेल्सियस तक ठंडा है।



अमेरिका के ह्यूस्टन और सैन एंटोनियो जैसे शहरों में तापमान तेजी से बढ़ेगा, जिसके चलते 90 के दशक का गर्मी का रिकॉर्ड टूट सकता है। शिकागो में भी अगले दो दिनों तक तापमान सामान्य से ज्यादा रहने की उम्मीद है। न्यूयॉर्क में अगले दो दिनों तक सामान्य से कम तापमान रहेगा, वहीं अगले तीन दिनों में यह तापमान सामान्य से ज्यादा रहेगा।

गाजा के अस्पताल में हुए विस्फोट के लिए इस्राइल जिम्मेदार नही, व्हाइट हाउस ने कहा- हम आगे की जांच कर रहे

काठमांडू। गाजा के अल-अहली अस्पताल में हुए विस्फोट का फलस्तीनी सरकार लगातार इस्राइल पर आरोप लगा रही है। इस बीच, अमेरिका ने इस्राइल का पक्ष लिया है। व्हाइट हाउस का कहना है कि गाजा अस्पताल विस्फोट के लिए इस्राइल जिम्मेदार नहीं है।

व्हाइट हाउस ने खुफिया तस्वीरों और सूत्रों से मिली सूचनाओं के आधार पर कहा कि दौरान इस्राइल के साथ एकजुटता दिखाई। गौरतलब है, फलस्तीन के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि अल-अहली अस्पताल में मंगलवार देर रात हुए भीषण विस्फोट में 471 लोगों की मौत हो गई, जबकि 314 अन्य घायल हो गए।

खुफिया रिपोर्टों का हवाला- व्हाइट हाउस की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की प्रवक्ता एड्रिएन वाटसन ने एक बयान में कहा, 'अमेरिकी सरकार का आकलन है कि गाजा पट्टी के अल अहली अस्पताल में कल हुए विस्फोट के लिए इस्राइल जिम्मेदार नहीं है।' उन्होंने खुफिया रिपोर्टों का हवाला देते हुए कहा कि गाजा पट्टी में कुछ आतंकियों का मानना है कि विस्फोट फलस्तीनी इस्लामिक जिहाद द्वारा किए गए गलत रॉकेट या मिसाइल लॉन्च के कारण हुआ था। उन्होंने आगे कहा, 'हम इस बात की पुष्टि करने के लिए काम कर रहे हैं कि क्या हमले में इस्लामिक जिहाद का हाथ था।'

'फलस्तीनियों के नरसंहार की फंडिंग कर रहे बाइडन', इस्राइल को मदद देने के खिलाफ अमेरिकी सांसद राशिदा तलैब

काठमांडू। आतंकी संगठन हमास के खिलाफ जंग में इस्राइल की मदद को लेकर अमेरिकी सांसद ने अपने ही देश की सरकार को घेर लिया। हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स में डेमोक्रेट पार्टी की सांसद राशिदा तलैब ने राष्ट्रपति बाइडन पर निशाना साधते हुए कहा कि उनकी सरकार फलस्तीनियों के नरसंहार की फंडिंग कर रही है।

क्या बोलीं अमेरिकी सांसद?

अमेरिकी संसद में इकलौती फलस्तीनी-अमेरिकी सांसद राशिदा तलैब ने कैपिटल हिल पर फलस्तीन के समर्थन में निकाली गई एक रैली के दौरान इस्राइल-हमास के बीच जंग में तुरंत युद्धविराम लागू करने की मांग की। इस दौरान उन्होंने गाजा में अस्पताल में हुए हमले के लिए इस्राइल को जिम्मेदार ठहराया। अपने भाषण के दौरान राशिदा भावुक हो गईं और मंच पर ही रोने लगीं। उन्होंने कहा, 'यह बहुत दर्दनाक है। यह देखना कि लोग एक अस्पताल, जहां बच्चे मौजूद थे, उस पर बमबारी देखकर भी ठीक हैं। आप जानते हैं क्या देखना और मुश्किल है, ऐसे वीडियो जिनमें लोग बच्चों से कह रहे हैं कि रोना मत, लेकिन उन्हें रोते ही रहने देते हैं। ये बच्चे कांपते दिखते हैं, लेकिन लोग उन्हें शांत कराने की कोशिश करते हैं। ऐसे वीडियो को देखकर अगर हम नहीं रोते तो कुछ तो गलत है।' राशिदा ने कहा, 'मैं आपको बता रही हूं राष्ट्रपति बाइडन, इस मुद्दे पर पूरा अमेरिका आपके साथ नहीं है। आपको यह समझना होगा। हम लोगों को नरसंहार करते और बड़ी संख्या में कुछ को मरते देख रहे हैं, लेकिन फिर भी हम कुछ नहीं करते और मूक दर्शक बने रहते हैं। हमें यह याद रखना चाहिए।'

अमेरिकी सरकार के बयान के उलट दावे करती रही हैं राशिदा

इस्राइल-हमास जंग को लेकर राशिदा तलैब लगातार अमेरिकी सरकार से उलट दावे करती रही हैं। गाजा के अस्पताल पर हमले के ठीक बाद उन्होंने बिना तथ्यों की पुष्टि किए इसके आरोप इस्राइल पर लगा दिए थे, जबकि इस्राइल ने साफ किया था कि यह हमले फलस्तीनी संगठन फलस्तीन इस्लामिक जिहाद की तरफ से किए गए। खुद अमेरिकी सरकार, अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद ने भी अब तक के विश्लेषण में गाजा के अस्पताल में हमले के पीछे इस्राइल का हाथ नहीं पाया है। काठमांडू की सड़कों पर सार्वजनिक यातायात की सुविधा भी नहीं रहती है। सप्तमी से पूर्णिमा तक काठमांडू में कर्फ्यू जैसा माहौल रहता है।

पीएम गतिशक्ति मंच से केंद्र के 39 मंत्रालय, 36 राज्य और संघ शासित प्रदेश जुड़े

नई दिल्ली। केंद्र सरकार के 39 मंत्रालय और सभी 36 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश पीएम गतिशक्ति मंच से जुड़ गए हैं। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने गुरुवार को जारी बयान में कहा कि 13 अक्टूबर, 2021 को पीएम गतिशक्ति की शुरूआत के बाद से भारत सरकार के 39 मंत्रालय और सभी 36 राज्य/केंद्र शासित प्रदेश इस मंच से जुड़ गए हैं। मंत्रालय के मुताबिक पीएम गतिशक्ति की शुरूआत 13 अक्टूबर, 2021 को हुई थी। सरकार ने एकीकृत बुनियादी ढांचे के विकास के जरिए लॉजिस्टिक्स लागत को कम करने के लिए पीएम गतिशक्ति पहल शुरू की है। मंत्रालय ने बताया कि उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने 18 अक्टूबर को पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान पर क्षमता निर्माण के लिए डिजिटल लर्निंग संसाधनों के विकास पर एक कार्यशाला आयोजित की थी। इस कार्यशाला में वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने वित्त मंत्रालय के लिए विकसित पीएम गतिशक्ति में सीबीआईसी (केंद्रीय उत्पाद एवं सीमा शुल्क बोर्ड) की भूमिकाह्न पर एक प्रशिक्षण मॉड्यूल लॉन्च किया। इस मौके पर वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने जीवन जीने में आसानी और व्यापार करने में आसानी बढ़ाने के लिए साक्ष्य-आधारित निर्णय लेने में पीएम गतिशक्ति की भूमिका पर प्रकाश डाला।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
MINISTRY OF COMMERCE AND INDUSTRY
सत्यमेव जयते

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।